हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 11 खेल

**पेरिस ओलंपिक का हुआ भव्य आगाज, सिंधु-शरत ने की भारतीय दल की अगुवाई**



Page 10 देश

**नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री ने हिमालयी राज्यों के लिए विशिष्ट नीतियां बनाने का...**

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, भरणी, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • रविवार • 28 जुलाई 2024 • वर्ष 26 • अंक 228 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹63,250 | ₹84,500 |



## आज का इतिहास

- 1858 : भारतीय प्रशासनिक सेवा के सर विलियम जेम्स हर्शल द्वारा इजाद किये गये पहचान के तौर पर अंगूठे के निशान का पहली बार प्रयोग।
- 1979 : चौधरी चरण सिंह भारत के 5वें प्रधानमंत्री बने।

## न्यूज बाइट्स

### सड़क हादसे में एक ही परिवार के आठ लोगों की हुई मौत

**अनंतनाग(जम्मू-कश्मीर)(ए.)।** अनंतनाग। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के डकसुम में एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। सभी लोग किश्तवाड़ के निवासी थे। जानकारी के अनुसार परिवार किश्तवाड़ से सिंथन टॉप होते हुए मारवाह की ओर जा रहा था। तभी वे इस हादसे का शिकार हो गए। हादसे में शामिल इम्तियाज, पेशे से पुलिसकर्मी थे। इसके साथ ही कार में पांच बच्चे और दो महिलाएं शामिल थीं। इन सभी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में शामिल पति-पत्नी की पहचान इम्तियाज और उनकी बेगम अफरोजा के रूप में हुई है।

### नीति आयोग की बैठक से विरोध स्वरूप बाहर निकलीं ममता

**नई दिल्ली (ए.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को राजधानी में नीति आयोग की बैठक में शामिल हुईं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बैठक बीच में ही छोड़कर बाहर निकल गईं। सुश्री बनर्जी ने बाहर आकर मीडियाकर्मियों से कहा उन्होंने कार्यवाही के संचालन को लेकर अपना विरोध जताते हुए बैठक से निकली से। बैठक का विपक्षी इंडिया समूह के घोषित बायकाट के बावजूद इसमें शामिल होने दिल्ली आयीं मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा कि बैठक में उन्हें बोलने का पूरा मौका नहीं दिया गया।

### कुपवाड़ा में एनकाउंटर, एक जवान शहीद

**कुपवाड़ा(जम्मू -कश्मीर)(ए.)।** पाकिस्तानी सेना घुसपैठ करा रही थी जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में शनिवार सुबह एनकाउंटर में एक जवान शहीद हो गया, जबकि मेजर समेत 4 जवान घायल हैं। मुठभेड़ माछिल सेक्टर के पास जंगल एरिया में हुई। इसमें एक पाकिस्तानी आतंकी के मारे जाने की खबर है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने रक्षा विभाग के सूत्रों के हवाले से बताया- पाकिस्तानी बॉर्डर एक्शन टीम (बीएटी) आतंकियों की घुसपैठ करा रहा था। बीएटी के साथ एसएसजी कमांडो और पाकिस्तानी सेना के सैनिक आतंकवादी संगठनों के साथ आतंकियों को कश्मीर भेज रहे थे।

### मनु भाकर ने रचा इतिहास, 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में बनाई जगह

**नई दिल्ली (ए।)।** मनु भाकर ने इतिहास रचते हुए 10 मीटर महिला एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई हैं। भाकर पहली बार ओलंपिक के फाइनल में पहुंची हैं। शनिवार को क्वालीफाइंग इवेंट में 580-27x के प्रभावशाली कुल स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहने के बाद शीर्ष भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में जगह पक्की कर ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीति आयोग की 9वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में कहा

# केंद्र और राज्यों के प्रयासों से 2047 में विकसित भारत का सपना होगा साकार

- बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दशक तकनीक और भू-राजनीतिक बदलाव का है। भारत को इस मौके का पूरा फायदा उठाना चाहिए



**30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य**

गवर्निंग काउंसिल की बैठक में विकसित भारत@ 2047 पर विजन डॉक्यूमेंट पर भी चर्चा हुई। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में राज्यों की भूमिका पर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बता दें कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है और इसका लक्ष्य 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है।

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निवेश आकर्षित करने के लिए नीति आयोग को 'निवेश-अनुकूल चार्टर' तैयार करने का निर्देश देते हुए शनिवार को कहा कि विकसित भारत का सपना विकसित राज्यों के माध्यम से साकार किया जा सकता है। श्री मोदी ने आज यहां नीति आयोग की नौवीं संचालन परिषद की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक राज्य और जिले को वर्ष 2047 के लिए एक दृष्टिकोण पत्र बनाना चाहिए ताकि विकसित भारत को साकार किया जा सके। उन्होंने युवाओं को रोजगार के लिए तैयार में उनके कौशल और प्रशिक्षण पर जोर दिया और कहा कि विकासशील भारत के लिए प्राथमिकता के रूप में शून्य गरीबी का लक्ष्य रखना चाहिए। बैठक में प्रधानमंत्री ने नीति आयोग को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सुझावों का अध्ययन करने का निर्देश भी दिया। श्री मोदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में 20 राज्यों के मुख्यमंत्रियों और छह केंद्र शासित प्रदेशों के उप राज्यपालों ने भाग लिया। श्री मोदी ने कहा कि भारत ने पिछले 10 वर्षों में स्थिर विकास हासिल किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था वर्ष 2024 तक के अंत तक पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। अब सरकार और सभी नागरिकों का सामूहिक लक्ष्य दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमारे देश ने सामाजिक और आर्थिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करके बहुत प्रगति की है। पहले मुख्य रूप से आयात-आधारित देश होने के बाद, भारत अब दुनिया को कई उत्पाद निर्यात करता है। देश ने रक्षा, अंतरिक्ष, स्टार्ट-अप और खेल जैसे व्यापक क्षेत्रों में विश्व मंच पर अपनी पहचान बनाई है।

उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन का दशक है जो विभिन्न क्षेत्रों में बहुत सारे अवसर लेकर आया है। उन्होंने राज्यों को इन अवसरों का लाभ उठाने और नीति निर्माण तथा क्रियान्वयन में नवीन दृष्टिकोण के माध्यम से विकास के लिए अनुकूल नीतियां बनाने तथा शासन कार्यक्रम शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया।

प्रधानमंत्री ने बैठक में भाग लेने तथा अपने विचार और अनुभव साझा करने के लिए सभी मुख्यमंत्रियों और उपराज्यपालों के प्रति आभार व्यक्त किया और विश्वास व्यक्त किया कि भारत सहकारी संघवाद की शक्ति के माध्यम से विकसित भारत वर्ष 2047 के सपने को पूरा करने की राह पर आगे बढ़ रहा है।

# केंद्रीय संचार ब्यूरो भागलपुर द्वारा तीन नए आपराधिक कानूनों पर परिचर्चा आयोजित

निज संवाददाता | भागलपुर



केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित तथा एक जुलाई 2024 से लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानूनों के बारे में जागरूकता के प्रचार- प्रसार के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भागलपुर इकाई द्वारा टीएनबी विधि महाविद्यालय भागलपुर में एक विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा का उद्घाटन टीएनबी विधि महाविद्यालय भागलपुर के प्राचार्य डॉ संजीव कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार ने विषय प्रवेश करते हुए कहा कि इन नए कानूनों के माध्यम से भारत सरकार द्वारा न्याय व्यवस्था को और अधिक गतिशील बनाया जा रहा है।

इस अवसर पर उपस्थित छात्रों और शोधार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि प्राचीन काल से ही भारत में न्याय व्यवस्था रही है जिसे ब्रिटिश काल में दंड संहिता का रूप देकर संहिताबद्ध किया गया था। अब सरकार द्वारा न्याय व्यवस्था को मानव केन्द्रित तथा न्याय केंद्रीय बनाने की दिशा में कदम उठाते हुए संशोधन किया गया है, जिसके फलस्वरूप भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम अस्तित्व में आया है। इन कानूनों द्वारा पुराने कानूनों का स्थान लिया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब कानून का लक्ष्य न्याय प्रदान करना है। परिचर्चा में वक्ता के रूप में भाग लेते हुए असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुनीता कुमारी ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रावधानों को विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि साक्ष्य के बिना न्याय प्रदान करना संभव नहीं है। ब्रिटिश काल में जेम्स स्टीफन द्वारा साक्ष्य अधिनियम को संहिताबद्ध किया गया था, जिसमें आज के समय की आवश्यकतानुसार संशोधन करते हुए भारतीय साक्ष्य अधिनियम का निर्माण किया गया है। उन्होंने उदाहरण देकर बताया कि तकनीकी युग होने के कारण इलेक्ट्रॉनिक व तकनीकी माध्यम के साक्ष्य भी अब मान्य होंगें।

वक्ता के रूप में उपस्थित असिस्टेंट प्रोफेसर बिन्नी कुमारी ने भी साक्ष्य अधिनियम के विभिन्न खंडों एवं उपखंडों पर प्रकाश डाला। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ बबिता कुमारी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रमुख अध्यायों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। वक्ता के रूप में उपस्थित असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अमित कुमार अकेला ने भारतीय दंड संहिता के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता के लागू किए जाने को न्याय प्रक्रिया का भारतीयकरण बताया। उन्होंने विस्तार से चर्चा करते हुए इसके माध्यम से लैंगिक भेदभाव को समाप्त करने की बात की। पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता एवं विधि शोधार्थी प्रवीण कुमार ने तीनों नए कानूनों की पृष्ठभूमि और निर्माण प्रक्रिया की चर्चा की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महविद्यालय के छात्र - छात्राएं, शोधार्थी, अधिकवक्ता एवं आम नागरिक भी उपस्थित थे।

# बिहार को मिले 27 नए थाने

निज संवाददाता | पटना

अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को बेहतर करने के लिए ओपी (आउटपोस्ट) को पुलिस थानों में अपग्रेड करने का सिलसिला जारी है। गृह विभाग ने हाल ही में ओपी से अपग्रेड हुए 27 नवसृजित थानों से जुड़ी अधिसूचना जारी की है। इन सभी थानों का क्षेत्राधिकार तय कर दिया गया है। जिन थानों का क्षेत्राधिकार तय किया गया है, उनमें बेगूसराय का रिफाईनरी थाना, छौड़ाही थाना, लाखो थाना, सिंघौल थाना, लोहियानगर थाना, रतनपुर थाना, एफसीआइ थाना, परिहारा थाना, चकिया थाना, गढ़हारा थाना और मंझौल थाना शामिल हैं। इसके अलावा मुजफ्फरपुर का जैतपुर थाना, बरियारपुर थाना, हत्था थाना, फकुली थाना, तुर्की थाना, पानापुर थाना, बेनीबाद थाना और सिकंदरपुर थाना का भी क्षेत्र तय किया गया है। वहीं, बक्सर का चक्की, नैनीजोर, रामदास राय का डेरा थाना, नया भोजपुर थाना, वासुदेवा थाना, कृष्णाब्रह्म थाना, तिलक राय का हाता थाना और सोनवर्षा थाने का भी क्षेत्र तय कर अधिसूचना जारी की गई है। गृह विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया है। पुलिस मुख्यालय के अनुसार, थानों में अपग्रेड किए गए ओपी पहले किसी थाने से जुड़े थे और उसके अंतर्गत ही काम करते थे। यहां पुलिस पदाधिकारी और सिपाही तो होते थे मगर प्राथमिकी दर्ज नहीं हो पाती थी। थानों में अपग्रेड होने के बाद यहां प्राथमिकी तो दर्ज होगी ही, पुलिसकर्मियों की संख्या और संसाधन भी बढ़ेंगे। डायल-112 सेवा को भी इन थानों से टैग किया जाएगा। मालूम हो कि राज्य में हाल ही में 176 ओपी को थानों में अपग्रेड करने का निर्णय लिया गया है। इनके गठन के बाद राज्य में थानों की कुल संख्या 1242 हो गई है।

### मोदी ने सीआरपीएफ कर्मियों को स्थापना दिवस की दीं शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली (ए.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सभी कर्मियों को बल के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं और उनके राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण और दृढ़ सेवा भावना की सराहना की है। श्री मोदी ने शनिवार को डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक संदेश में कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर, सभी सीआरपीएफ इंडिया कर्मियों को मेरी शुभकामनाएं। राष्ट्र के प्रति उनका अटूट समर्पण और अथक सेवा वास्तव में सराहनीय है। वे हमेशा साहस और प्रतिबद्धता के उच्चतम मानकों के पक्षधर रहे हैं। हमारे राष्ट्र को सुरक्षित रखने में उनकी भूमिका भी सर्वोपरि है। इस बल की स्थापना आज के ही दिन 1939 में की गयी थी। बल का मुख्यालय नयी दिल्ली में है। इस बल में कर्मचारियों की संख्या तीन लाख से भी अधिक है।

# एनसीईआरटी की किताबें छापने वाले दो प्रेस सील

- दोनों ही प्रेस में जो किताबें छपाई हो रही थी, उसमें कहीं भी एनसीईआरटी का लोगों नहीं है। अधिकारियों को यह जानकारी होती है कि कौन सी किताबों की छपाई कहां होती है। शिकायत मिलने पर छापेमारी की गई है।



**एनसीईआरटी की किताब की ऐसे करें पहचान**

किताब के दाम का एनसीईआरटी की साइट पर मिलान करें, किताब के हर पर पन्ने पर एनसीईआरटी का लोगो होता है, हर किताब पर एनसीईआरटी का वाटर मार्क लगा होता है, किताबों के पन्ने की गुणवत्ता अच्छी होती है, छपाई में कहीं कोई मिसप्रिंट या इंक का बहाव नहीं होता है।

निज संवाददाता | पटना

पटना में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की किताबें छापने वाले दो प्रेस को शनिवार को सील कर दिया गया। कार्यालय अनुमंडल पदाधिकारी के आदेश से कार्य समाप्ति तक दण्डाधिकारी के रूप में नियुक्त अजीमाबाद अंचल के राजस्व पदाधिकारी राजीव रंजन के निर्देश पर बाइपास थाने के पुलिस ने कार्रवाई की। बाइपास थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले महिन्द्रा शोरूम के समीप और सोनालिका नगर में स्थित दोनों प्रेस अनाधिकृत रूप से एनसीईआरटी की किताबों की छपाई कर रहे थे। शिकायत मिलने पर एनसीईआरटी के मुख्य व्यापार महाप्रबंधक अमिताभ कुमार के नेतृत्व में कोलकाता से आए पदाधिकारी एनसीईआरटी के व्यापार प्रबंधक राजीव कुमार द्विवेदी और करण मुर्मू, विपणन कार्यकारी आर.एन त्रिपाठी ने बाइपास थाने की पुलिस के सहयोग से छापेमारी की। छापेमारी में बड़ी संख्या में दोनों ही प्रेस में एनसीईआरटी की छठी कक्षा की सोशल साइंस और 11वीं की भौतिकी, गणित, रसायन शास्त्र की किताबें छपती हुई पाई गई। इसके बाद दोनों ही प्रेस को सील कर दिया गया है। महिन्द्रा शोरूम के समीप स्थित प्रेस का संचालन कमलेश कुमार व सोनालिका नगर स्थित प्रेस का संचालन विजय नाम के व्यक्ति द्वारा किया जा रहा था।

### जिले के 10 प्रखंडों की 250 सक्षमा दीदियों को मिला प्रशिक्षण

**पटना (नि.सं.)।** जीविका जिला परियोजना समन्वयन इकाई पटना की ओर से जेंडर इंटीग्रेशन पर आधारित पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को समापन हुआ। इसमे दीदी अधिकार केंद्र के सफल संचालन के लिए दस प्रखंडों की 250 सक्षमा दीदियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसका आयोजन नोडल प्रखंड धनरुआ, नौबतपुर व बख्तियारपुर में किया गया। धनरूआ के समुदाय प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्र पर तीन प्रखंड संपतचक, धनरूआ और मसौढ़ी की सक्षमा दीदियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। बख्तियारपुर में बेलछी, खुसरूपुर, फतुहा और बख्तियारपुर की सक्षमा दीदियों ने प्रशिक्षण दिया गया। वहीं नौबतपुर में पालीगंज, दुल्हीन बाजार और नौबतपुर की सक्षमा दीदियों को प्रशिक्षित किया गया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में झूमे कांवरिया, नीतू नवगीत ने की भजनों की शानदार प्रस्तुति

**डिम डिम डमरू बजावेला हमार जोगिया...**

निज संवाददाता | पटना

कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार तथा भागलपुर जिला प्रशासन द्वारा धांधी बेलारी के पर्यटन विभाग द्वारा बनाए गए कांवरिया पर्यटक विश्राम स्थल पर आयोजित सांस्कृतिक समारोह में बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत ने भोलेनाथ के जीवन प्रसंगों से जुड़े अनेक लोकगीतों की शानदार प्रस्तुति करके भक्तों का मन मोह लिया। लोक गायिका नीतू ने कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की। भगवान गणेश को हर काम की शुरुआत में याद किया जाता है क्योंकि वह मंगलकारी देव हैं। नीतू नवगीत ने गाया-मंगल के दाता रउवा बिगड़ी बनाईं जी, गौरी के ललना हमरा अंगना में आईं जी। भगवान भोले शंकर की आराधना करते हुए नीतू नवगीत में अनेक मनमोहक गीतों की प्रस्तुति की । उन्होंने के चढ़ावे पान फूल, के बेला पतिया भोला के देखेला बेकल भइले जियरा,बाबा बैजनाथ हम आयल छी भिखरिया आहां के दुअरिया ना, मोर भंगिया क मनाई दा ओ भैरोनाथ मोर जोगिया क मनाईं दे जैसे गीत गाकर भक्त जनों को झुमाया। बोल बम के नारा बा, बाबा एक सहारा बा गीत के दौरान कांवरिया भक्तों ने नीतू नवगीत के साथ सुर में सुर मिलाया। गौरा करी के सिंगार अंगना में पिसेली हरदिया, डिम डिम डमरू बजावेला हमार जोगिया जैसे गीतों की प्रस्तुति के दौरान अनेक महिला कावरिया भी नीतू नवगीत के साथ-साथ गाने लगी। अरे रामा रिमझिम बरसे पनिया झूले राधा रनिया ए हरी, मांगीला हम वरदान हे गंगा मइया, छोटी सी मेरी पार्वती शंकर जी की पूजा करती थी, शिवशंकर चले कैलास बुंदिया पड़ने लगी,हम न कोहबर घर हमारा



डर लागइयै, हाथी न घोड़ा ना कोनो सवारी पैदल ही अइबो तोर दुआरी जैसे गीतों को भी भक्तों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के दौरान राजू कुमार सिंह और दिव्या श्री ने लोकगायिका नीतू कुमारी नवगीत के साथ संगत किया। वादक कलाकारों में अशोक कुमार बैंजो पर, प्रिंस कुमार पैड और छोटू कुमार ढोलक पर संगत दिया।

# आयरन की गोली खाकर 32 बच्चों की बिगड़ी तबीयत, रेफर

निज संवाददाता | पश्चिमी चंपारण

पश्चिमी चंपारण जिले के रामनगर प्रखंड के डैनमरवा पंचायत के मध्य विद्यालय मुंडेरा में शनिवार को मिड डे मील के बाद आयरन की गोली खाने से 60 में से 32 बच्चों को चक्कर आने और बेहोशी की शिकायत हुई। सभी को आनन-फानन में स्थानीय पीएचसी ले जाया गया। जिसमें से पांच की हालत बिगड़ने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। इस घटना से अभिभावकों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। इस दौरान मौके पर अफरा-तफरी मची रही। स्थानीय अस्पताल में जैसे ही बीमार बच्चे पहुंचने लगे, उनके माता-पिता रोते-बिलखते हुए अस्पताल पहुंचने लगे।

इस भीड़ के कारण डॉक्टरों को मरीजों का इलाज करने में दिक्कतें आने लगीं। वहीं भीषण गर्मी के कारण सभी पसीने से तरबतर हो गए, हालात बेकाबू होते देख पुलिस को भी अपने वाहन से बच्चों को मंगाना पड़ा। स्थिति गंभीर देखकर मौके पर एसडीपीओ नंदजी प्रसाद, थानाध्यक्ष ललन कुमार, अंचलाधिकारी वेद प्रकाश, प्रखंड विकास पदाधिकारी अजित कुमार लगातार गतिविधि पर नजर रखे रहे। बच्चों के बेहोश होने की हालत में स्थानीय पीएचसी में मौजूद अभिभावक

**क्या बोले पीएचसी प्रभारी**

इस संदर्भ में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. चंद्रभूषण प्रभारी ने बताया कि पीएचसी पहुंचे सभी बच्चों का इलाज किया गया है। इनमें से लगभग पांच बच्चों को निजी एंबुलेंस से सदर अस्पताल बेतिया रेफर किया गया है। शेष बच्चों की हालत काबू में है।

# मातृ वंदना से दो साल में 8.17 लाख माताओं को मिला लाभ

निज संवाददाता | पटना

मातृ वंदना योजना से पिछले दो सालों में आठ लाख 17 हजार माताओं को लाभ मिला है। जहां पहली संतान होने पर अब तक छह लाख 65 हजार माताओं को आर्थिक मदद दी गयी, वहीं दूसरी संतान बेटी होने पर अब तक एक लाख 52 हजार माताओं को इस योजना का लाभ मिला है। अधिक से अधिक महिलाओं को इस योजना का लाभ मिले, इसके लिए आईसीडीएस (समेकित बाल विकास योजना) ने आवेदन करना आसान कर दिया है। अब ऑनलाइन आवेदन लिया जा रहा है। इससे गर्भवती महिलाएं आसानी से आवेदन कर पाती हैं।

बता दें कि मातृ वंदना योजना में पहली बार वर्ष 2023 में कन्या शिशु योजना शुरू किया गया है। इस योजना के तहत अगर दूसरी संतान बेटी होती है तो संबंधित महिला को छह हजार रुपये दिये जाते हैं। वहीं पहली संतान (बेटा या बेटी) होने पर पांच हजार रुपये की राशि गर्भवती महिला को दी जाती है। चुकी पहले आवेदन करने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र में जाना होता था। अब इसमें बदलाव कर ऑनलाइन कर दिया गया है।




कारगिल विजय गाथा से बड़ी संख्या में छात्र हुए रूबरू

# दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का हुआ समापन

- समापन समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

निज संवाददाता | पटना



25वें कारगिल विजय दिवस-रजत जयंती' के अवसर पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सायंस कालेज, पटना में आयोजित दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का समापन शनिवार (27 जुलाई, 2024) को हुआ। समापन समारोह को संबोधित करते हुए सायंस कॉलेज पटना के प्राचार्य देवेंद्रनाथ ठाकुर ने कहा कि छात्रों को प्रदेशनी काफ़ी पसंद आयी और वे कारगिल विजय की जानकारी से लाभान्वित हुए।उन्होंने कहा कि इस तरह का आयोजन अकसर कॉलेज में होना चाहिए ताकि अपने देश के प्रति छात्रों और लोगों के बीच देश प्रेम का संदेश जाता रहे। पीआईबी-सीबीसी, पटना के उपनिदेशक संजय कुमार ने कहा कि दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी में कारगिल युद्ध और विजय गाथा से तस्वीरों के माध्यम से बड़ी संख्या में छात्र और लोग अवगत और लाभान्वित हुए।उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह का आयोजन कॉलेज में होता रहेगा।

समापन समारोह के दौरान विभित्र प्रकार के प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया गया। समापन समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन अमरेन्द्र मोहन ने किया। मौक़े पर जावेद ख़ान, सर्वजित, नवल झा, सुरेंद्र, एश्वर्य आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पेंटिंग, भाषण और प्रभातफेरी का किया आयोजन

**भागलपुर**। चार बिहार बटालियन के कमांडिंग अफसर कर्नल जीसी लोहानी के नेतृत्व में पेंटिंग प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता और रैली का आयोजन किया गया। रैली को बटालियन के एएसएम सूबेदार मेजर गुरमीत सिंह ने जिला स्कूल के प्रांगण से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो घंटाघर चौक खलीफा बाग चौक होते हुए जिला स्कूल के प्रांगण में आकर समाप्त हुई। इसके बाद पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिता कराई गई। इसमें शामिल कैडेट को कर्नल लोहानी ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर चार बिहार बटालियन के एनसीसी अफसर मो. शहजाद अंजुम, लवली सिंह, तुषार, रत्ना उपस्थित थे।

### ईपीएफओ समस्या के समाधान के लिए जमुई में शिविर

**भागलपुर**। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की ओर से शुक्रवार को नियोक्ताओं व अंशदाताओं की समस्या के समाधान के लिए जमुई में 29 जुलाई को निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम (शिविर) का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगा। शिविर सुबह 10 बजे से शुरू होगा। जिसमें ईपीएफओ के प्रतिष्ठानों के नियोक्ता व कर्मचारियों की समस्या का समाधान कराया जाएगा। भागलपुर के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त विक्की शरण ने बताया कि शिविर में आब्जर्वर के रूप में प्रधान कार्यालय से नियुक्त केंद्रीय आब्जर्वर राजेश पांडेय के साथ क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-2, जिला नोडल अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

### पीएमश्री के लिए शुरुआत में 1069 स्कूलों का चयन

**भागलपुर**। पीएम श्री योजना के लिए शुरुआती चरण में भागलपुर प्रमंडल के 1069 स्कूलों को बेंचमार्क के रूप में चुना गया है। भागलपुर में 703 और बांका के 366 स्कूल हैं। राज्य शिक्षा परियोजना परिषद ने इनकी सूची जारी की है। पोर्टल पर 31 जुलाई तक अंतिम आवेदन करना होगा। फिर जिले की टीम स्कूलों का भौतिक सत्यापन करेगी जिसका डाटा सात अगस्त तक मुख्यालय को भेजा जाएगा। राज्य स्तरीय टीम भी 8 से 12 अगस्त तक डाटा का सत्यापन करेगी।

### योग प्रतियोगिता टीम के सदस्यों को कुलपति ने दिया प्रमाण पत्र

**भागलपुर**। राजभवन में पूर्व में आयोजित अंतर विश्वविद्यालय योग प्रतियोगिता में शामिल होकर लौटी योग टीम को शुक्रवार को टीएमबीयू में सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को राजभवन से प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ था, जिसे कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने प्रदान किया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया था। कुलपति ने योग टीम को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने मेहनत और समर्पण से ने विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। राजभवन में उनके प्रदर्शन ने विवि की प्रतिष्ठा को और बढ़ाया है। टीम के मैनेजर डॉ. राहुल कुमार ने कहा कि यह हमारे लिए बड़ा सम्मान है। हम राजभवन में अपनी प्रस्तुति से बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

### सूत्र- हमले के प्रयास व एबीवीपी के साथ रजिस्ट्रार की मिलीभगत की पड़ताल चल रही

**भागलपुर**। टीएमबीयू में 21 जुलाई को सीनेट हॉल में गुरु-शिष्य परंपरा पर हो रहे कार्यक्रम में हंगामे और कुलपति पर हमले के प्रयास के लिए छात्र संगठन एबीवीपी पर आरोप लगने के बाद संगठन से रजिस्ट्रार की सांठगांठ की जांच शुरू कर दी गई है। कुलपति ने घटना की जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेटी बनाई है। हालांकि कुलपति ने गुरुवार को बनी कमेटी से एक ही दिन में रिपोर्ट मांगी थी। कमेटी ने शुक्रवार को बैठक कर पूरे मामले से जुड़े सबूत मांगे। सूत्रों ने बताया कि कमेटी कुलपति पर हमले के प्रयास की साजिश और एबीवीपी के साथ रजिस्ट्रार की मिलीभगत की पड़ताल भी कर रही है। जांच कमेटी में डीएसडब्ल्यू प्रो. बिजेन्द्र कुमार, प्रॉक्टर प्रो. अर्चना साह, बीएन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अशोक ठाकुर, सीसीडीसी डॉ. एसी घोष और सीनेट सदस्य मुजफ्फर अहमद शामिल हैं। कुलपति खास मानसिकता से काम कर रहे एबीवीपी के प्रदेश सह मंत्री हैप्पी आनंद, जिला संयोजक रोहित राज, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुणाल पांडेय और नगर मंत्री गौतम साहू ने कहा कि कुलपति किसी खास मानसिकता से काम कर रहे हैं। एबीवीपी छात्र नेताओं ने दावा किया कि कार्यकर्ता रोशन कुमार विवि के गेस्ट हाउस में रजिस्टर में आईडी प्रूफ अंकित कराकर जिस तारीख से जब तक वहां रुका उसका शुल्क दिया। जिस कार्यकर्ता की तस्वीर रजिस्ट्रार के साथ वायरल होने की बात कह रहे हैं वह फोटो आरएसएस के कार्यक्रम का है। कुणाल पांडेय ने कहा कि जिस वीडियो में जानलेवा हमले की बात हो रही, वह गलत है। मैंने आग्रह किया था कि आगे चलकर छात्रों की स्थिति देख लीजिए लेकिन कुलपति ने इसे हमले का प्रयास बता दिया।

### जिला फुटबॉल लीग का हुआ शुभारंभ



**मुंगेर**। रविंद्र प्रसाद सिंह जिला फुटबॉल लीग का उद्घाटन शुक्रवार को पोलो मैदान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने फीता काटकर एवं रविंद्र प्रसाद सिंह को पुष्पांजलि अर्पित कर किया। मैदान में राष्ट्रगान से पहले सभी दर्शकों एवं खिलाड़ियों ने 2 मिनट का मौन रखकर रविंद्र प्रसाद सिंह जी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने जिला फुटबाल संघ की प्रशंसा करते हुए इस तरह के बेहतरीन आयोजन के लिए खिलाड़ियों को भी उत्साहित किया। खास तौर पर जिला फुटबाल संघ के सचिव भवेश कुमार बंटी की जो फुटबॉल की प्रति पूरी तरह समर्पित है। उद्घाटन मुकाबला के पहले हाफ में दोनों ही टीमों को मौके मिले लेकिन गोल करने में दोनों असफल रहे। दूसरे हाफ में भारी बारिश के बावजूद भी इटहरी एवं शीतलपुर के बीच जोरदार संघर्ष रहा। खिलाड़ियों ने जोर आजमाइश किया लेकिन कोई गोल नहीं हुआ। जिसके कारण नतीजा गोल रहित बराबरी पर रहा। मैच के दौरान चार खिलाड़ी को पीला कार्ड भी मिला। शीतलपुर के तीन खिलाड़ी अभय राज, आनंद राज और अरबाज ईटहरी के शिवम कुमार को पीला कार्ड मिला। निर्णायक मंडली में मनीष कुमार, संतोष कुमार, सुधांशु कुमार एवं राहुल कुमार मौजूद थे। बतौर उद्घोषक की भूमिका आमिर ने निभायी। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार इटहरी के गोल कीपर गौरव भारद्वाज को मिला। मनोज कुमार अरुण, फकीरा यादव, राजेश कुमार पासवान, प्रवीण शंकर एवं भावेश कुमार बंटी मौजूद थे।

### शिक्षकों, छात्रों को तनाव दूर करने के उपाय बताए

**भागलपुर**। बीएन कॉलेज में आईक्यूएसी की ओर से कराई जा रही सेमिनार श्रृंखला के तहत शुक्रवार को इतिहास विभाग ने 21वीं सदी में गांधी जी की प्रासंगिकता विषय पर परिचर्चा कराई। शुरुआत प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्वलन कर की। परिचर्चा के समन्वयक डॉ. पिंकू कुमार ने विषय प्रवेश कराया। मुख्य वक्ता बीएन कॉलेज इतिहास विभाग के पूर्व हेड डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने गांधी जी की विचारधारा को आज के संदर्भ में कई मौकों पर प्रासंगिक बताया। इस मौके पर टीएनबी कॉलेज के इतिहास विभाग के डॉ. रविशंकर चौधरी, एसएम कॉलेज के डॉ. हिमांशु शेखर ने भी विचार रखे। डॉ. मोशर्रफ हुसैन और आशुतोष कुमार ने अतिथियों का परिचय कराया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पवन कुमार ने किया। साथ ही मनोविज्ञान विषय ने भी तनाव एवं उसका प्रबंधन विषय पर परिचर्चा कराई। मुख्य वक्ता पीजी मनोविज्ञान विभाग के हेड डॉ. निरंजन प्रसाद यादव ने छात्रों और शिक्षकों को आज की जीवन शैली में तनाव होने पर उससे बचने के उपाय बताए। मंच संचालन डॉ. फिरोज आलम ने किया।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने टेंट सिटी, कांवरिया पथ का किया निरीक्षण

निज संवाददाता। भागलपुर



**भागलपुर में जल्द होगा नए टेंट सिटी का निर्माण, DM नवल किशोर चौधरी भी रहे मौजूद**

कैसा है व्यवस्था। कभी पहले आए थे। आपलोग कुछ सुझाव देना चाहिएगा। ये सवाल भागलपुर के जिला पदाधिकारी डॉ० नवल किशोर चौधरी ने पूछे। हालांकि, कांवरियां श्रावणी माह में जिला प्रशासन की ओर से दी जा रही सुविधाओं से संतुष्ट दिखे। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला शुरू होते ही जिला प्रशासन कांवरियों की सुविधा के लिए तत्पर है। आज सावन के पांचवें दिन भागलपुर के प्रमंडलीय आयुक्त दिनेश कुमार धांधी बेलारी पहुंचे। जहां उन्होंने डीएम नवल किशोर चौधरी के साथ टेंट सिटी, कांवरिया विश्राम स्थल, स्वास्थ्य शिविर और कांवरिया पथ सहित अन्य सुविधाओ का निरीक्षण किया।

**पानी की व्यवस्था का निरीक्षण किया:** इस दौरान डीएम ने टेंट सिटी में ठहरे कांवरियों से प्रशासन की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं का फीडबैक लिया। वही प्रमंडलीय आयुक्त ने कच्ची कांवरिया पथ और धर्मशालाओं मैं सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं साथ ही कांवरिया मार्ग में नियमित पानी का छिड़काव करने के साथ-साथ श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी ना हो इसको लेकर भी प्रशासनिक टीम को सजग रहने का निर्देश दिया।प्रमंडलीय आयुक्त दिनेश कुमार सबसे पहले धांधी बेलारी में अवस्थित धर्मशाला पहुंचे। जहां उन्होंने कांवरिया के लिए पानी की व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसके बाद वे स्वास्थ्य शिविर पहुंचे। स्वास्थ्य शिविर में पर्याप्त दवाओं के साथ-साथ दो बेड की भी व्यवस्था रखने का निर्देश स्वास्थ्य कर्मियों को दिया। इस दौरान जिलाधिकारी डॉ० नवल किशोर चौधरी ने प्रमंडलीय आयुक्त को व्यवस्थाओं से जुड़ी सारी जानकारियां दी। प्रमंडलीय आयुक्त ने देवघर जाने वाले श्रद्धालुओं से टेंट सिटी रेन सेंटर और धर्मशालाओं के अंदर खाना नहीं पकाने की अपील की उन्होंने कहा कि कांवरिया खुली जगह पर अपना खाना बना सकते हैं जिस किसी तरह का कोई दुर्घटना होने का डर नहीं रहेगा। साथ ही कहा कि जल्द ही इस जगह पर एक नए टेंट सिटी का भी निर्माण कराया जाएगा।

# 51 फिट का कांवड़ बना आकर्षण का केंद्र



निज संवाददाता। मुंगेर

सुल्तानगंज से जल भर कर 105 किलो मीटर पैदल यात्रा कर लाखों श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ धाम हर रोज पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में कई अनोखे कांवड़ भी देखने को मिल रहे हैं। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले में असरगंज कच्ची कांवरिया पथ पर मध्य प्रदेश के कटनी से 100 लोगों का जत्था 51 फिट का कावड़ लेकर धाम पहुंच रहे हैं।

**51 फिट के कावड़ को बनाने में लगा 1 महीने का समय:** इसमें 12 ज्योतिर्लिंग की आकृति भी लगाई गई है। शिव भक्त कीर्तन करते हुए आगे बढ़ रहे है। टीम के सदस्यों की माने तो वह लोग लगातार 20वें साल इतने बड़े कांवर को लेकर सुल्तानगंज से बाबा धाम तक की यात्रा कर रहे है और बाबा बैद्यनाथ को जलाभिषेक करने के लिए निकले है। वहीं एक बम ने बताया कि 51 फिट के कावड़ को बनाने में 1 महीने का समय लगा है। इसमें 30 हजार रुपए खर्च हुए है। इसका वजन 70 किलो है। हम लोगों का 100 बम का जत्था है और 8 लोग लग के इसे एक बार में चलते है। 20 सालों से इसे लेकर जा रहे है। ग्रुप का नाम मां जलपा 64 योगिनी शिव शक्ति संघ है। कांवरिया संघ के शिबू, सोनू, कमलेश, सोनी, कुंदन, राजेंद्र गुप्ता, बीकू पांडे, विकास और सचिन ने बताया कि यह कांवड़ यात्रा पर्यावरण की रक्षा और शांति के लिए की जाती है।

# सुमेश हत्याकांड में तीन बदमाश गिरफ्तार



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के गोराडीह थाना क्षेत्र के में 15 जून को हुए सुमेश मंडल हत्याकांड मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है घटना में शामिल तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को सिटी एसपी राज ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि इस हत्याकांड में एक नामजद अभियुक्त था। और तीन अज्ञात अपराधी शामिल था। जिसमें नामजद अभियुक्त को गोराडीह पुलिस ने पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद गिरफ्तार अपराधी के निशानदेही पर गोराडीह थाना पुलिस और डीआईओ की टीम ने सत्तन यादव, विनोद दास और रंजीत वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों अपराधी ने अपना अपराध भी स्वीकार किया है आपको बता दे कि सत्तन यादव का आपराधिक इतिहास रहा है। फिलहाल मामले को लेकर पुलिस छानबीन कर रही है।

**लगातार जारी है छापेमारी अभियान:** वही,वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्र में अवैध शराब एवं मादक पदार्थ के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में औद्योगिक थाना क्षेत्र में दो चार पहिया वाहन से भारी मात्रा में विदेशी शराब को जप्त किया है । इसी को लेकर भागलपुर के सिटी एसपी राज ने प्रेस वार्ता में बताया कि औद्योगिक थाना क्षेत्र के थाना अध्यक्ष मुरलीधर शाह को गुप्त सूचना मिली कि झारखंड के रास्ते चार पहिया वाहन में भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर तस्कर जा रहा है। इसी क्रम में औद्योगिक थाना क्षेत्र की पुलिस टीम ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें एक चार पहिया वाहन से 139.5लिटर शराब जप्त किया। एवं वाहन चालक को भी गिरफ्तार किया है इसके बाद पुणं वाहन चेकिंग अभियान जारी रहा इसी क्रम में फिर एक चार पहिया वाहन से 109.5 लिटर शराब जप्त किया है। सिटी एसपी ने बताया कि आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# भागलपुर में मंदिर परिसर के बाहर मिला शव

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में शनिवार को शहर के बीचो-बीच घंटाघर बजरंगबली चौक के समीप अधेड़ का संदिग्ध परिस्थिति में शव मिला है। घटना जोकसर थाना क्षेत्र का है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि एक घंटा से अधेड़ मंदिर परिसर के पास अचेत स्थिति में पड़ा हुआ था, जिसके बाद दुकानदारों ने पिछले एक घंटे से देख रहे थे। जब उनके करीब पहुंचा तो उनकी सांसे थम चुकी। इधर, स्थानीय दुकानदारों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

**छानबीन में जुटी पुलिस:** स्थानीय लोगों की माने तो अधेड़ ठेला चलाता था। दोपहर के वक्त आए दिन यहां आकर आराम करता था। हालांकि शनिवार को विश्राम के दौरान अचानक उसकी मौत हो गई।

# मरीज के परिजन से पैसा वसूलने वाला ट्रॉलीमैन हटाया गया

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के मायागंज अस्पताल के गायनी वार्ड में भर्ती महिला मरीज के परिजन से बेड बदलने के बदले वसूली करने वाले ट्रॉलीमैन विकास कुमार को एजेंसी ने काम से हटा दिया है। एजेंसी संचालक नीरज कुमार ने वीडियो के आधार पर जब उससे पूछा तो कहा कि पुड़िया लिए थे, इस पर संचालक ने कहा कि कुछ भी मरीज या परिजन से लेना अवैध है। दूसरे स्टाफ को ड्यूटी दी गई। इधर, अधीक्षक डॉ. राकेश कुमार ने सभी 100 ट्रॉलीमैन को बुलाकर चेतावनी दी। आपलोगों को हटा देंगे तो एक साथ 100 परिवार पर रोजी-रोटी का संकट आ जाएगा, लेकिन हमारे पास विकल्प नहीं है। इसलिए अंतिम चेतावनी दे रहे हैं, हमारे पास एजेंसी व स्टाफ की कमी नहीं है।

**वीडियो के आधार पर कार्रवाई:** ट्रॉलीमैने ने एक मरीज के परिजन से 100 बेड बदलने के लिए लिया था। इसके बाद किसी अन्य युवक ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद अस्पताल प्रशासन ने संज्ञान लिया और अधीक्षक डॉक्टर राकेश कुमार ने मानसिक रोग विभाग के एचओडी डॉ. अशोक कुमार भगत की अध्यक्षता में चार डाक्टरों की कमेटी बनाई। कमेटी से तीन दिन के अंदर इस मामले में रिपोर्ट मांगी थी। लेकिन वीडियो के आधार पर पहले ही दिन अस्पताल अधीक्षक ने ट्रॉलीमैन को हटा दिया है। दूसरा ट्रॉलीमैन प्रतिनियुक्त किया है।


## जिला कृषि कार्यालय, चतरा

**वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024–25 में केन्द्र प्रायोजित NFSM Rice योजनान्तर्गत कृषि यंत्र वितरण हेतु सूचना**

किसान भाईयों, चतरा जिला में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024–25 में केन्द्र प्रायोजित NFSM Rice योजनान्तर्गत अनुदान पर निम्नलिखित कृषि यंत्र वितरण किया जाना है।

| क्रसं | कृषि यंत्र का नाम | अनुदान की राशि अधिकतम (रूपये में) | कृषि यंत्रों की संख्या (SC/ST हेतु) | कृषि यंत्रों की संख्या (सामान्य वर्ग हेतु) | कुल कृषि यंत्रों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Mannual sprayer/knap sack sprayer/foot operated sprayer | Rs.750/- or 50% for SC/ST/Small &Marginal farmer, Women /Rs.600/- or 40% for Gen | 1 | 1 | 2 |
| 2 | Power operated Sprayer (capacity 12-16 litres) | Rs.3800/or 50% for SC/ST/Small &Marginal farmer, Women/ Rs.3000/- or 40% for Gen | 1 | 1 | 2 |
| 3 | Tractor drawn implements (a) Rotavator (Above 35BHP-5 Feet) | Rs. 42000/-/or 50% for SC/ST/Small &Marginal farmer, Women / Rs.34000/-or 40% for Gen | 0 | 1 | 1 |
| 4 | Pipes for carrying water from source to the field | Rs. 50/Mtr.for HDPE Rs.35 forPVC Rs. 20/ HDPE laminated | | | |
| 5 | Pump Set | Rs. 10000 /each or 50% of the cost which ever is less | 2 | 3 | 5 |
| 6 | Mini Rice Mill | Rs. 40000/ Unit or 50% of cost whichever is less | 0 | 1 | 1 |
| 7 | Conoweeder | Rs.1200/- or 50% for SC/ST/Small &Marginal farmer, Women /Rs.1000/- or 40% for Gen | 1 | 1 | 2 |
| 8 | Power weeder | Rs.25000/- or 50% for SC/ST/Small &Marginal farmer, Women /Rs.20000/- or 40% for Gen | 1 | 1 | 2 |

कृषक अनुदानित दर पर कृषि यंत्र प्राप्त करने हेतु पहचान पत्र (यूनिक आईडी० कार्ड (आधार), पंचायत स्तरीय समिति के किसी सदस्य द्वारा निर्गत अनुसंशा पत्र) से अनुसंशित आवेदन एवं स्वयं की धारित भूमि से संबंधित मान्य दस्तावेज के साथ खाता संख्या (बैक का नाम IFSC कोड के साथ) अनिवार्य रूप से प्रखण्ड तकनीक प्रखण्ड को समर्पित करेंगे तथा कृषि यंत्र अनुदानित दर पर प्राप्त करें। आवेदन पत्र विज्ञापन प्रकाशित होने के 15 दिनों के अंदर प्रखण्ड मुख्यालय में जमा कर सकते हैं।

**"पहले आये पहले पाये के आधार पर वितरण किया जायेगा"**

**नोट–** विशेष जानकारी हेतु जिला स्तर पर जिला कृषि पदाधिकारी/परियोजना निदेशक तथा प्रखण्ड स्तर पर प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (बी0टी0एम0) से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

जिला कृषि पदाधिकारी, चतरा

PR 330954 Agriculture (24-25)_D



## जिला कृषि कार्यालय, चतरा

**वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024–25 में केन्द्र प्रायोजित NMEO-Oilseeds (पूर्ववर्ती NFSM-Oilseeds) योजनान्तर्गत कृषि यंत्र वितरण हेतु सूचना**

किसान भाईयों, चतरा जिला में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024–25 में केन्द्र प्रायोजित NMEO-Oilseeds (पूर्ववर्ती NFSM-Oilseeds) योजनान्तर्गत अनुदान पर निम्नलिखित कृषि यंत्र वितरण किया जाना है।

| क्रसं | कृषि यंत्र का नाम | अनुदान की राशि अधिकतम (रूपये में) | कृषि यंत्रों की संख्या (SC/ST हेतु) | कृषि यंत्रों की संख्या (सामान्य वर्ग हेतु) | कुल कृषि यंत्रों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Mannual sprayer/knap sack sprayer/foot operated sprayer | Rs.750/- or 50% for SC/ST/Small &Marginal farmer, Women /Rs.600/- or 40% for Gen | 2 | 1 | 3 |
| 2 | Power operated Sprayer (capacity 12-16 litres) | Rs.3800/or 50% for SC/ST/Small &Marginal farmer, Women/ Rs.3000/- or 40% for Gen | 18 | 8 | 26 |
| 3 | Cultivator | Rs.10000/-/or 50% for SC/ST/Small &Marginal farmer, Women / Rs.8000/-or 40% for Gen | 1 | 1 | 2 |
| 4 | Seed treating drum | Rs.10000-/or 50% for SC/ST/Small &Marginal farmer, Women / Rs.8000/-or 40% for Gen | 1 | 0 | 1 |
| 5 | Tractor drawn implements (a) Rotavator (Above 35BHP-5 Feet) | Rs. 42000/-/or 50% for SC/ST/Small &Marginal farmer, Women / Rs.34000/-or 40% for Gen | 9 | 4 | 13 |
| 6 | Sprinkler sets | The cost for sprinkler irrigation system for 1ha would be from Rs. 19542/- to Rs.21901/-per ha. depending on diameter of pipe used as per guideline under PMKSY | 0 | 1 | 1 |
| 7 | Pipes for carrying water from source to the field | Rs. 50/Mtr.for HDPE Rs.35 forPVC Rs. 20/ HDPE laminated | 0 | 1 | 1 |
| 8 | Pump Set | Rs. 10000 /each or 50% of the cost which ever is less | 12 | 13 | 25 |

कृषक अनुदानित दर पर कृषि यंत्र प्राप्त करने हेतु पहचान पत्र (यूनिक आईडी० कार्ड (आधार), पंचायत स्तरीय समिति के किसी सदस्य द्वारा निर्गत अनुसंशा पत्र) से अनुसंशित आवेदन एवं स्वयं की धारित भूमि से संबंधित मान्य दस्तावेज के साथ खाता संख्या (बैक का नाम IFSC कोड के साथ) अनिवार्य रूप से प्रखण्ड तकनीक प्रखण्ड को समर्पित करेंगे तथा कृषि यंत्र अनुदानित दर पर प्राप्त करें। आवेदन पत्र विज्ञापन प्रकाशित होने के 15 दिनों के अंदर प्रखण्ड मुख्यालय में जमा कर सकते हैं।

**"पहले आये पहले पाये के आधार पर वितरण किया जायेगा"**

**नोट–** विशेष जानकारी हेतु जिला स्तर पर जिला कृषि पदाधिकारी/परियोजना निदेशक तथा प्रखण्ड स्तर पर प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (बी0टी0एम0) से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

PR.NO.330952 Agriculture(24-25):D

जिला कृषि पदाधिकारी, चतरा



## आसनसोल–दानापुर–आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन

श्रावणी मेला के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, 03553/03554 **आसनसोल–दानापुर–आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन (साप्ताहिक)** निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन के दिन और गठन के अनुसार चलेगी:

| आसनसोल–दानापुर श्रावणी मेला स्पेशल (03553) दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | दानापुर–आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल (03554) आ. | प्र. | दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सोम | – | 19.45 | ↓ आसनसोल | 09.45 | – | मंगल |
| सोम | 21.16 | 21.21 | जसीडीह | 07.50 | 07.55 | मंगल |
| सोम | 22.50 | 22.52 | किऊल | 05.55 | 05.57 | मंगल |
| मंगल | 02.15 | – | दानापुर ↑ | – | 03.15 | मंगल |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग में चितरंजन, मधुपुर, झाझा, जमुई, लक्खीसराय, मनकठा, बड़हिया, हाथीदा, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, खुसरोपुर, फतुहा, पटना साहेब, राजेंद्र नगर और पटना स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवागमन के दिन: 03553 आसनसोल–दानापुर श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन** दिनांक 29.07.2024, 05, 12 और 19.08.2024 (सोमवार) को = 04 ट्रिप और 03554 **दानापुर–आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन** दिनांक 30.07.2024, 06, 13 और 20.08.2024 (मंगलवार) को = 04 ट्रिप। **गठन:** शयनयान श्रेणी – 8, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)–5 और एसएलआरडी–2 = 15 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# ठंडी वादियां दिलाएंगी गर्मी से राहत सीएम करेंगे जलप्रपात का उद्घाटन

निज संवाददाता



**नवादा**। बिहार का कश्मीर कहा जाने वाला ककोलत जलप्रपात जल्द ही पर्यटकों से गुलजार होने लगेगा। जलप्रपात के नव निर्माण का उद्घाटन 29 जुलाई को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां शुरू हो गई हैं पिछले तीन सालों से ककोलत जलप्रपात पर्यटकों के लिए बंद है। उद्घाटन के बाद इसे फिर से खोल दिया जाएगा। कोरोना काल से है बंदः- कोरोना काल से ही ककोलत जलप्रपात बंद था। उद्घाटन के बाद इसे पर्यटकों के लिए फिर से खोल दिया जाएगा। पिछले तीन-चार सालों में ककोलत जलप्रपात में काफी काम हुआ है। ककोलत बंद रहने के कारण पर्यटक झारखंड के पेट्रो जलप्रपात जाते थे, अब ककोलत चालू होने से पर्यटकों की भीड़ फिर से उमड़ने लगेगी। करोड़ों रुपए की लागत से ककोलत जलप्रपात को नया लुक दिया गया है।अब यह नए स्वरूप में दिखेगा। सुविधा होने से पर्यटक बेफिक्र होकर जलप्रपात का आनंद ले सकेंगे। इसके अलावा महिलाओं के लिए कपड़ा बदलने के लिए कमरा, शौचालय, नहाने के लिए पूल आदि की व्यवस्था होगी। पर्यटक प्रदूषण मुक्त वातावरण में मुख्य द्वार नेचर सफारी का आनंद ले सकेंगे। वर्ष 2019 में ककोलत में 2.27 करोड़ की लागत से 188 सीढ़ियों का निर्माण कराया गया था। इस बीच कोरोना काल में काम बंद होने और तकनीकी दिक्कतों के कारण यह प्रोजेक्ट लंबे समय तक अटका रहा। 2022 में फिर से काम शुरू हुआ। जिसे जल्द ही पूरा कर लिया गया। हालांकि निर्माण के बाद कई बार आई बाढ़ से निर्माण भी प्रभावित हुआ। सीढ़ियों के कुछ हिस्से भी क्षतिग्रस्त हो गए। ककोलत में प्रवेश के लिए 10 टिकट काउंटर बनाए गए हैं। प्रवेश शुल्क 10 रुपए निर्धारित किया गया है। दो पहिया वाहनों के लिए पार्किंग शुल्क 20 रुपए, तीन पहिया वाहनों के लिए 30 रुपए, चार पहिया वाहनों के लिए 50 रुपए तथा बसों व भारी वाहनों के लिए 100 रुपए निर्धारित किया गया है। पर्यटकों को लुभाएगी ककोलतः- उद्घाटन होने के बाद ककोलत में पर्यटकों की लंबी लाइन लगने की संभावना है। बोलबम से लौटने वाले कांवरियों का जत्था ककोलत जाने से अपने आप को नहीं रोक पायेंगे। नए लुक में ककोलत लोगों को आकर्षित करेगी। मुख्यमंत्री के आगमन को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 29 जुलाई को ककोलत आ रहे हैं। इसकी तैयारी में प्रशासन दिन-रात जुटा हुआ है। पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है। प्रशासन ककोलत जलप्रपात को अभेद्य किला बनाने में जुटा है।

## खाता खोलो अभियान में नवादा डाक मंडल ने पाया प्रथम स्थान



निज संवाददाता

**नवादा**। पोस्टमास्टर जनरल बिहार सर्किल अनिल कुमार, के द्वारा पुरे बिहार में खाता खोलने के लिए POSB का ड्राइव दिनांक 13/07/2024 से दिनांक 23/07/2024 तक चलाया गया, इस ड्राइव में नवादा डाक मंडल के समस्त अधिकारीयों एवं कर्मचारियों ने पूरी तन्मयता और लगन से कार्य किया। डाक महाध्यक्ष पूर्वी प्रक्षेत्र, मनोज कुमार, के निर्देशन में एवं डाक अधीक्षक नवादा कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में नवादा की पूरी टीम ने काफी मेहनत किया और इस POSB ड्राइव में पुरे बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त किया। POSB एवं बचत पत्र को मिला कर देखा जाए तो नवादा डाक मंडल इस ड्राइव में पुरे बिहार में दूसरा स्थान प्राप्त किया। अधिकारीयों ने कहा की इस अभियान को सफल बनाने में डाक मंडल के समस्त कर्मचारियों का अहम योगदान है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा की आगे भी मंडल द्वारा बेहतर प्रदर्शन किया जायेगा।

## जनता दरबार में 8 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)**। थाने में शनिवार को अंचलाधिकारी मो गुफरान मजहरी एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान 8 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि 3 मामलों में नोटिस किया गया। इस मौके पर अंचल नाजिर शिवशंकर कुमार एवं राजस्व कर्मचारी नंदन कुमार मौजूद रहे। अंचलाधिकारी ने बताया कि अंचल क्षेत्र से जमीन से संबंधित विवाद के 11 मामले जनता दरबार में पहूंचे थे। जिसमें 8 मामलों के दोनों पक्षों के लोगों की मौजूदगी के कारण ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। निष्पादित मामलों में करमा कला गांव निवासी अशोक साव का विवाद दिवाकर साव, करिगांव निवासी नथुनी राजवंशी का विवाद विपिन सिंह, अधबरवा गांव निवासी ललिता देवी का विवाद नरेश राजवंशी, दोपटा गांव निवासी उमेश प्रसाद यादव का विवाद सुबोध कुमार, हरैयाकोला गांव निवासी भरत सिंह का विवाद राजो यादव, रजौली निवासी प्रभा देवी का विवाद शंकर पाण्डेय, गैरिबा निवासी भुवनेश्वर प्रसाद का विवाद राहुल कुमार एवं धमौल गांव निवासी कुमार राम का विवाद महेंद्र राजवंशी से था। वहीं जनता दरबार में आये तीन मामलों में महसई मोहल्ला निवासी कलेश्वर माली का विवाद पिंकु देवी, अमावां पूर्वी निवासी भूषण प्रसाद का विवाद जगदीश यादव एवं चितरकोली गांव निवासी राजकुमार तुरिया का विवाद मोहन तुरिया से है। उक्त तीनों नए मामले में द्वितीय पक्ष के लोगों की उपस्थिति नहीं रहने के कारण द्वितीय पक्ष को नोटिस जारी किया गया है। उन्हें अगले शनिवार को लगने वाली जनता दरबार में हाजिर होने को कहा गया है। बताते चलें कि सरकारी निर्देशानुसार प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार लगा कर विवादित मामलों का निष्पादन अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष के द्वारा करना है। प्रत्येक शनिवार की तरह इस बार भी जनता दरबार लगाया गया। जिसमें रैयती भूमि से सम्बंधित विवादों को निराकरण किया गया। साथ ही आमलोगों से अपील किया गया कि वे जमीन से सम्बंधित विवाद को लेकर आपस मे झगड़ा न करें, बल्कि थाना परिसर में लगने वाले जनता दरबार में आएं।

## प्रसव में आप सभी भागीदारी सुनिश्चित करें : प्रभारी

**नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में शनिवार को एएनएम, आशा की बैठक की गई। अध्यक्षता प्रभारी डा. नवीन कुमार ने की। इस मौके पर उन्होंने कहा इस केंद्र में संस्थागत प्रसव कराने में आप सभी अपनी भागीदारी को अवश्य निभाये, प्रसव कार्य के लिए सीएचसी में पूर्ण व्यवस्था है। आप अपने पोषक क्षेत्र सभी लोगों को जागरूक करें। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने नियमित टीकाकरण, आरसीएच पंजी समेत अन्य कार्यक्रमों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा एएनएम अपने पोषक क्षेत्र में परिवार नियोजन को बढ़ावा दे, और इस कार्यक्रम के लिए लोगों को जागरूक भी करना है। कहा गया माह में कम से कम दो व्यक्तियों को परिवार नियोजन के लिए लक्ष्य दिया गया है, निर्धारित लक्ष्य को अवश्य पूरा करना है, गर्भावस्था में शिशुओं का उचित देखभाल करने का निर्देश दिया।

## 9वीं से लेकर 12वीं के छात्र-छात्राओं के बीच बांटा गया एफएलएन एवं एलइपी कीट

निज संवाददाता




**रजौली (नवादा)**। प्रखण्ड क्षेत्र के सिरोडावर पंचायत निवासी बलिया गांव स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में शनिवार को नवनियुक्त प्रभारी प्रधानध्यापक रंजीत कुमार के द्वारा नौंवी कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं के बीच एफएलएन एवं एलइपी कीट का वितरण किया गया। इस दौरान शिक्षक सुधीर दास, शनि कुमार, चंद्रभूषण कुमार, शिक्षिका रीना रंजन, स्वाति कुमारी व दीक्षा कुमारी के अलावे शिक्षक नेता अजित कुमार भी मौजूद रहे। प्रधानध्यापक ने बताया कि नौंवी एवं दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को दिए गए कीट में जिओमेट्रिकल इंस्ट्रूमेंट बॉक्स, नोट बुक, पेन एवं ऑक्सफ़ोर्ड का स्टूडेंट्स एटलस शामिल है। वहीं ग्यारहवीं एवं बारहवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को दिए गए कीट में नोटबुक, पेन, रीजनिंग की किताब एवं सामान्य ज्ञान की पुस्तक शामिल है। प्रधानध्यापक ने बताया कि बिहार के शिक्षा विभाग द्वारा उच्च विद्यालय में प्रवेश करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने को लेकर बच्चों के बीच एटलस, रीजनिंग एवं सामान्य ज्ञान आदि की किताबें दी जा रही है। इससे सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले हर बच्चों का बौद्धिक विकास होगा। कीट पाकर सभी छात्र-छात्राएं खुश दिखाई दी।नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा बेबी कुमारी ने बताई कि गांव की लड़कियों की शादी कम उम्र में कर दी जाती है एवं उसे पढ़कर आगे बढ़ने का मौका बहुत कम मिल पाता है। साथ ही कही कि सरकार द्वारा प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए दिए जा रहे कीट का सदुपयोग कर जल्द ही वे अपने पैरों पर खड़े होकर परिजनों को आर्थिक रूप से सहयोग करेगी। वहीं शिक्षक नेता अजित कुमार ने कहा कि प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच पुस्तकों का वितरण किया जाता है। इसी तर्ज पर नौवीं से लेकर बारहवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं के बीच भी पुस्तकों का वितरण किया जाना चाहिए। ताकि गरीब बच्चे पढ़ाई को लेकर और ज्यादा उत्साहित हो।

## गायत्री प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय में एफएलएन कीट का किया गया वितरण

निज संवाददाता




**कौआकोल (नवादा)**। प्रखण्ड के गायत्री प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय कौआकोल में शनिवार को नवमीं कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा तक में अध्ययनरत छात्राओं के बीच एफएलएन कीट का वितरण किया गया। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार ने बताया कि बिहार शिक्षा परियोजना के तहत सरकारी स्तर से विद्यार्थियों के बीच एफएलएन कीट वितरण हेतु विद्यालय को उपलब्ध कराया गया है। जिसका वितरण कार्य किया गया। उन्होंने बताया कि छात्राओं के बीच तर्क शास्त्र की पुस्तक,सामान्य ज्ञान, स्पोकेन, डिक्शनरी, कॉपी, कलम आदि सामाग्री दी गई। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में शिक्षण कार्य के अलावे हर तरह की सुविधाएं दी जा रही है। विद्यार्थी एफएलएन कीट पाकर काफी खुश और उत्साहित नजर आ रहे थे। मौके पर विद्यालय के सहायक शिक्षक नवल किशोर, राजू कुमार, पंकज कुमार, अंशु माला, मनोज पांडेय, सूरज, विनोद, गुड्डू उदय मौजूद थे।

## 35 हजार रुपये हुए राजस्व की वसूली

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)**। बिजली बिल सुधार व बिजली बिल जमा करने के लिए शिविर शनिवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन नारदीगंज स्थित पावरग्रिड परिसर में किया गया। बिजली विभाग के कनीय अभियंता नवीन कुमार सिंह, कार्यपालक सहायक नेहा कुमारी के देखरेख में शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों के पांच बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन जमा किये। वही 14 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल जमा किये। बिजली विभाग के कनीय अभियंता ने बताया आयोजित शिविर में पांच उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन जमा किये थे, जिसमे तीन उपभोक्ताओं का बिजली बिल सुधार किया गया।

## किसान संघर्ष समिति वारिसलीगंज के बैनर तले सीमेंट फैक्ट्री की जगह कृषि अधारित फैक्ट्री लगाने की मांग

निज संवाददाता



**नवादा**। जिले के एक मात्र औद्योगिक इकाई मोहनी सुगर मिल के 72 एकड़ भूमि में अडानी समूह के द्वारा सीमेंट फैक्ट्री की स्थापना के खिलाफ शनिवार को आहूत वारिसलीगंज बंद का मिला जुला असर देखा गया। सुबह से ही दुकानें आम तौर पर बंद रही। बंद शांतिपूर्ण आयोजित करने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। 12 स्थानों पर दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। हालांकि, बंद के दौरान किसी प्रकार की जोर-जबरदस्ती नहीं की गई। बंद के समर्थन में भी बहुत कम लोग सड़क पर उतरे। हालांकि, स्थानीय लोगों का समर्थन मिला और दुकानें बंद रखी गई। किसान संघर्ष समिति के बैनर तले बंद का आह्वान किया गया था। अध्यक्ष गणेश सिंह, महासचिव राम पदारथ सिंह, सचिव द्रोण प्रसाद रंजीत सिंह, अनिल यादव, राकेश कुमार, नगर परिषद वार्ड सदस्य श्वेतान्क कुमार किसान संघर्ष समिति के नेतृत्व में दर्जन भर लोग बाजार का भ्रमण कर बंद को सहयोग व समर्थन देने की अपील की गई। पटेल चौक, गुमटी रोड, जय प्रकाश चौक, अंदर बाजार के प्रायः दुकानदार स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान को बंद कर आहूत बंद का समर्थन करते देखे गए। वहीं सीमेंट फैक्ट्री की जगह कृषि अधारित फैक्ट्री लगाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर सीपीआई के कार्यकर्ताओं ने वारिसलीगंज प्रखंड कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। बता दें कि वारिसलीगंज की बंद चीनी मिल की भूमि को पहले वियाडा को सौंपी गई थी। वियाडा द्वारा भूमि अडानी समूह को सीमेंट फैक्ट्री लगाने के लिए आवंटित कर दिया गया है। अडानी समूह यहां अंबुजा सीमेंट का प्लांट लगाया जा रहा है। करीब 1400 करोड़ रुपये अडानी समूह द्वारा यहां इन्वेस्ट करने की बात कहीं जा रही है। 29 जुलाई को शिलान्यास होना है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार यहां पहुंचने वाले हैं। इसकी तैयारियां जोर-शोर से हो रही है। लेकिन, स्थानीय लोगों में से एक बड़े समूह को सीमेंट फैक्ट्री की स्थापना रास नहीं आ रही है। विरोध की दो वजहें प्रमुखता से गिनाई जा रही है। पहली ये कि विरोध कर रहे लोगों का मानना है कि वारिसलीगंज का इलाका कृषि प्रधान है। चीनी मिल की भूमि पर चीनी मिल की ही स्थापना होनी चाहिए थी। चीनी मिल की स्थापना संभव नहीं हो रही थी तो कृषि आधारित उद्योग लगाया जाना चाहिए था। इससे स्थानीय किसानों को लाभ होता। विरोध की दूसरी वजह स्वास्थ्य समस्या बताया जा रहा है। लोगों का मानना है कि सीमेंट प्लांट से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। वैसे, विरोध करने वालों से इतर कुछ अलग राय रखने वाले लोगों का कहना है कि सीमेंट प्लांट से रोजगार सृजन होगा। इलाके की अर्थव्यस्था सुधरेगी। हालांकि, विरोध व बाजार बंद का कितना असर राज्य सरकार और अडानी समूह पर पड़ता है, आने वाले दिनों में साफ होगा। फिलहाल, तो शिलान्यास की तैयारियां की जा रही है। जो जानकारी छनकर सामने आ रही है उसमें बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे साथ ही अडानी समूह के चीफ गौतम अडानी भी आ रहे हैं। वियाडा परिसर में दो हेलीपैड का निर्माण कराया जा रहा है। एक हेलीपैड पर सीएम नीतीश कुमार और दूसरे पर गौतम अडानी का हेलीकॉप्टर लैंड करेगा। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर फैक्ट्री प्रबंधन दिन रात एक कर तैयारियों में जुटे रहे हैं। बड़ा सा भव्य पंडाल बनाया जा रहा है। सीमए की की सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो इसके लिए मगध प्रक्षेत्र के आइजी क्षत्रनील सिंह, डीएम आशुतोष कुमार वर्मा तथा एसपी अम्बरीष राहुल सहित जिले के अन्य पदाधिकारी शुक्रवार की शाम कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर चुके हैं। पटना से लेकर जिले के पदाधिकारियों का आने का सिलसिला जारी है। इसी दौरान सीमेंट फैक्ट्री लगाने के विरोध में वारिसरीगंज बंद कराया गया, जो उत्साह को फीका कर गया।

## नौ महिलाओं को हुआ बंध्याकरण

**नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में परिवार कल्याण पखवाड़े के तहत शनिवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नवीन कुमार ने महिलाओं को बंध्याकरण की। इस दौरान उन्होंने प्रखंड के विभिन्न गांवों के नौ महिलाओं को बंध्याकरण किया गया। कार्यक्रम में लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार व आशुतोष कुमार ने परिवार नियोजन में आये महिला को खून जांच, मूत्र जांच, रक्त चाप व अन्य जांच किया। मौके पर एएनएम किरण कुमारी, ममता कुमारी, फार्मासिस्ट मिथिलेश कुमार, परिचारी आशिक आलम समेत अन्य रहे।

## करना है प्रेरणा का प्रसार, 2047 तक विकसित भारत में विकसित बिहार : आईपीएस विकास वैभव

निज संवाददाता

**नवादा**। जिला सर्किट हाउस में लेट्स इंस्पायर बिहार के संरक्षक लोकप्रिय आईपीएस विकास वैभव की उपस्थिति में समन्वयकों की बैठक आयोजित की गई। एलआईबी नवादा के मुख्य समन्वयक विश्वजीत कुमार की देख रेख में बैठक का आयोजन हुआ। आयोजीत बैठक में लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान को सशक्त बनाने के विषय पर चर्चा हुई। लोगों को संबोधित करते हुए आईपीएस विकास वैभव ने कहा कि विकसित भारत में विकसित बिहार की कल्पना करते हैं तो अभियान से जुड़ कर जिम्मेदारी पूर्वक इसका प्रचार प्रसार करें और ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस अभियान से जोड़ने का कार्य करें। बैठक में सेवानिवृत्त प्राधानाध्यापक सुरेश प्रसाद ने अभियान के जिम्मेदारियों को विस्तार पूर्वक बताया। जिसके बाद बैठक में उपस्थित जिले के सभी 14 प्रखंडों से लोगों को एलआईबी टीम से जोड़ा गया। उपस्थित लोगों ने स्वेक्षा से अपने दायित्वों को ग्रहण करते हुए अभियान को मजबूती प्रदान करने की बात कही। गार्गी अध्याय की हुई शुरुआत किरण राजवंशी को मिला प्रभार एलआईबी के बैठक में जिले में गार्गी अध्याय की शुरुआत करने का निर्णय लिया गया। जिसका दायित्व जिले की समाजसेविका किरण राजवंशी को दी गई। किरण राजवंशी जिले में मशरूम उत्पादन करने के साथ ही महिलाओं को सशक्त और सार्मथ्य बनाने का कार्य सामाजिक रूप से करती हैं। गार्गी अध्याय में समाज की उन बच्चियों को शिक्षा देने का कार्य किया जाएगा जो शिक्षा और संसाधनों से वंचित हैं। कई अन्य समन्वयकों ने लिया दायित्व काशीचक के सदानन्द कुमार ने सहर्ष उद्यमिता समन्वयक का दायित्व ग्रहण किया। इन्होंने लेट्स इंस्पायर बिहार के तहत जिले में उद्यमिता और व्यवसाय के क्षेत्र में अपना योगदान देकर अभियान को मजबूती प्रदान करने की बात कही। इसके साथ ही जिले में शिक्षा अध्याय समन्वयक का दायित्व डॉ रविशंकर सिंह ने लिया और इस क्षेत्र में अपना योगदान देने की बातें कही।

## नारायण मेडिकल कॉलेज में संवेदीकरण कार्यशाला का समापन

- **स्नातकोत्तर छात्र शिक्षण हेतु स्किल डेवलपमेंट के भी गुरु सीखे ताकि शिक्षा पूर्ण होने के बाद वे मेडिकल कॉलेज में सीनियर रेजिडेंट के रूप में एमबीबीएस छात्रों को प्रशिक्षित कर सकें।**

निज संवाददाता



**जमुहार (रोहतास)**। नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के मेडिकल एजुकेशन यूनिट के तत्वावधान में तीन दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आज समापन हो गया ।तीन दिनों तक चलने वाले इस कार्यशाला में कुल 230 स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा के छात्रों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के संयोजक एवं एन एम सी एच के चिकित्सा अधीक्षक डॉ पुनीत कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्यशाला में छात्रों ने लॉग बुक संधारण एवं अपने विषय संबंधी जानकारी को अन्य विभागों के साथ सामंजन की प्रक्रिया से अवगत होने संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि स्नातकोत्तर छात्र शिक्षण हेतु स्किल डेवलपमेंट के भी गुरु सीखे ताकि शिक्षा पूर्ण होने के बाद वे मेडिकल कॉलेज में सीनियर रेजिडेंट के रूप में एमबीबीएस छात्रों को प्रशिक्षित कर सकें। उन्होंने बताया कि चिकित्सा के क्षेत्र में एथिकल ज्ञान एवं शोध तथा अच्छी पढ़ाई करने का अभ्यास भी इस कार्यशाला के दौरान उन्हें प्राप्त हुआ। संस्थान द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन दिवसीय कार्यशाला में फिजियोलॉजी के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर अशोक कुमार देव, नेत्र रोग विभाग के सह प्राध्यापक डा. अमरेश कुमार, कम्युनिटी मेडिसिन के सह प्राध्यापक डॉ राहुल चंद्र, एनाटॉमी के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर शंभू प्रसाद एवं नारायण मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर हीरालाल महतो ने स्नातकोत्तर छात्रों का मार्गदर्शन किया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक कुल सचिव अजय कुमार सिंह, मेडिकल एजुकेशन यूनिट के कार्यक्रम प्रभारी मनीष कुमार, कार्यलय अधीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, नारायण मेडिकल कॉलेज के अमित कुमार, प्रवीण कुमार, पुश्कल कुमर, रविंद्र कुमार आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

HOMI BHABHA CENTRE FOR SCIENCE EDUCATION
TATA INSTITUTE OF FUNDAMENTAL RESEARCH

National Olympiad Programme **2024-2025**
in Astronomy, Biology, Chemistry, Physics,
Junior Science and Mathematics

All students wishing to participate in the programme must appear in corresponding **National Standard Examinations (NSEs)** (for science subjects) on **November 23 and 24, 2024** and in **Indian Olympiad Qualifier in Mathematics (IOQM)** (for Mathematics) on **September 8, 2024.**

Qualification in NSE/IOQM is the first step towards participation in the corresponding **International Olympiads of 2025.**

To enroll:
**NSES:** https://www.iapt.org.in **(Aug 21 - Sep 14, 2024)**
**IOQM:** https://www.mtai.org.in **(July 17 - Aug 12, 2024)**
For more details: https://olympiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in https://www.mtai.org.in

CBC-**48143/12/0003/2425**

**पूर्व मध्य रेल**

**ऑन लाईन ई–निविदा (खुली) निविदा आमंत्रण सूचना संख्या: ईएल/50/ डीएनआर/खुली/14/2024–25**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से दानापुर मंडल में उन संवेदकों से जिनके पास वैध विद्युत लाईसेंस जो राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्तों को पूरा करते हों उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु **ऑन लाईन ई–निविदा** (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्या : ईएल/50/दानापुर /खुली/ 14/2024–25 (1) कार्य का नाम** : पीएनबीई और आरजेपीबी के यात्री क्षेत्रों में एलईडी साइनेज बोर्ड का प्रावधान। **(2) अनुमानित लागत :** रू० 1,08,94,848/– **(3) अग्रधन राशि :** रू० 2,04,500/– **(4) निविदा जमा करने की तिथि एवं समय : 16.08.2024** को **12.00** बजे तक निर्धारित है। **(5) उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड और कार्यालय** : क्रिस वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/ सा० / का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर। **नोट:** (1) विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। (2) यदि जरूरी हो तो शुद्धि–पत्र उपरोक्त वेबसाईट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा०)/ दानापुर**

पीआर/0769/डीएनआर/ईजीईएन/टी/24–25/44

## संक्षिप्त समाचार

### चोरी के अलग-अलग आरोप में सात लोगों को भेजा जेल

**गड़हनी**। स्थानीय गड़हनी थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से पुलिस ने चोरी के आरोप में सात लोगों को पकड़ कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पकड़े गए अभियुक्त अलग-अलग कांड के आरोपी हैं। तीन अभियुक्त पहरपुर गांव के खेत से पम्पसेट व मोटर चोरी में पकड़े गए हैं। जिसमें गुलशन कुमार, दीपक पासवान व छठु चौधरी अगिआंव निवासी हैं। चोरी की गई पम्पसेट और मोटर बरामद करते हुए तीनों को जेल भेज दिया गया। दूसरी तरफ पुलिस ने अगिआंव प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर से सबमर्सिबल चोरी करने के आरोप में चार अभियुक्तों को पकड़ा। जिसमें अगिआंव के वकील महतो उर्फ धनंजय कुमार व लल्लू शामिल हैं। मिस्त्री चुनमुन कुमार को चोरी के आरोपियों से सबमर्सिबल खरीदने के आरोप और उदवंतनगर थाना क्षेत्र के भेलाई गांव निवासी कामेंद्र सिंह को बेचने का आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस निरीक्षक सह गड़हनी थानाध्यक्ष रणवीर कुमार ने बताया कि सातों अभियुक्त का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा हैं।

### बियर व बाइक जब्त, धंधेबाज फरार

**कोईलवर**। स्थानीय कोईलवर थाना क्षेत्र के देवरिया गांव के समीप से एएलटीएफ प्रभारी भोला प्रसाद सिंह ने अपने टीम के साथ गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 72 पीस यानी 36 लीटर बियर के साथ एक बाइक को जब्त किया है। इस दौरान पुलिस को चकमा देकर कारोबारी फरार हो गया। सभी बियर किंगफिशर ब्रांड का है। इस बाबत एएलटीएफ प्रभारी भोला प्रसाद सिंह ने बताया कि कारोबारी बाइक से बीयर लेकर जा रहा था। पुलिस की गाड़ी देखकर बाइक पर लदे बियर को छोड़कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

### घर के बाहर खड़ी राजस्वकर्मी की स्कॉर्पियो हो गई चोरी

**कोईलवर**। स्थानीय कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया गांव के एक घर के आगे से अज्ञात बदमाशों ने एक स्कॉर्पियो वाहन की चोरी कर ली और आराम से निकल गए। उक्त घटना शुक्रवार 26 जुलाई की अहले सुबह करीब 3 बजे की बतायी जा रही है। घटना की जानकारी वाहन मालिक को उस वक्त हुई, जब वह 26 जुलाई की अहले सुबह करीब 5 बजे सोकर उठने के बाद अपने घर से बाहर निकले। जिसके बाद पीड़ित वाहन मालिक ने इसकी सुचना कोईलवर पुलिस को दिया। इसके बाद कोईलवर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पीड़ित व्यक्ति से पूछताछ के साथ ही गाड़ी की बरामदगी के लिए छापामारी करने में जुटी हुई है। पीड़ित वाहन मालिक थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया निवासी हरेन्द्र प्रताप सिंह हैं। वे कोईलवर अंचल कार्यालय में राजस्व कर्मचारी के पद पर कार्यरत हैं। घटना से संबंधित कोइलवर थाना को उपलब्ध कराते हुए गाड़ी मालिक ने बताया कि मेरा पुत्र अपने दोस्तों के साथ रोहतास जिला के तिलौथू अवस्थित तुतला भवान मंदिर से 25 जुलाई को घूमकर रात्रि 11 बजे स्कॉर्पियो को दरवाजे पर लगाकर घर के अन्दर सो गया। सुबह करीब 5 बजे जब अपने घर से बाहर निकलने पर स्कॉर्पियो अपने जगह से गायब पाया।

### रोको टोको अभियान में 14 अभियुक्त गिरफ्तार

**बक्सर**। अपराध नियंत्रण को लेकर जिले के विभिन्न थानों के पुलिस के द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बक्सर पुलिस ने पिछले 24 घंटे में छापेमारी कर 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार वारंट में 3, पॉक्सो एक्ट में 1, एससी एसटी एक्ट में 1, शराब के सेवन में 7, शराब बरामदगी में 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वहीं वाहन चेकिंग अभियान में 1 लाख 24 हजार वसूला गया।

### 22 दिनों में निजी कंपनियों के 2283 सिम बीएसएनएल में पोर्ट, 10228 नये उपभोक्ता

**आरा**। निजी दूरसंचार कंपनियों का मोबाइल फोन टैरिफ प्लान महंगा होने के बाद भोजपुर और बक्सर जिलों में बीएसएनएल के प्रति के पहले के तुलना में 9 % अधिक रुझान बढ़ा है। पिछले 22 दिनों में अन्य दूरसंचार कंपनियों के 2283 सिम बीएसएनएल में पोर्ट हुए, 10228 नये उपभोक्ता जुड़े। बीएसएनएल के आरा प्रचालन क्षेत्र (भोजपुर-बक्सर) प्रमुख रतीश कुमार ने यह जानकारी दिया है। उन्होंने आगे बताया कि निजी कंपनियों का मोबाइल टैरिफ़ बीएसएनएल से 45 फीसदी तक महंगा हुआ है। तीन जुलाई को निजी कंपनियों का मोबाइल टैरिफ़ महंगा होने के बाद से उपभोक्ताओं की पहली पसंद भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) हो गई है और उनका रुझान बढ़ है। तीन जुलाई के पहले भोजपुर एवं बक्सर जिला में 60 से 70 बीएसएनएल का नया कनेक्शन प्रतिदिन दिया जाता था। जिसमें अब 9 गुना वृद्धि हो गई है। भोजपुरी और बक्सर जिलों में लग रहे 4G बीटीएस परिचालन क्षेत्र प्रमुख के अनुसार आत्मनिर्भर भारत के तहत स्वदेशी तकनीक से निर्मित 4 जी मोबाइल बीटीएस भोजपुर और बक्सर जिला में लगना शुरू हो गया है। जिसमे इंटरनेट स्पीड काफी अच्छी मिल रही है। मोबाइल नेटवर्क सुदृढ़ हो रहा है। इस कारण बीएसएनएल उपभोक्ताओं को पहले से अधिक अब बेहतर सेवा मिलेगी।



### शहीद स्मारक पार्क में मना करगिल विजय दिवस



**बक्सर**। रोटरी क्लब द्वारा शुक्रवार सुबह कवलदह पोखरा स्थित शहीद स्मारक स्थल पर करगिल विजय दिवस मनाया गया। करगिल युद्ध में शहीद जवानों को रोटरी अध्यक्ष मनीष कुमार पांडेय के नेतृत्व में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रोटरी सचिव मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि सेना के जवान हमें सुरक्षा देते हैं। जवान देश के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर देते हैं। जवानों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर कोषाध्यक्ष मंजेश केसरी, रीजनल डायरेक्टर दीपक अग्रवाल, आईपीपी राजेश केसरी, राजेश गोयल, निर्मल कुमार, मनोज सराफ, प्रभुनाथ, परशुराम वर्मा, सुनील कुमार, चंदन कुमार, गोपाल केसरी, अनिल केसरी, अनिल मानसिंहका, अनिल जायसवाल, अरुण सिंह, नरेश पोद्दार, एस एम साहिल समेत अन्य रोटरी सदस्य उपस्थित रहे और क।रगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

# काम पर गए राजमिस्त्री की संदिग्ध स्थिति में मौत

## ◆ कंधे और आंख के पास चोट के निशान, जख्मी हालत में सड़क किनारे छोड़ गया ठेकेदार





निज संवाददाता | आरा

भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मझुपुर गांव के मध्य विद्यालय स्थित सड़क किनारे संदिग्ध स्थिति में एक राजमिस्त्री की मौत हो गई। आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक के दाहिने कंधे व आंख के पास चोट के निशान भी पाए गए हैं। जानकारी के अनुसार मृतक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मझुपुर गांव निवासी स्व. राम आश्रय सिंह के 45 वर्षीय पुत्र आदित्य सिंह है। वह पेशे से मजदूर थे और राजमिस्त्री का काम करते थे।

**ग्रामीणों ने परिवार को सूचना दी:** मृतक के बेटे अमित कुमार ने बताया कि वह शुक्रवार की सुबह ठेकेदार के साथ काम करने के लिए आयर थाना क्षेत्र के इसाढी बाजार गए थे। जहां काम करने के दौरान उन पर दरवाजा गिर गया था। ठेकेदार गांव लेकर आया था। गांव में स्थित मध्य विद्यालय के पास सड़क किनारे गिर पड़े। इसके बाद उनलोगों ने उन्हें स्कूल के बाहर ही छोड़ दिया। रास्ते गुजर रहे ग्रामीणों ने इसकी जानकारी दी। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लेकर आए। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया है। दूसरी ओर मृतक के बेटे अमित कुमार ने अपने पिता के गांव में किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार का विवाद और दुश्मनी से इनकार किया है।

**मौत का कारण स्पष्ट नहीं:** मजदूर की मौत कैसे हुई। यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई में छोटे थे। उनके परिवार में पत्नी विमला देवी दो पुत्री नेहा, निशा व एक पुत्र अमित है।

## दो सड़क हादसों में बुजुर्ग महिला समेत 2 जख्मी

निज संवाददाता | आरा



भोजपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्र में सड़क हादसे हुए। जिसमें बुजुर्ग महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल भेजा गया है। पहली घटना शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर बाजार की है। जहां बाइक सवार ने मंदिर में पूजा करने जा रही है बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। परिजन उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले गए, जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। बुजुर्ग महिला शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी यदुनंदन यादव की 58 वर्षीया पत्नी पार्वती देवी है। परिजन ने बताया कि वह अपने घर से शाहपुर बाजार स्थित शंकर मंदिर में पूजा करने जा रही थी। तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी।

**दूसरी घटना आरा-बक्सर फोरलेन पर हुई:** दूसरी घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के आरा-बक्सर फोरलेन पर रतनपुर गांव के समीप की है। जहां सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वहां से गुजर रहे स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जख्मी युवक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी भवनाथ राम का 25 वर्षीय पुत्र धीरज कुमार है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि वह अपने गांव से आरा की ओर आ रहा था। उसी दौरान रतनपुर गांव के समीप किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

## चौसा थर्मल पावर के मिनी बॉयलर टेस्टिंग का काम सफल, 1320 मेगावॉट बिजली होगी तैयार, 85% बिहार सरकार करेगी खर्च

निज संवाददाता | बक्सर



बक्सर में बिजली उत्पादन के क्षेत्र में सबसे बड़ी परियोजना थर्मल पावर प्लांट स्थित मिनी बॉयलर का टेस्टिंग सफल रहा। चिमनी से बॉयलर का धुंआ निकला आसमान की तरफ बढ़ता दिखाई दिया। वैसे ही वहां पर मौजूद कार्य कर रहे अधिकारियों व कर्मचारियों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कहा जा रहा है कि पावर प्लांट से आपूर्ति शुरू होते ही राज्य में बिजली की कमी काफी हद तक दूर हो जाएगी। बिहार बिजली के मायने में आत्मनिर्भर होगा। हालांकि, अभी रेल कॉरिडोर और वाटर पाइप लाइन का काम अधूरा होने से थर्मल पावर को बिजली उगलने में अभी समय अधिक लग रहा है। इस संबंध में एसटीपीएल के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी विकास शर्मा ने बताया कि इससे पहले कई तकनीकी उपकरणों की अलग-अलग चरणों मे टेस्टिंग पूर्व से की जाती रही है। यह सफल भी है। इसी के तहत शुक्रवार की रात पहली इकाई के लिए बनी मिनी बॉयलर लाइट अप की प्रक्रिया की भी टेस्टिंग की गई, जो सफल रही। इस टेस्टिंग प्रक्रिया के तहत प्लांट परिसर में लगे मिनी चिमनी से पहली बार धुंआ निकला। बॉयलर टेस्टिंग के तहत बॉयलर की स्थिति व कार्य कुशलता की जांच की गई।

**1320 मेगावॉट बिजली होगा तैयार:** बता दें कि चौसा में 1320 मेगा वॉट बिजली की उत्पादन करने के लिए 660-660 मेगावाट की दो यूनिट का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें 660 मेगा वॉट एक यूनिट के बॉयलर का टेस्टिंग सफल होने से बिहार बिजली के मायने में आत्मनिर्भर की और आगे बढ़ने लगा है। यह 11 हजार करोड़ की लागत से बन रहा हैं।

**800 मेगावाट की तीसरी यूनिट की भी तैयारी:** 1320 मेगा के निर्माण पूरा होने के बाद 800 मेगावाट की तीसरी यूनिट की भी तैयारी की जा रही है। पूर्व से इसकी मंजूरी मिल चुकी है। बता दें कि बक्सर थर्मल प्लांट के निर्माण से प्रतिदिन 14 करोड़ रुपए की बिजली उत्पादित की जाएगी। जिसमें 85 फीसदी बिजली राज्य सरकार व 15 फीसदी बिजली खुद कंपनी का मालिकाना हक होगा।

## सदर अस्पताल में डीएनबी की होगी पढ़ाई

निज संवाददाता | आरा




डीएनबी यानि डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड कोर्स। इसकी पढ़ाई जल्द आरा सदर अस्पताल में शुरू होगी। लेकिन मेडिकल छात्र यहां मात्र तीन विषयों में ही कोर्स कर सकेंगे। अस्पताल में मेडिसिन, सर्जरी और ऑरथोपेडिक या एनेस्थीसिया विषय पर कोर्स के बाबत प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया है। जानकारी के अनुसार फिलवक्त सदर अस्पताल में एनेस्थीसिया की पढ़ाई शुरू होगी। इसके लिए स्वीकृति भी मिल चुका है। इसके साथ ही अस्पताल में मौजूद सुविधाएं, डॉक्टरों की संख्या समेत अन्य जानकारी भी विभाग द्वारा मांगी गई हैं। इसके लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं कार्यालय पटना में बैठक भी होने वाली है जिसमे सदर अस्पताल आरा के अधिकारी भी शिरकत करेंगे। बैठक में आरा सदर अस्पताल में डीएनबी कोर्स शुरू कराने के लिए गहन समीक्षा भी की जायेगी। इससे उम्मीद की जा रही कि इसी वित्तीय वर्ष में इस कोर्स को सदर अस्पताल में शुरू कर दिया जाएगा। डीएनबी कोर्स के लिए भोजपुर जिला प्रशासन से भी पत्र 10 दिन पहले सिविल सर्जन कार्यालय को मिल चुका है। जिसमें मेडिसिन, सर्जरी और ऑरथोपेडिक या एनेस्थिसिया विषय पर कोर्स सदर अस्पताल में कराने का जिक्र है। एनेस्थीसिया विषय की पढ़ाई के लिए स्वीकृति भी मिल गया है। जिसके हेड ऑफ डिपार्टमेंट डॉ नरेश प्रसाद को बनाया गया है। आरा सदर अस्पताल में एनेस्थिसिया के लिए 20 सीट दी गई है। विशेषज्ञता और सुपर स्पेशिएलिटी से कुशाग्रता विकसित डीएनबी चिकित्सा में स्नातकोत्तर डिग्री है। जो भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) द्वारा 30 व्यापक विशेषज्ञताओं में से किसी में तीन साल का प्रशिक्षण पूरा करने पर प्रदान की जाती है। यह अभ्यर्थियों को विशेषज्ञताओं और सुपर स्पेशिएलिटी कार्यक्रमों में अपनी कुशाग्रता विकसित करता है। डॉक्टरेट ऑफ मेडिसिन या डीएम, डॉक्टर ऑफ मेडिसिन (एमडी) से बहुत अलग है। डॉक्टर ऑफ मेडिसिन (एमडी) एक स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम है जबकि डीएम कोर्स पीएचडी स्तर का पाठ्यक्रम है। बहुत खुशी की बात है कि सदर अस्पताल आरा में डीएनबी कोर्स की शुरुआत होने जा रही है।

## डॉक्टर ने एंबुलेंस कर्मी पर लगाया मारपीट का आरोप

निज संवाददाता | बक्सर




सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नावानगर में पदस्थापित चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मुकेश पटेल ने एंबुलेंस चालक और उसके साथियों पर पिस्तौल से डराने का आरोप लगाया गया है। चिकित्सा पदाधिकारी ने वासुदेवा ओपी में एंबुलेंस चालक समेत चार अज्ञात के खिलाफ आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराया है और करवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार सीएचसी में रात की ड्यूटी पर तैनात चिकित्सा पदाधिकारी अपने कक्ष में खाना खा रहे थे। इस बीच ड्यूटी पर मौजूद एंबुलेंस चालक मोहन शर्मा और उसके साथी कमरे में आए पिस्तौल दिखाकर डॉ मुकेश पटेल को डराने लगे। जब स्वास्थ्य कर्मियों ने हो हल्ला किया तो सभी लोग भाग गए। दरअसल बुधवार की रात एसी खराब होने पर एंबुलेंस चालक सहित अन्य लोग प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के कमरे में सोने के लिए गए थे। जहां डॉक्टर ने सभी को कमरे से बाहर सोने को कहा और वापस भेज दिया। इस बात से नाराज होकर घटना को अंजाम दिया गया। वासुदेवा ओपी प्रभारी सुभाष कुमार ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। अस्पताल में मौजूद सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला जा रहा है।

# स्नातक में नामांकन के लिए दूसरी मेधा सूची जारी

निज संवाददाता | आरा



वीकेएसयू . 30 तक होगा चयनित अभ्यर्थियों का नामांकन, अनुसूचित जाति/ जनजाति व छात्राओं से शुल्क नहीं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने चार वर्षीय पाठ्यक्रम स्नातक सेमेस्टर वन सत्र, 2024-28 में नामांकन के लिए दूसरी मेधा सूची शुक्रवार को जारी कर दिया है। दूसरी मेधा सूची के तहत करीब 23 हजार अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। ये चयनित अभ्यर्थी भोजपुर, बक्सर, रोहतास और कैमूर जिले के कॉलेजों में 30 जुलाई तक ऑफर लेटर डाउनलोड कर नामांकन कराएंगे। छात्र कल्याण अध्यक्ष डॉ केके सिंह ने बताया कि छात्र शुल्क जमा करने के उपरांत इंटरमीडिएट उत्तीर्णता से संबंधित सभी आवश्यक अभिलेखों के साथ संबंधित महाविद्यालयों में 31 जुलाई शाम पांच बजे तक अपने प्रमाण पत्रों का भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से करवाना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा की स्थिति में नामांकन से वंचित होने की सारी जवाबदेही संबंधित छात्र की होगी। महाविद्यालय को 31 जुलाई के शाम पांच बजे तक छात्रों का नामांकन अपडेट करेंगे। उन्होंने बताया कि संबद्ध महाविद्यालयों के जिन 19 (अरबी,प्राचीन इतिहास, प्राकृत, लोक प्रशासन, गणित कला संकाय, सांख्यिकी, कॉमर्स, उर्दू, भोजपुरी, मानवशास्त्र, ग्रामीण अर्थशास्त्र, दर्शनशास्त्र, बौद्धिक, पर्सियन, संस्कृत, समाजशास्त्र, एलएसडब्लू, पाली एवं संगीत ) विषयों में नामांकन का आदेश पहले से जारी है वह यथावत बना रहेगा। उन विषयों में नामांकन जारी होगा। गौरतलब हो कि भोजपुर, बक्सर, रोहतास और कैमूर जिले के 19 अंगीभूत कॉलेजों एवं 59 संबद्ध कॉलेजों में नामांकन के लिए एक लाख 23 हजार 800 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। छात्र कल्याण अध्यक्ष ने बताया कि अनुसूचित जाति/ जनजाति और छात्राओं को केवल पंजीयन शुल्क देना होगा। इसके अलावा कोई शुल्क अनुसूचित जाति/ जनजाति और छात्राओं से नहीं लिया जाएगा। यदि विश्वविद्यालय को इसकी शिकायत मिलती है तो विश्वविद्यालय कार्रवाई को बाध्य होगा। एक अगस्त तक पीजी में नामांकन के लिए स्वीकार किए जाएंगे आवेदन आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर (पीजी) सत्र, 2024 -26 के नामांकन के लिए आवेदन लेने की तिथि को बढ़ा दिया है। अब एक अगस्त तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। पहले आवेदन स्वीकार करने की तिथि 26 जुलाई तक निर्धारित थी। इस बार पीजी में नामांकन प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा। प्रवेश परीक्षा नौ अगस्त को प्रस्तावित है। कुलपति डॉ शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि पीजी में नामांकन को ले पात्रता प्रवेश परीक्षा नौ अगस्त को प्रस्तावित है। अभी साढ़े सात हजार के करीब अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इस बार नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा होनी है।

## संक्षिप्त समाचार

### समाजसेवी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण 28 को

**वजीरगंज**। प्रखंड के घरेया गांव में 28 जुलाई को समाजसेवी व पर्यावरण संरक्षक स्मृतिशेष नागेंद्र सिंह की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, विशिष्ट अतिथि सभापति, बिहार विधान परिषद् अवधेश नारायण सिंह, मंत्री बिहार सरकार संतोष कुमार समेत विधायक वजीरगंज सह सचेतक बिहार विधान सभा वीरेंद्र सिंह, टिकारी विधायक अनिल शर्मा, बाराचट्टी विधायक ज्योति देवी, एमएलसी रिंकु यादव व विधायक सिकंदरा प्रफ्फुल मांझी सम्मानित अतिथि रहेंगे।

### परीक्षा नियंत्रक का निधन अपूरणीय क्षति : प्राचार्य



**गया**। मगध विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर विनय कुमार के आकस्मिक निधन पर विभिन्न महाविद्यालयों में शोक सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गया कॉलेज में आयोजित शोकसभा में प्राचार्य डॉ. सतीश सिंह चंद्र ने कहा कि परीक्षा नियंत्रक के निधन से मगध विश्वविद्यालय को अपूरणीय क्षति हुई है। इस घटना से पूरा विश्वविद्यालय परिवार मर्माहत है। कहा कि एमयू के परीक्षा विभाग को पटरी पर लाने में उनकी अहम भूमिका थी। इस दौरान सभी ने मौन रहकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शिक्षक संघ की ओर से डॉ. रविंद्र पाठक व डॉ. रामदेव प्रसाद समेत कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मनीष प्रताप सिंह, सचिव संतोष कुमार सिंह, बर्सर डॉ. आदर्श कुमार गुप्ता, परीक्षा नियंत्रक सुनील कुमार सिंह व जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. धनंजय धीरज ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### एससी समाज को शिक्षित करने के लिए चलेगा अभियान

**टिकारी**। अनुसूचित जाति से जुड़े लोगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजना से जोड़ने और शिक्षित करने के लिए अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। उक्त निर्णय गुरुवार को प्रखण्ड परिसर स्थित मंदिर के प्रांगण में टोला सेवक व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बैठक में भाग लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मण मांझी ने कहा कि निचले पायदान पर गुजर बसर कर रहे लोगों को जागरूक करना व बच्चों को शिक्षित करने की आवश्यकता है। श्री मांझी ने लोगों से अभियान चलाकर सरकार की जन कल्याणकारी योजना से जोड़ने की अपील की। साथ ही साथ बैठक में मौजूद टोला सेवकों से भी पूरी निष्ठा से कर्तव्य निर्वहन करने की अपील की। बैठक का संचालन कर रहे संतोष कुमार ने कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में राजेश मांझी, राज नंदन कुमार, संतोष कुमार, गुंजन कुमार, बेबी देवी, रामगुलाम मांझी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### तालाब में डूबकर बुजुर्ग महिला की मौत, खेत की ओर गई थी, पैर फिसलने से गहरे पानी में जाने की जताई जा रही आशंका

**नालंदा** । नालंदा में तालाब में डूबकर शुक्रवार को बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान विशुनपुर गांव निवासी स्वर्गीय गेनधारी केवट की (85) वर्षीया पत्नी प्यारी देवी के रूप में की गई है।परिजन ने बताया कि प्यारी देवी शौच के लिए खेत की ओर गई हुई थी। जहां से वह घर नहीं लौटी, इसके बाद खोजबीन की गई। करीब 3 घंटे बाद तालाब से शव को बरामद किया गया। मामला बिन्द थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव का है

**यूडी केस किया दर्जः** परिजन आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि पानी लेने के क्रम में बुजुर्ग महिला का पैर फिसला होगा और वह गहरे पानी में चली गई। जिससे उसकी मौत हो गई। बिन्द थाना अध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि पानी में शव मिलने की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। यूडी केस दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

### हथियार-कारतूस के साथ कार सवार 5 गिरफ्तार,वाहन जांच के दौरान पुलिस ने रुकवाई थी गाड़ी, तलाशी में सभी पकड़े गए

**नालंदा** । नालंदा की पावापुरी ओपी पुलिस ने गश्ती के दौरान कार सवार पांच व्यक्तियों को हथियार-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश नवादा जिला की पकरीबरामा क्षेत्र अंतर्गत बरडीहा गांव निवासी दिनेश यादव का पुत्र राजेश कुमार, राकेश कुमार, मुकेश कुमार, शंकर यादव का पुत्र धीरज कुमार और स्वर्गीय कमलेश यादव का पुत्र विपुल कुमार है। पावापुरी ओपी के प्रभारी रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि पावापुरी ओपी की पुलिस गश्ती कर रही थी। तभी गुप्त सूचना प्राप्त हुई, वाहन चेकिंग के दरमियान नेशनल हाईवे 20 पर राजवंशी पेट्रोल पंप के समीप सड़क पर एक एक्सयूवी कार को रुकवाया। तलाशी लेने पर कार से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और 6 मोबाइल बरामद हुए। जिसके बाद कार में बैठे सभी लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज



गिरियक थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस पूरे मामले का अनुसंधान कर रही है। कार सवार सभी आरोपी नवादा की ओर से आ रहे थे और बिहार शरीफ जा रहे थे। अभियुक्तों के पास से एक लोहे और लकड़ी का बना कट्टा, .315 बोर का दो कारतूस, झारखंड नंबर की एक्सयूवी कार और 6 एंड्रॉयड मोबाइल जब्त किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों का संबंधित थाना से संपर्क कर आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा।

### इंस्पेक्टर का डीएसपी पद पर नहीं होगा प्रमोशन, अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की रिपोर्ट भेजी गई मुख्यालय

**गया**। गया जिले के विभिन्न थाने में सेवा देने वाले इंस्पेक्टर राम इकबाल यादव के प्रमोशन पर रोक लगना तय है। उनका प्रमोशन बीते दिनों डीएसपी पद के लिए हुआ था, लेकिन उनके प्रमोशन पर तलवार लटक गई है। उनके खिलाफ चल रही प्रोसिडिंग की रिपोर्ट आईजी कार्यालय से मुख्यालय को भेज दिया गया है। आईजी क्षत्रपाल सिंह का कहना है कि उनके खिलाफ गया में कार्रवाई चल रही थी। इस बीच उनका प्रमोशन हुआ है। कार्रवाई की रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी गई है। अब उनका प्रमोशन रुक जाएगा। राम इकबाल यादव विष्णुपद थाने में तैनात थे गौरतलब है कि राम इकबाल यादव विष्णुपद थाने में तैनात थे। उनकी तैनाती के दौरान थाना क्षेत्र के खटकाचक की रहने वाली एक महिला की मौत हुई थी।



# डैम में मिला स्कूल से गायब छात्र का शव

## कमर में पत्थर बंधा था, प्रिंसिपल ने कहा था- स्कूल यूनिफॉर्म में जिंदा या मुर्दा मिलेगा

निज संवाददाता। गया

गया में दो दिन से लापता जवाहर नवोदय विद्यालय के 11वीं के छात्र का शव शनिवार को तेतर डैम से मिला है। 14 साल के प्रिंस कुमार की कमर में भारी पत्थर बांधकर उसे डैम में फेंका गया था। प्रिंसिपल ने बताया कि गुरुवार को वो बाल कटवाने का बोलकर स्कूल से निकला था। जिसके बाद से गायब हो गया। उसका शव स्कूल ड्रेस में ही बरामद हुआ है। स्कूल प्रिंसिपल एके सिंह ने अतरी थाने में बच्चे के लापता होने की शिकायत की थी। वहीं, परिजनों ने वजीरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। ये स्कूल अतरी के जेठीयन में स्थित है। बच्चे के पिता का नाम दिनेश प्रसाद है। प्रिंसिपल बोला- स्कूल ड्रेस में ही जिंदा या मुर्दा मिलेगा मामले की जांच के लिए पुलिस शुक्रवार को जब स्कूल पहुंचे थी तो प्रिंसिपल पुलिस के साथ बहस करने लगा। प्रिंसिपल ने कहा कि बच्चा जिस शर्ट में गायब हुआ है, उस शर्ट के अलावा जिंदा या मुर्दा मिले तो हमें बताइएगा। प्रिंसिपल का पुलिस से बहस करते वीडियो भी सामने आया है। इसमें वो कह रहा है कि मैं भारत सरकार का क्लास वन अफसर हूं, तमीज से बात कीजिए। फालतू आदमी से मैं बात नहीं करता हूं। पुलिस ने जब सीसीटीवी दिखाने की बात कही तो उसने कहा कि कैमरा खराब है, अंडर मेटेनेंस है। मेरे पास एक कैमरा नहीं है, चार कैमरे हैं। बारिश की वजह से एक कैमरा खराब हो गया था। प्रिंसिपल ने पुलिस से कहा कि बच्चा नहीं मिल रहा है तो परिवार वाले जाकर ढूंढे, बार-बार स्कूल क्यों आते हैं। भास्कर से बोला प्रिंसिपल- सब जांच का विषय है दैनिक भास्कर ने प्रिंसिपल एके सिंह से बच्चे को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि सुना है कि किसी बच्चे का शव मिला है। उसकी शिनाख्त के लिए हम लोग भी तेतर डैम जा रहे हैं। यही नहीं जब उनसे यह पूछा गया कि आपका एक वीडियो है, जिसमें आप यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि लापता छात्र जिस ड्रेस में लापता हुआ है, उस ड्रेस के अलावा दूसरी



ड्रेस में जिंदा या मुर्दा मिल जाता है तो हमें बताइएगा। भास्कर ने जब पूछा कि ऐसी बातें एक प्रिंसिपल कैसे कह सकता है। शक की सुई तो आपकी ओर जा रही है। इस पर कुछ देर चुप्पी के बाद प्रिंसिपल ने कहा कि यह तो जांच का विषय है।

**16 जुलाई को मां से फोन पर बात की थीः** प्रिंस के पिता दिनेश मिस्त्री का कहना है कि 16 जुलाई को स्कूल के फोन से घर पर प्रिंस ने अपनी मम्मी से बात की थी। उस दिन तक सब ठीक था। स्कूल प्रिंसिपल के खिलाफ बच्चे ने पहले में किसी प्रकार की कोई शिकायत नही की थी। एक बार आपस में लडकों के बीच मारपीट की शिकायत प्रिंस ने की थी। इसके बारे में हमने प्रिंसिपल को भी बताया था। उसके बाद क्या हुआ स्कूल की ओर से नहीं बताया गया।




**आम लोगों को नहीं है डैम के पास जाने की परमीशनः** जिस तेतर डैम से बच्चे का शव बरामद हुआ है। वहां आम लोगों को जाने की इजाजत नहीं है। पुलिस का पहरा भी वहां होता है। एसडीओ की इजाजत के बगैर बाहरी व्यक्ति वहां नहीं जा सकते। ऐसे में छात्र डैम तक कैसे पहुंचा यह एक बड़ा सवाल है। डीएसपी प्रकाश कुमार का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस हर पहलू से इसकी जांच कर रही है। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस मृत छात्र के परिजनों से जानकारी ले रही है। केंद्र सरकार के इतने बड़े स्कूल में नाई की व्यवस्था स्कूल के अंदर या फिर कांट्रैक्ट पर होती है। वह भी स्कूल के अंदर। फिर बच्चे को स्कूल से बाहर क्यों बाल कटवाने को भेजा गया। इस सवाल का जवाब प्रिंसिपल एके सिंह नही दे सके।

# दरवाजे के पास खड़ी बाइक को ले गए चोर

निज संवाददाता। गया

गया जिले के डोभी चतरा मुख्य मार्ग स्थित बहेरा थाना क्षेत्र के कोठवारा में एक घर के आगे खड़ी बाइक चोर चुरा ले गए। चोरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। चोर बड़े ही इत्मीनान से बाइक चुरा कर ले जाते हुए दिखाई पड़ रहा है। पीड़ित ने बहेरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वह सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की शिनाख्त में जुटी है। कोटवारा निवासी श्रवण अग्रवाल ने बताया कि वह लम्बे समय से रात में घर के बाहर दरवाजे के पास ही बाइक खड़ी करते चले आ रहे थे। दुकान सह मकान के दरवाजे पर अपना बाइक लगा कर घर मे सोने चला गया। सुबह उठने पर बाइक अपनी जगह पर नहीं मिली। इस पर काफी छानबीन की कहीं से कोई जानकारी मिली। जब दरवाजे पर लगा सीसीटीवी कैमरा को चेक किया तो देखा एक चोर



मोटरसाइकिल लेकर भाग रहा है। वह बड़े ही इत्मीनान से बाइक पर सवार होकर उसे पीछे कर रहा है और सड़क पर आते ही बाइक स्टार्ट कर फरार हो गया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को बहेरा थाना को सूचना दी। पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना किया। इसके बाद थाने में घटना की लिखित शिकायत भी की है।

**क्या बोली पुलिसः** बहेरा थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि बाइक चोरी की शिकायत मिली है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाइक चोर की शिनाख्त में जुटी है। शीघ्र ही बाइक चोर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 15 दिनों में लंबित मामलों का करें निष्पादन : डीएम

निज संवाददाता। गया

नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएम ने करीब 500 आवेदकों के मामलों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवेदनों की जांच यथाशीघ्र कर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। कई मामलों में डीएम ने जिले के वरीय पदाधिकारियों उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, एसडीओ, संबंधित प्रखंड के नामित जिलास्तरीय पदाधिकारी को मामले की जांच का जिम्मा दिया। जनता दरबार में जमीन से संबंधित अत्यधिक मामलों को देखते हुए डीएम ने आवेदनों को सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता को सौंपते हुए अच्छे तरीके से आवेदनों की जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार उचित कार्रवाई के लिए निर्देश देने को कहा। जांच पदाधिकारी को प्राप्त आवेदनों की जांच 7 दिनों में करते हुए दोषी कर्मी, पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई के लिए प्रेषित करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में कई व्यक्ति परिमार्जन के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे। डीएम ने संबंधित सीओ एवं राजस्व पदाधिकारी को निर्देश दिया कि परिमार्जन के लिए लंबित आवेदनों का तेजी से निष्पादन करें।

**15 दिनों में लंबित दाखिल खारिज मामलों का करें निष्पादनः** जनता दरबार के दौरान बोधगया अंचल क्षेत्र के आवेदक ने बताया कि एक ही प्लॉट पर 2 अलग-अलग व्यक्तियों का



दाखिल खारिज राजस्व कर्मचारी द्वारा कर दिया गया है। डीएम ने अपर समाहर्ता राजस्व को स्वयं मामले की जांच का निर्देश दिया। बोधगया अंचल से दाखिल खारिज लंबित रहने के कई आवेदन देख डीएम ने बोधगया सीओ को 15 दिनों में लंबित दाखिल खारिज के मामलों को समाप्त कराने का निर्देश दिया।

**पुलिया निर्माण का निर्देशः** जनता दरबार में आए एक आवेदक ने बताया कि टिकारी प्रखंड के महामना पंचायत अंतर्गत मतई गांव से भारत-माला की सड़क गुजर रही है। उक्त गांव में नाला निकासी नहीं रहने के कारण बरसात तथा घरों का पानी खेत में चला जा रहा है। इसके कारण सिंचाई में काफी कठिनाई हो रही है। डीएम ने भारत-माला प्रोजेक्ट के अभियंता को निर्देश दिया कि स्पॉट वेरिफिकेशन करते हुए पुलिया का निर्माण करवाने की पहल करें। ताकि किसानों को सिंचाई करने में कठिनाई नहीं हो।

# मुखिया पति की निर्मम हत्या, बालू माफिया पर आरोप,चार भाइयों में सबसे छोटे थे मुखिया पति

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के गिरियक प्रखंड की सतौआ पंचायत की मुखिया ललिता देवी के पति (39) वर्षीय बलवीर यादव उर्फ बाले यादव की अपराधियों ने गुरुवार की देर शाम अपहरण के बाद हत्या कर दी। उनका शव नवादा जिला के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव के पास मिले। पैर-हाथ टूटा था और शरीर पर जख्मों के निशान थे।उनके भाई किशोरी यादव ने प्राथमिकी में गांव के ही गोरेलाल यादव, उसके पुत्र नीतीश कुमार समेत 12 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है। प्राथमिकी के अनुसार आरोपित बालू का धंधा करते हैं। मुखिया पति इसका विरोध करते थे। उनकी सूचना पर आरोपितों के बालू लदे वाहन भी पकड़े गये थे। इसी खुन्नस में हत्या करने का आरोप लगाया गया है। हालांकि, कुछ लोग चुनावी रंजिश की भी चर्चा कर रहे थे। नवादा में पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार की सुबह उनका शव गांव



लाया गया। समर्थकों व शुभचिंतकों की भारी भीड़ जमा हो गयी। एहतियातन भारी संख्या में पुलिस के जवान तैनात किये गये थे। परिजनों ने आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

**दो वाहनों से किया था अपहरणः** किशोरी यादव का कहना है कि गुरुवार की शाम वह भी बाले के साथ जा रहे थे। किसी काम से पीछे रह गये थे। उनके 100 मीटर आगे आदमपुर हाई स्कूल के पास दो चारपहिया वाहनों में सवार दर्जनभर बदमाशों ने उन्हें अगवा कर लिया। उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस पहुंची और अपराधियों की तलाश में जुट गयी। भागने के दौरान बदमाशों ने कार में ही उनकी हत्या कर दी और शव को फेंक दिया। अपहरण के करीब तीन घंटे बाद उनकी लाश मिलने की सूचना मिली। शव सड़क किनारे पड़ा था। शव का पोस्टमार्टम नवादा में ही किया गया है।

**गांव में है तनाव का माहौलः** ग्रामीणों ने बताया कि बाले चार भाईयों में सबसे छोटे थे। वह काफी मिलनसार और मृदुभाषी थे। उनकी हत्या की खबर से इलाके में शोक की लहर दौड़ गयी। उनके दो पुत्र और दो पुत्रियां है। अभी तक किसी का विवाह नहीं हुआ है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। लोग डरे हुए हैं। साथ ही आक्रोशित भी हैं।

**क्या बोलें थानाध्यक्षः** गिरियक थानाध्यक्ष राजू रंजन ने बताया कि कुछ संदिग्धों का हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कड़ी सुरक्षा के बीच शव का अंतिम संस्कार गिरियक के पंचाने नदी घाट पर किया गया।

# नालंदा में बिजली विभाग के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश

## घूसखोरी और अनियमित आपूर्ति के खिलाफ प्रदर्शन

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा जिले के रहूई प्रखंड में स्थित सोसंदी पंचायत और आसपास के गांवों के सैकड़ों आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार को बिजली विभाग का घेराव किया। ग्रामीणों ने बिजली की अनियमित आपूर्ति और विभाग के कर्मचारियों द्वारा कथित रूप से की जा रही अवैध वसूली के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे गोविंदपुर के संजय कुमार ने बताया, "हमारे क्षेत्र में बिजली की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। किसानों को खेती के लिए मात्र 6-7 घंटे बिजली मिल रही है, वो भी बार-बार कटती रहती है। इससे फसल की सिंचाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है।"सोसंदी पंचायत के मोनू कुमार ने विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, "लाइन में छोटी-मोटी खराबी के लिए 500-1000 रुपये और ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत के नाम पर 10,000-20,000 रुपये तक की अवैध वसूली की जाती है। गरीब किसान इतनी बड़ी रकम कहां से लाएंगे?"

**समाधान नहीं, तो करेंगे भूख हड़तालः** प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही इन



समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे बिजली विभाग के कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना और भूख हड़ताल शुरू करेंगे। मौके पर पहुंचे स्थानीय थाना प्रभारी और एसडीओ ने स्थिति को नियंत्रण में लेने का प्रयास किया। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी शिकायतों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और जल्द ही समाधान निकाला जाएगा। घूसखोरी के आरोपों पर अधिकारी ने कहा कि इस तरह की किसी भी शिकायत की गंभीरता से जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बजट में राजगीर के जैन तीर्थस्थलों के विकास का ऐलान, जैन समुदाय में उत्साह की लहर, कहा- राजगीर के समग्र विकास के लिए यह महत्वपूर्ण कदम

निज संवाददाता। नालंदा

केंद्रीय बजट 2024-25 में बिहार के प्राचीन नगर राजगीर के जैन तीर्थस्थलों के विकास के लिए विशेष प्रावधान की घोषणा से जैन समुदाय में खुशी की लहर दौड़ गई है। यह पहली बार है जब केंद्रीय बजट में राजगीर के जैन मंदिरों के विकास का स्पष्ट उल्लेख किया गया है, जो इस ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के स्थान के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है। जैन श्वेतांबर भंडार तीर्थ राजगीर के अध्यक्ष सुरेश चंद्र कोठारी ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा, हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। यह निर्णय राजगीर के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को पहचानने का एक बड़ा कदम है। राजगीर जैन धर्म के 20वें तीर्थंकर भगवान मुनिसुव्रत स्वामी से जुड़ा हुआ है। संस्था के मंत्री रंजन कुमार जैन ने बताया कि भगवान मुनिसुव्रत स्वामी के चार कल्याणक - च्यवन, जन्म, दीक्षा और केवलज्ञान - इसी पवित्र भूमि पर हुए थे।

**राजगीर के विकास पर विशेष ध्यानः** विकास योजनाओं के बारे में चर्चा करते हुए, संस्था के ट्रस्टी राजकुमार वैद ने कहा, यदि राजगीर को रेल मार्ग से कोलकाता, मुंबई और चेन्नई से जोड़ दिया जाए, तो यहां आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि होगी। साथ ही, एक हवाई अड्डे का निर्माण भी अति आवश्यक है। हालांकि, विकास के साथ-साथ धार्मिक महत्व को बनाए रखने पर भी जोर दिया गया है। ट्रस्टी रणवीर कुमार जैन ने कहा, राजगीर के पंच पर्वतों पर स्थित प्राचीन जैन मंदिरों और नौलखा मंदिर का विकास उनकी धार्मिक मान्यताओं और मर्यादा को बनाए रखते हुए किया जाना चाहिए।बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान देने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए, ट्रस्टी कवींद्र कुमार कोठारी ने कहा, पर्वतों पर बिजली और पानी की व्यवस्था तथा नौलखा मंदिर तक जाने वाली सड़क का पुनर्निर्माण अत्यंत आवश्यक है। जैन समुदाय के नेताओं ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने राजगीर के विकास पर विशेष ध्यान दिया है।यह घोषणा न केवल जैन समुदाय के लिए,



बल्कि राजगीर के समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। आशा की जा रही है कि इन प्रयासों से राजगीर अपने प्राचीन गौरव को पुनः प्राप्त करेगा और एक प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा।

संक्षिप्त समाचार



## बीएड कॉलेजों में एडमिशन के लिए फर्स्ट मेरिट लिस्ट जारी, जानें कब से कब तक होगा डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन

**पटना, एजेंसी।** बीएड कॉलेजों में एडमिशन के लिए नोडल संस्थान ललित नारायण मिथिला यूनिवर्सिटी ने गुरुवार को फर्स्ट मेरिट लिस्ट जारी कर दी है. सीइटी-बीएड 2024 में सफल अभ्यर्थियों में से जो रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं, वे मेरिट लिस्ट वेबसाइट पर देख सकते हैं. फर्स्ट लिस्ट में शामिल स्टूडेंट्स एडमिशन के लिए नौ अगस्त तक पेमेंट कर सकते हैं.

नोडल पदाधिकारी अशोक कुमार मेहता ने कहा कि बीएड में नामांकन के लिए कुल 1,16,872 रजिस्ट्रेशन सह च्वाइस फिलिंग हुई थी. सेकेंड लिस्ट में कितनी सीटों पर नामांकन हुआ, उसको देखने के बाद हीं थर्ड लिस्ट का निर्णय लिया जाएगा. थर्ड लिस्ट 29 अगस्त को जारी की जाएगी.

तीन हजार जमा कर सीट कन्फर्म 30 अगस्त से छह सितंबर तक करवा सकते हैं. एडमिशन 30 अगस्त से सात सितंबर तक होगा. नये सत्र की कक्षाएं 28 अगस्त से शुरू हो जाएंगी. पूर्व निर्धारित शेड्यूल पर ही नामांकन प्रक्रिया चलेगी.

सीइटी-बीएड में 94.98 प्रतिशत स्टूडेंट्स सफल हुए हैं. 2,08,818 अभ्यर्थियों में 1,89,568 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए. जिनमें 1,80,050 अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की है. बीएड में 342 बीएड कॉलेजों में 37 हजार 400 सीटें हैं. एक कॉलेज की मान्यता इस वर्ष समाप्त हो गई है।

## 4 दिन से लापता युवक का शव मिला-घर से 300 मीटर की दूरी पर हुई बरामदगी

**पटना, एजेंसी।** पटना के बाईपास थाने की पुलिस ने चार दिन से लापता एक युवक का शव घर से महज 300 मीटर की दूरी पर एक पानी भरे गड्ढे से बरामद किया है। फिलहाल मामला हत्या से जुड़ा हुआ लग रहा है। लोगों ने बताया कि युवक का शव झाड़ी में फेंक कर साक्ष्य छुपाने के लिए ऊपर से नमक दिया गया है।

परिजनों ने बाईपास थाने की पुलिस को मामले में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। बाईपास थाना प्रभारी राजेश कुमार झा ने बताया कि मृतक युवक की पहचान बाहरी बेगमपुर निवासी जसवीर पासवान के रूप में की गई है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर एफएसएल टीम और डॉग स्क्वाड्रन को बुलाया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है। मामले में जो भी लोग दोषी पाए जाएंगे, उन पर कार्रवाई की जाएगी।

बाहरी बेगमपुर निवासी नौवा क्लास का छात्र जसवीर पासवान बुधवार की शाम से अपने घर से लापता था। परिवार के लोग काफी खोजबीन किए। लेकिन, उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद बाईपास थाने में जाकर आवेदन दिया गया। इसके बावजूद पुलिस आवेदन लेने से टाल मटोल करता रही। पहले खुद युवक को खोजने की बात कही। परिवार के लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि शुक्रवार को भी वे थाना गए थे।

इसके बावजूद भी उन्हें कोई रिसीविंग टोकन नहीं दिया गया। शनिवार को सुबह से वे लोग थाना का चक्कर लगा रहे थे। इस बीच सूचना मिली कि घर से 300 मीटर की दूरी पर मंडई अखाड़ा के नजदीक पानी बड़े गड्ढे में झाड़ी में एक युवक का शव पड़ा है। शव की पहचान जसवीर पासवान के रूप में परिवार के लोगों ने की है।

## पटना जू में बन रही ओपन नेचर लाइब्रेरी-असम के मुरली बांस से किया जा रहा तैयार

**पटना , एजेंसी।** पटना जू में किताब प्रेमियों के लिए ओपन नेचर लाइब्रेरी बनाई जा रही है। इस लाइब्रेरी में लोग प्रकृति के बीच, खुले आसमान के नीचे बैठकर किताबें पढ़ सकते हैं। इसे खास तरह के बैंबू से तैयार किया जा रहा है। ओपन लाइब्रेरी के लिए आयरन के ढांचे पर बैंबू वर्क किया जा रहा है। यह अपनी तरह का पहला ओपन नेचर लाइब्रेरी है, जो कि फिलहाल किसी भी जू में देखने को नहीं मिली है। लाइब्रेरी की खासियत यह है कि गर्मी के मौसम में ठंडा और पूरी तरह से वाटर प्रूफ रहेगा। इसे तैयार करने के लिए मुरली बांस का इस्तेमाल किया जा रहा है।

# बिना टिकट यात्रियों पर रेलवे की कड़ी नजर

निज संवाददाता



**हाजीपुर (वैशाली)।** पूर्व मध्य रेलवे द्वारा बिना टिकट/अनियमित यात्रियों पर शिकंजा कसने के लिए शुक्रवार को देर रात्रि तक पांचों मंडलों दानापुर, सोनपुर, समस्तीपुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं धनबाद में एक साथ मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया ताकि मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के एसी कोचों में अनधिकृत रूप से यात्रा करने वालों पर लगाम लगाई जा सके। इसके साथ ही सभी पैसेंजर ट्रेनों एवं मेमू ट्रेनों में भी विशेष टिकट जांच की गयी एवं बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया। इस जांच अभियान में पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., गया, पटना, दानापुर, सोनपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, सीतामढ़ी, धनबाद एवं गोमो जैसे प्रमुख स्टेशनों पर रेलवे अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, रेलकर्मियों, टी.टी.ई. एवं बड़ी संख्या में रेलवे सुरक्षा बल को तैनात किया गया था। इस जांच अभियान में कुल 09 हजार 420 बेटिकट/अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुर्माने के रूप में 54 लाख 40 हजार रुपए वसूले गए। गुलजारबाग पर बस-रेड मारा गया, जिसमें 140 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए जिनमें से 60 यात्रियों से जुर्माना वसूल कर उन्हें छोड़ दिया गया तथा 80 बेटिकट यात्रियों को रेलवे जुडिषियल मजिस्ट्रेट/पटना के समाने आगे की कार्रवाई हेतु पेष किया गया। दानापुर मंडल में बिना टिकट/अनियमित यात्रा करते हुए 3140 यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुर्मानास्वरूप 18 लाख 86 हजार रूपए वसूल किए गए । इसी तरह पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में बिना टिकट/अनियमित यात्रा करते हुए 970 यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुर्मानास्वरूप 05 लाख 17 हजार रूपए, धनबाद मंडल में बिना टिकट/अनियमित यात्रा करते हुए 920 यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुर्मानास्वरूप 04 लाख 32 हजार रूपए वसूल किए गए। जबकि सोनपुर मंडल में इस दौरान 2570 लोगों को बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़ा गया जिनसे 13 लाख 88 हजार रूपए एवं समस्तीपुर मंडल में 1820 लोग बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए जिनसे जांच टीम द्वारा जुर्माना के रूप में 12 लाख 16 हजार रूपये वसूल की गई। विदित हो कि पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों में बिना टिकट अथवा बिना उचित प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों की धरपकड़ हेतु निरंतर टिकट जांच की जा रही है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगी। पूर्व मध्य रेल यात्रियों से अपील करती है कि वे हमेशा उचित यात्रा टिकट लेकर ही यात्रा करें।

## रेलवे के बेड़े में 6511 नए जनरल कोच जोड़े गए

**हाजीपुर (वैशाली) (नि.सं.)।** अमृत भारत सेवाए भारतीय रेलवे द्वारा अमृत भारत सेवाएं शुरू की गई हैं, जिनमें आधुनिक अत्याधुनिक तकनीक उपयोग किया गया जो झटका मुक्त यात्रा के लिए सेमी-परमानेंट कप्लर्स, हॉरिजॉन्टल स्लाइडिंग विंडो, फोल्डेबल स्नैक टेबल और बोतल होल्डर, मोबाइल होल्डर आदि जैसी उन्नत सुविधाओं से लैस हैं। वर्तमान में, 4 अमृत भारत एक्सप्रेस सेवाएँ। 15557/15558 दरभंगा-आनंद विहार टर्मिनस एक्सप्रेस और 13433/13434 मालदा टाउन-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस, भारतीय रेलवे नेटवर्क पर संचालित की जा रही हैं। इसके अलावा, अमृत भारत सेवाओं सहित ट्रेन सेवाओं की शुरूआत भारतीय रेलवे पर एक सतत् प्रक्रिया है जो यातायात औचित्य, परिचालन व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता आदि के अन्तर्गत आती है। मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की संरचना के संबंध में मौजूदा नीति, 22 कोचों की ट्रेन में 12 (बारह) सामान्य श्रेणी और स्लीपर क्लास के नान-एसी कोच और 08 (आठ) एसी-कोचों का प्रावधान करती है, सामान्य और नान-एसी स्लीपर कोच का उपयोग कर जिससे यात्रियों के लिए प्रयाप्त बर्थ उपलब्ध होता है। वर्तमान में ट्रेन सेवाओं को चलाने के लिए उपयोग किए जा रहे कोचों की कुल संख्या में से दो-तिहाई नान-एसी हैं, और एक-तिहाई एसी वेरिएंट हैं। बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए, भारतीय रेल ने जनरल क्लास और स्लीपर क्लास कोच सहित 10,000 नान-एसी कोच बनाने की योजना बनाई है। वहन क्षमता विभिन्न कारकों पर निर्भर होती है जिसमें मार्ग, सेवा की आवृत्ति आदि सम्मिलित हैं। यह जानकारी रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी।

## राजधानी एक्सप्रेस से भी तेज चलेगी ये ट्रेन, मुजफ्फरपुर से दिल्ली सिर्फ साढ़े 16 घंटे में

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** महज साढ़े 16 घंटे में अब मुजफ्फरपुर से वाया पटना होकर आनंद विहार दिल्ली ट्रेन से पहुंचा जा सकेगा. रेलवे ने इस खंड पर सप्तक्रांति एक्सप्रेस की क्लोन ट्रेन चलाने का फैसला किया है. यह ट्रेन डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस से तेज चलेगी और उससे पहले दिल्ली पहुंचाएगी. मुजफ्फरपुर से इस ट्रेन का परिचालन 28 जुलाई रविवार से प्रतिदिन होगा. रेलवे बोर्ड ने इसकी अनुमति प्रदान कर दी है. मुजफ्फरपुर से यह ट्रेन 28 जुलाई से चलेगी और 31 दिसंबर तक प्रतिदिन अप व डाउन में आएगी-जाएगी. इस तरह दोनों तरफ से यह ट्रेन 157-157 ट्रिप चलेगी.

ट्रेन संख्या 05219 दोपहर डेढ़ बजे मुजफ्फरपुर से वाया पटना होकर दिल्ली के लिए रवाना होगी. अगली सुबह छह बजे ट्रेन आनंद विहार स्टेशन पहुंचेगी. वापसी में 05220 नंबर से यह ट्रेन आनंद विहार दिल्ली से वाया पटना, सोनपुर, हाजीपुर होते मुजफ्फरपुर लौटेगी. इस ट्रेन से महज साढ़े 16 घंटे में यात्री दिल्ली पहुंच जाएंगे, जबकि अन्य ट्रेनें 18 से 20 घंटे में दिल्ली पहुंचती हैं. क्लोन ट्रेन के रूप में चलनेवाली यह गाड़ी डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, वैशाली एक्सप्रेस व बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस सहित कई नामी-गिरामी ट्रेनों को पीछे छोड़ते हुए आगे निकलकर दिल्ली पहुंच जाएगी.

इससे यात्रियों को चार घंटे समय की बचत और मुस्कान के साथ यात्रा पूरी होगी. यात्रियों का कहना है कि सुबह में आराम से खाना-पीना के बाद दोपहर में मुजफ्फरपुर से इस ट्रेन को पकड़ सकते हैं. रातभर सफर के बाद सुबह-सुबह दिल्ली पहुंच कर दिन भर का सारा काम निपटाकर अगले दिन फिर इस ट्रेन से मुजफ्फरपुर के लिए लौट भी सकते हैं. इसमें छह जनरल के अलावा सारे कोच स्लीपर के होंगे. फिलहाल, इस ट्रेन की खाली रैक भगवानपुर में खड़ी है. शुक्रवार को मुजफ्फरपुर कोचिंग डिपो में लाकर रैक की जांच की जाएगी. इसके बाद इस ट्रेन को 28 जुलाई से दिल्ली के लिए रवाना किया जाएगा.

मुजफ्फरपुर-आनंद विहार दिल्ली सप्तक्रांति एक्सप्रेस में जनरल और स्लीपर कोच कम होने से यात्रियों को भारी भीड़ हो रही थी. यात्रियों की असुविधा पर अखबारों में लगातार खबर प्रकाशित की जा रही थी. इसकी रिपोर्टिंग रेलवे बोर्ड तक गई थी. इसके बाद पूर्व मध्य रेल के प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक ने इस मामले की पड़ताल कर इसका फीडबैक रेलवे बोर्ड को भेजा. उसके बाद सारी प्रक्रिया पूरी होने पर 28 जुलाई से ट्रेन चलाने का आदेश दे दिया गया है. महज एक महीने के भीतर सप्तक्रांति एक्सप्रेस की क्लोन चलाने की स्वीकृति मिल गई।

## चौकीदार-दफादार का आमरण अनशन खत्म, मानसून सत्र के दौरान नहीं पूरी हुई मांग

### नेताओं ने साथ आकर चमकाई सियासत



**पटना, एजेंसी।** चौकीदार दफादार का शनिवार को आठवें दिन आमरण अनशन खत्म हो गया है। जमुई सांसद अरुण भारती ने गर्दनीबाग धरनास्थल पर पहुंचकर अनशनकारियों को आश्वासन देते हुए खत्म कराया है। पूरे मानसून सत्र के दौरान चौकीदार-दफादार सड़क पर संघर्ष करते नजर आए। जेपी गोलंबर पर इनके ऊपर लाठीचार्ज भी किया गया। लेकिन सबकुछ बेनतीजा रहा। मांग पूरी नहीं हुई। आज मजबूरन अनशन खत्म करना पड़ा।

अनशन में शामिल चौकीदार-दफादार के नेता डॉक्टर संत सिंह ने बताया कि एक सप्ताह के लिए अनशन स्थगित किया गया है। समाप्त नहीं हुआ है। आश्वासन जो मिला है, वो पूरा नहीं होगा तो फिर से हमलोग अनशन करने और रैली करने के लिए बाध्य होंगे।

सभा को संबोधित कर रहे अमर आजाद ने कहा कि विधानसभा से प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया है। भले कुछ दिनों के लिए आंदोलन स्थगित करेंगे। लेकिन यह आंदोलन नहीं रुकेगा। बहुत जल्द लोगों को इकट्ठा कर के पटना के गांधी मैदान में अपनी मांग के लिए रैली करेंगे। पासवानों, चौकीदारों, दफादारों को इकट्ठा करेंगे।

जमुई सांसद अरुण भारती ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने पहले ही इसके लिए पहल कर दी है। थोड़ा सा इंतजार करना चाहिए। इसका सकारात्मक समाधान होगा। लाठीचार्ज के ऊपर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इसके पक्ष में हमलोग नहीं हैं।

## पटना में 3 लोगों को गोली मारी गोली, एक कारोबारी की मौत, 2 भाई गंभीर, भीड़ ने आरोपी के घर में लगाई आग

**पटना , एजेंसी।** पटना में शुक्रवार रात 10 बजे 2 भाई समेत 3 लोगों को अपराधियों ने गोली मार दी। इसमें सीमेंट कारोबारी राजेश कुमार की मौत हो गई। वहीं दोनों भाई शिवम और गजेंद्र की हालत गंभीर है। वारदात शुक्रवार रात करीब 10 बजे रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के पिपराही गांव में हुई। इधर, वारदात के बाद गुस्साए लोगों ने आरोपी के घर को आग के हवाले कर दिया। सूचना मिलने के बाद सदर एसडीपीओ टू सत्यम, रामकृष्णानगर थानेदार समेत आसपास के थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई।सीसीटीवी फुटेज में गोलीबारी की ये पूरी घटना कैद हुई है। जिसमें 3 से 4 बाइक पर कुछ युवक आते दिख रहे हैं। थोड़ी देर बहस करने के बाद वे मारपीट करने लगते हैं। इसके बाद एक गोली चला देता है। थोड़ी देर बाद दूसरी फायरिंग होती है। गोलीबारी के बाद सभी बाइक से फरार हो जाते हैं।

## पीडब्ल्यूसी में स्कॉलरशिप के लिए आज तक आवेदन

### पहले सेमेस्टर की छात्राएं कर सकती है अप्लाइ



**पटना।** पटना वीमेंस कॉलेज के पहले सेमेस्टर की छात्राएं आज भर प्लैटिनम जुबली फाउंडेशन स्कॉलरशिप के लिए आवेदन कर सकती हैं। साल 2015 में कॉलेज की स्थापना के 75 साल पूरे हो चुके हैं।

इसी उपलक्ष्य में कॉलेज की ओर से इसी समय से छात्राओं को प्लैटिनम जुबली फाऊंडेशन स्कॉलरशिप दी जाती है। स्कॉलरशिप का आवेदन करते समय छात्राओं को कॉलेज द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश को फॉलो करना होगा।

यह स्कॉलरशिप प्रोग्राम बीए, बीएससी, बीकॉम, वोकेशनल, पीजी होम साइंस और एमसीए कर रहीं फर्स्ट इयर की छात्राओं के लिए है। फॉर्म जमा करते वक्त छात्राओं को फॉर्म के साथ मार्क्सशीट और इनकम सर्टिफिकेट लगाकर वोकेशनल ऑफिस में जमा करना होगा। 22 जुलाई से लेकर अब तक 200 से ज्यादा छात्राओं ने आवेदन किया है। प्लैटिनम जुबली सेलिब्रेशन के हिस्से के रूप में, कॉलेज ने आर्थिक रूप से वंचित मेधावी छात्रों को अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए एक स्कॉलरशिप फंड स्थापित किया है। यह स्कॉलरशिप उन छात्रों के लिए है, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 3 लाख से कम है।

## सारण में वार्ड सदस्य के बेटे की गोली मारकर हत्या, जमीन विवाद से जुड़ा है मामला

**बनियापुर (सारण), एजेंसी।** सारण में बनियापुर थाना क्षेत्र के रजौली गांव में भूमि विवाद को लेकर शनिवार की सुबह में वार्ड सदस्य के पुत्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

हालांकि, गोली लगने के बाद युवक को आनन फानन में रेफरल अस्पताल बनियापुर लाया गया। वहां चिकित्सकों के द्वारा जांच के बाद मृत घोषित कर दिया गया।

घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दी। घटना में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि स्थानीय निवासी अरविंद सिंह व वार्ड सदस्या बेबी देवी के 25 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार सिंह सुबह में धान की रोपनी करने खेत में गये थे। वहां युवक के पिता तथा भाई धान का बिचड़ा उखाड़ रहे थे। थोड़ी दूरी पर सड़क के किनारे एक युवक खड़ा था।

सोनू के पिता व भाई ने बताया कि इसी बीच आरोपित जयमंगल सिंह के पुत्र धूमल सिंह वहां पहुंच गया और सोनू से हालचाल पूछने लगा। हालचाल पूछते-पूछते कमर से पिस्तौल निकाला और सोनू को गोली मार दी।

गोली उसके सीने में लग गई। गोली लगते ही सोनू वहीं गिर गया। घटना को अंजाम देने के बाद हाथ में पिस्टल लहराते आरोपी फरार हो गया।

गोली की आवाज पर अफरा-तफरी मच गई। इस घटना का कारण पूर्व से दोनों पक्षों के बीच 15 कट्ठा जमीन का विवाद बताया जाता है।

उसके बाद स्थानीय पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपित युवक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। वह अभी फरार है।

## नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं हुए नीतीश कुमार

### मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा बिहार का प्रतिनिधित्व कर रहें



**पटना, एजेंसी।** दिल्ली में नीति आयोग की बैठक से सीएम नीतीश कुमार ने दूरी बनाई है। वे इस बैठक में शामिल नहीं हुए। बिहार सरकार की ओर से मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा शामिल हो रहे हैं। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, ललन सिंह और चिराग पासवान भी बैठक में रहेंगे। ये सभी नीति आयोग के सदस्य हैं।

लोकसभा चुनाव के बाद नीति आयोग की यह पहली बैठक है। केन्द्रीय बजट में बिहार को कई योजनाओं-परियोजनाओं के लिए मिली सहायता राशि के बाद इस बैठक का महत्व और बढ़ गया है। इस बैठक में राज्यों को मिलने वाली सहायता और अन्य योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा होगी। बैठक में बिहार अपनी मांगों से भी आयोग को अवगत कराएगा।

नीति आयोग की 9 वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में पीने की पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, भूमि, विज्ञान और तकनीक से जुड़े विभिन्न आयामों के अलावा अन्य कई विषयों पर गंभीर चर्चा होगी। यही नहीं इस बैठक में भारत-2047 के तहत विकसित भारत की परिकल्पनाओं पर विमर्श किया जाएगा।

नीति आयोग की इस महत्वपूर्ण बैठक में देश के सभी राज्यों के सीएम को शामिल होना था। गैर बीजेपी राज्यों के सीएम ने इस बैठक से दूरी बनाई है। देश के कई राज्यों के सीएम नीति आयोग की इस बैठक में शामिल नहीं हो रहें हैं।

## एकलव्य आवासीय स्पोर्ट्स सेंटर में नए खेलों की होगी शुरुआत

### अगस्त महीने में शुरू होगा सेलेक्शन ट्रायल



**पटना , एजेंसी।** एकलव्य आवासीय स्पोर्ट्स सेंटर में कुछ नए खेलों की शुरुआत हो रही है। इसमें रग्बी, तीरंदाजी, साइकिलिंग, कबड्डी, तलवारबाजी, बॉक्सिंग, सेपकटकरा और फेंसिंग शामिल है। इसके लिए बच्चों का सलेक्शन ट्रायल होगा, जिसके माध्यम से बच्चों का एडमिशन इस स्पोर्ट्स सेंटर में होगा। इस बात की जानकारी बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण ने दिया।

बीएसएसए के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण ने कहा कि मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के अंतर्गत पिछले 10-12 साल से बिहार के हर जिले में एकलव्य स्पोर्ट्स सेंटर की स्थापना हुई थी। इसमें कुछ खेलों की नए तरीके से शुरुआत होगी। इन खेलों के लिए नए सिरे से एकलव्य आवासीय स्पोर्ट्स सेंटर खोला जा रहा है। इन खेलों के लिए सलेक्शन ट्रायल अगस्त महीने में होगा।

इसमें 12 से 18 उम्र तक के बालक और बालिका भाग ले सकते हैं। किस जिले में, किस स्थान पर, किस तारीख को यह सलेक्शन ट्रायल होगा इसके बारे में सूचना आगे बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के वेबसाइट और सोशल मीडिया के जरिए दी जाएगी। यह सलेक्शन ट्रायल स्पोर्ट्स एक्सपर्ट करवाएंगे। फिर उसकी लिस्ट बनेगी। 2 अक्टूबर को इन खेलों के लिए एकलव्य आवासीय स्पोर्ट्स सेंटर की शुरुआत की जाएगी।



# टेक्सटाइल के सभी सबसेक्टर्स में करियर संभावनाएं

आज भी कृषि के बाद लोगों को सबसे ज्यादा रोजगार टेक्सटाइल फील्ड में मिला हुआ है। देशवासियों की बढ़ती क्रय शक्ति तथा ब्रांडेड प्रोडक्ट के प्रति बढ़ता आकर्षण इस बात का संकेत है कि टेक्सटाइल एंड गारमेंट इंडस्ट्री में आगे भी तेजी बनी रहेगी। बीते एक दशक में रिटेल सेक्टर के विकास ने भी साबित कर दिखाया है कि उपभोक्ताओं की लाइफस्टाइल और शॉपिंग ट्रेंड्स बदल गए हैं। लोग फैशन और क्वॉलिटी प्रोडक्ट को ज्यादा तरजीह देने लगे हैं। ब्रांडेड प्रोडक्ट्स और एक्सपोर्ट की डिमांड बढ़ने से इस सेक्टर को विकास करने का मौका मिल रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 तक भारतीय टेक्सटाइल बाजार करीब दोगुना हो जाएगा। यही कारण है कि युवाओं के लिए टेक्सटाइल के सभी सबसेक्टर्स – टेक्सटाइल्स एंड अपेरल, हैंडीक्राफ्ट, सोफिस्टिकेटेड मिल, हैंडलूम, जूट और सेरिकल्चर में काम की संभावनाएं तेजी से बढ़ेंगी। इसके अलावा, सरकार द्वारा इंडिया हैंडलूम प्रमोशन जैसी योजना शुरू किए जाने और इस सेक्टर में होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) से भी इस क्षेत्र में विभिन्न स्तरों पर रोजगार में लगातार इजाफा होता रहेगा।

## काम के अवसर

देश में गारमेंट, फैशन, ज्वेलरी, लगेज, एक्सेसरी, होम फर्निशिंग व इंटीरियर टेक्सटाइल का बाजार दिनो-दिन बढ़ रहा है, जहां टेक्सटाइल डिजाइनर्स के लिए ढेर सारे नए अवसर मौजूद हैं। ऐसे प्रोफेशनल्स की विदेश के अलावा गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों, फैशन डिजाइनिंग एजेंसियों, एक्सपोर्ट हाउस और टेक्सटाइल रिटेल जैसी फील्ड में काफी मांग है। सरकार की मदद से चल रही खादी, जूट, सिल्क और क्राफ्ट जैसी संस्थाओं में भी डिजाइनिंग प्रोफेशनल्स के लिए अच्छे अवसर हैं। ऑटोमोटव टेक्सटाइल्स, ऑटोमोबाइल सेक्टर का एक नया उभरता क्षेत्र है, जहां मोटर निर्माण कंपनियां अपनी कारों के इंटीरियर को अपीलिंग लुक देने के लिए ऐसे डिजाइनर्स की खूब सेवाएं ले रही हैं। इसके अलावा, अगर आप टेक्सटाइल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट हैं, तो एग्रीकल्चर फील्ड में रेशम उत्पादन और कपास उत्पादन को बढ़ाने के लिए रिसर्चर की भूमिका अदा कर सकते हैं। युवा चाहें, तो डिजाइनिंग का काम पार्ट-टाइम कर सकते हैं। आप अपना खुद का बुटीक भी खोल सकते हैं। ई-कॉमर्स कंपनियों में भी क्रिएटिव लोगों को हायर किया जाता है। आप चाहें, तो ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए वेंडर भी बन सकते हैं।

## शैक्षणिक योग्यता

टेक्सटाइल डिजाइनिंग में डिग्री, डिप्लोमा या पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा के रूप में कई कोर्स आजकल संचालित हो रहे हैं। ये कोर्स आप 12वीं के बाद कर सकते हैं। ग्रेजुएशन के बाद आप पीजी डिप्लोमा भी कर सकते हैं। अगर चाहें, तो टेक्सटाइल इंजीनियरिंग या टेक्नोलॉजी में बीई या बीटेक कोर्स भी कर सकते हैं।

## प्रमुख संस्थान

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी
- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली




# दूरसंचार उद्योग में कॅरियर

**भारतीय मोबाइल अर्थव्यवस्था विशिष्ट रूप से तीव्र गति से विकासशील है और भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इसके महत्वपूर्ण योगदान करने की संभावना है। बोस्टन कंन्सल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, भारत विश्व में चौथी सबसे बड़ी ऐप अर्थव्यवस्था है। आपने देखा होगा कि ऐप किस तरह ऐप संचार, खरीददारी के हमारे तरीके में बदलाव ला रहे हैं। माइक्रोसॉफ्ट रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2025 तक भारत, विश्व के 4.7 बिलियन इंटरनेट प्रयोक्ताओं में से 700 मिलियन प्रयोक्ताओं वाले अग्रणी देश के रूप में उभरकर सामने आएगा।**

दूरसंचार क्षेत्र के विकास का श्रेय हमारी सरकार की उदार एवं प्रोत्साहनशील नीतियों और उद्योग समूहों को जाता है, जिन्होंने इस क्षेत्र में निवेश को वरीयता दी। दूरसंचार उद्योग में तकनीकी एवं प्रबंधकीय दोनों तरह के रोजगार उपलब्ध हैं।

**नेटवर्क प्रबंधन –** बेस स्टेशन सेवा, कोर नेटवर्क, क्षेत्रगत रखरखाव, ट्रांसमिशन, ऑप्टिकल फाइबर, ब्रॉडबैंड संस्थापन, नेटवर्क सुरक्षा आदि।

**अनुप्रयोग विकास –** मोबाइल एप्लीकेशन्स/गेम्स/ऐप डेवलपर, हैंडसेट सॉफ्टवेयर डेवलपर, ऐम्बैडेड हार्डवेयर डेवलपर, नेटवर्क सॉफ्टवेयर डेवलपर आदि।

बैकग्राउण्ड/पैसिव अवसंरचना – प्रयोक्ताओं का ऐसी अवसंरचनाओं से सीधा संबंध नहीं होता किंतु दूरसंचार सेवाएं उपलब्ध कराने में यह महत्वपूर्ण होती हैं। इनमें ट्रांसमिशन टावर, रेडियो फ्रिक्वेंसी आदि शामिल होती हैं।

**तकनीकी सेवा समर्थन–** इन कार्यों में स्थल पर तथा स्थल से बाहर समर्थन देना और दोषनिवारण शामिल हैं।

उक्त सेवाओं का ध्यान रखने के लिए दूरसंचार कंपनियों को ऐसे कुशल तकनीशियनों की आवश्यकता होती है जिनकी तकनीकी विशेषज्ञता किसी नियमित डिग्री या योग्यता से अधिक महत्व रखती है। उच्च दायित्वों के लिए कंपनियों को ऐसे स्नातक इंजीनियरों की आवश्यकता होती है जो यांत्रिक, वैद्युत या दूरसंचार इंजीनियरी में प्रशिक्षित होते हैं। यांत्रिक तथा वैद्युत इंजीनियरी पाठयक्रम बहुत पहले से उपलब्ध हैं। दूरसंचार इंजीनियरी पाठ्यक्रम, आवश्यकता उत्पन्न होने और दूरसंचार की प्रौद्योगिकी का विकास होने पर बाद में प्रारंभ किए गए। अधिकांश इंजीनियरी संस्थानों में दूरसंचार इंजीनियरी इलेक्ट्रॉनिकी के एक युग्मक के साथ पढ़ाई जाती है, तथापि, ऐसे संस्थान भी हैं जो दूरसंचार इंजीनियरी को विशेष डिग्री के रूप में पढ़ाते हैं। इन दोनों पाठ्यक्रमों की करवेज के बीच बहुत भिन्नता नहीं है और उम्मीदवार पाठ्यक्रम की गुणवत्ता के आश्वासन तथा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और/या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) जैसे विनियामक निकायों द्वारा मान्यता के आधार पर इनमें से कोई भी पाठ्यक्रम चुन सकते हैं।

इलेक्ट्रॉनिकी एवं दूरसंचार इंजीनियरी में दूरसंचार उपस्करों और नेटवर्क की डिजाइनिंग से संबंधित विभिन्न सिद्धांतों और व्यावहारिक पहलुओं का अध्ययन निहित होता है। इलेक्ट्रॉनिक एवं दूरसंचार इंजीनियर एकीकृत सरकिट घटकों, आदि के प्रोटोटाइप का विकास करते हैं। पाठ्यक्रम में सेमिकंडक्टर उपस्कर, नेटवर्क सिद्धांत, सिग्नल्स तथा सिस्टम्स डिजिटल लॉजिक, एनालॉग सर्किट्स की डिजाइनिंग, एंटेना और प्रोपेगेशन, राडार एवं रेडियो नेवीगेशन साधन, संचार प्रणालियां और तकनीकें, इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म, ट्रांसमिशन तकनीकें आदि विषय शामिल किए जाते हैं। पाठ्यक्रम की अवधि 4 वर्ष है और उम्मीदवारों को बी.ई.,बी.टेक या बीएससी (इंजीनियरी) डिग्री प्रदान की जा सकती है। इंजीनियरी में कोई स्नातक पाठयक्रम 10+2 के बाद किया जा सकता है। विभिन्न पॉलिटेकनीकों द्वारा चलाए जा रहे तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेना दूरसंचार इंजीनियरी अध्ययन का एक अन्य विकल्प है, जिसके लिए उम्मीदवार एसएससी उत्तीर्ण होने चाहिएं। ये पॉलिटेक्नीक सामान्यत- राज्य सरकारों द्वारा स्थापित किए जाते हैं। इनमें पाठ्यक्रम शुल्क कम होता है। डिप्लोमा करने के बाद आपको दो विकल्प होते हैं। या तो आप कार्य कर सकते हैं या स्नातक इंजीनियरी पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में प्रवेश ले सकते हैं जिसके लिए कुछ इंजीनियरी कॉलेजों में कोटा प्रदान किया जाता है।

दूरसंचार में इंजीनियरी योग्यता पूरी करने के बाद दूरसंचार प्रबंधन में विशेषज्ञता वाला एमबीए पाठ्यक्रम करना दूरसंचार उद्योग में संकेंद्रित कॅरिअर बनाने का एक माध्यम है। बड़ी दूरसंचार कंपनियां एंट्री लेवल के इंजीनियरी एवं प्रबंधकीय पदों की अपनी आवश्यकता को पूरा करने के लिए अधिकांशत- कैम्पस प्लेसमेंट पर निर्भर होते हैं।



## प्रमुख संस्थान

- एमआईटी दूरसंचार प्रबंधन स्कूल, पुणे।
- एमिटी दूरसंचार प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान, पुणे।
- अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, पुणे।
- सिम्बियोसिस दूरसंचार प्रबंधन संस्थान, पुणे।
- क्षेत्रीय प्रबंधन कॉलेज, भुवनेश्वर, उड़ीसा।
- बालाजी दूरसंचार एवं प्रबंधन संस्थान, पुणे।



# समाज-कार्य में करियर के आयाम

आज दुनिया में हजारों की संख्या में स्वयंसेवी संस्थाएँ मानवीय, सामाजिक, पर्यावरण संबंधी समस्याओं के समाधान में जुटी हुई हैं और संस्थानों को बड़ी संख्या में ऐसे लोगों की आवश्यकता है, जिनमें न केवल सेवा का जज्बा हो बल्कि संबंधित क्षेत्र की जानकारी भी हो। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाली संस्थाएँ, जैसे यूनीसेफ, यूएनडीपी, वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ फंड, रेडक्रॉस, लायंस क्लब,क्राई तो हर साल भारतीय एक्सपर्ट की तलाश में बड़े शहरों में सेमिनार का आयोजन करते हैं। कई संस्थाओं में निदेशक, उपनिदेशक, प्रोग्राम ऑफिसर, टीम लीडर जैसे पदों पर अच्छे वेतनमान के साथ नियुक्त किया जाता है। इसके अलावा अन्य कई क्षेत्र हैं, जिसमें छात्रों को को-ऑर्डिनेटर, सर्वे ऑफिसर एवं पब्लिक रिलेशन ऑफिसर जैसे पदों पर काम करने का मौका मिलता है। इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के इच्छुक छात्रों के लिए राष्ट्रीय ही नहीं, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर काम करने का मौका मिलता है।


समाज कार्य का अर्थ लोगों को उनकी प्रतिदिन की सामाजिक समस्याओं का हल खोजने में मदद करना है। वर्तमान में समाज कार्य की अवधारणा में व्यापक परिवर्तन आया है। यह कार्य केवल दया या परोपकार की भावना से ही नहीं जुड़ा है बल्कि रोजगार के रूप में भी युवाओं को बहुत आकर्षित कर रहा है। जिन छात्रों की रुचि कॅरियर के साथ-साथ समाजसेवा भी है।

अक्सर लोग समाजशास्त्र एवं समाज-कार्य को एक ही समझ लेते हैं। हालाँकि समाज-कार्य का अधिकांश ज्ञान समाजशास्त्रीय सिद्धांतों से लिया गया है, लेकिन समाजशास्त्र जहाँ मानव-समाज और मानव-संबंधों के सैद्धांतिक पक्ष का अध्ययन करता है, वहीं समाज-कार्य इन संबंधों में आने वाले अंतरों एवं सामाजिक परिवर्तन के कारणों की खोज क्षेत्रीय स्तर पर करने के साथ-साथ व्यक्ति के मनोसामाजिक पक्ष का भी अध्ययन करता है। समाज-कार्य करने वाले का आचरण विद्वान की तरह न होकर समस्याओं में पेशेवर के ज़रिये व्यक्तियों, परिवारों, छोटे समूहों या समुदायों के साथ संबंध स्थापित करने की तरफ़ उन्मुख होता है।

आज दुनिया में हजारों की संख्या में स्वयंसेवी संस्थाएँ मानवीय, सामाजिक, पर्यावरण संबंधी समस्याओं के समाधान में जुटी हुई हैं और संस्थानों को बड़ी संख्या में ऐसे लोगों की आवश्यकता है, जिनमें न केवल सेवा का जज्बा हो बल्कि संबंधित क्षेत्र की जानकारी भी हो। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाली संस्थाएँ, जैसे यूनीसेफ, यूएनडीपी, वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ फंड, रेडक्रॉस, लायंस क्लब,क्राई तो हर साल भारतीय एक्सपर्ट की तलाश में बड़े शहरों में सेमिनार का आयोजन करते हैं। कई संस्थाओं में निदेशक, उपनिदेशक, प्रोग्राम ऑफिसर, टीम लीडर जैसे पदों पर अच्छे वेतनमान के साथ नियुक्त किया जाता है। इसके अलावा अन्य कई क्षेत्र हैं, जिसमें छात्रों को को-ऑर्डिनेटर, सर्वे ऑफिसर एवं पब्लिक रिलेशन ऑफिसर जैसे पदों पर काम करने का मौका मिलता है। इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के इच्छुक छात्रों के लिए राष्ट्रीय ही नहीं, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर काम करने का मौका मिलता है।

इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए देश में कई संस्थानों में पूर्णकालिक एवं अंशकालिक कोर्स की व्यवस्था है। इसमें मास्टर डिग्री, पीजी डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स, तीन तरह के पाठ्यक्रम हैं। मास्टर डिग्री के लिए छात्र की योग्यता किसी संकाय में स्नातक होना अनिवार्य है, जबकि एकवर्षीय पीजी डिप्लोमा के लिए भी योग्यता इसी के समकक्ष होनी चाहिए। सर्टिफिकेट कोर्स के लिए छात्र का बारहवीं पास होने के साथ इस क्षेत्र में अनुभव होना आवश्यक है। कई संस्थान समाज कार्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु भर्ती परीक्षा का भी आयोजन करते हैं।

सामाजिक कार्य क्षेत्र में आप निजी और सरकारी कंपनियों में कार्मिक अधिकारी समुदाय संगठनकर्ता या समन्वयक, सामाजिक कार्यकर्ता आदि पदों पर भी रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इसके जरिए आप सामाजिक कार्य के प्रति समर्पित भी हो सकते हैं। व्यावसायिक सामाजिक कार्यकर्ता बनने के लिए आपको मानव संसाधन प्रबंधन, अपराध विज्ञान और सुधारात्मक प्रशासन, चिकित्सक और मनोचिकित्सक, सामाजिक कार्य, परिवार और बाल कल्याण, ग्रामीण और शहरी सामुदायिक विकास और स्कूल सामाजिक कार्य जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता के साथ सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर उपाधि उत्तीर्ण करना आवश्यक है।



# मूर्तिकला में गढ़ें सुनहरा भविष्य

**अपने घरों में सजावट के लिए ही सही, लोगों में मूर्तियों के प्रति मोह बढ़ रहा है, जिसने विभिन्न तरह की मूर्तियों की मांग में काफी इजाफा किया है। एक सर्वेक्षण के मुताबिक, पिछले 20 वर्षों में मूर्तियां बनाने वालों की संख्या लगभग 15 गुना बढ़ी है। इनमें पारंपरिक रूप से मूर्ति बनाने का काम करने वाले करीब पांच प्रतिशत हैं, वहीं इस क्षेत्र में डिग्री लेने वालों की संख्या लाखों में है। ऐसे युवाओं के लिए मूर्तिकला स्वरोजगार का अच्छा जरिया बन सकती है।**

बदलते परिवेश में घर, दफ्तर, होटल, पार्क सभी जगह यह कला सजावट का एक बेहतरीन माध्यम होकर उभर रही है। यह कला त्रिआयामी होती है। इसलिए इसके माध्यम से किसी भी समस्या को बेहतर तरीके से प्रकट किया जा सकता है। कलाकार अपनी कला और मेहनत के बल पर अच्छी-खासी कमाई कर रहे हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि इस कला का बीता समय जितना पुराना और खूबसूरत रहा है, उतना ही बढ़िया भविष्य भी इसमें है। देश में तो इस कला की मांग बढ़ी ही है इसके अलावा विदेशों में भी इसकी अच्छी-खासी मांग है। एक-एक मूर्ति एक लाख रुपए से लेकर करोड़ों रुपए तक में बिकती है।

## कोर्स

मूर्तिकला के क्षेत्र में स्नातक स्तर से कोर्सेज कराए जाते हैं। इनमें यूनिवर्सिटी ग्रान्ट कमीशन द्वारा स्नातक स्तर पर चार वर्षीय कोर्स बीवीए का होता है और स्नातकोत्तर स्तर पर दो वर्षीय कोर्स एमवीए का होता है। ऐसे ही आल इंडिया काउंसिल ऑफ टेक्निकल एजुकेशन यानी एआईसीटीई द्वारा स्नातक स्तर पर चार वर्ष में बीएफए और स्नातकोत्तर स्तर पर दो वर्ष में एमएफए की डिग्री हासिल की जा सकती है। एमवीए और एमएफए के बाद अगर आप चाहें तो पीएचडी भी कर सकते हैं।

## योग्यता

स्नातक स्तर पर प्रवेश के लिए तो आपका कम से कम बारहवीं पास होना जरूरी है, जबकि स्नातकोत्तर करने के लिए बीवीए या बीएफए होना जरूरी होता है।

## प्रवेश

स्नातक स्तर पर प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा देनी होती है, जो कहीं-कहीं केवल लिखित होती है और कहीं-कहीं लिखित और मौखिक, दोनों रूपों में ली जाती है। इन परीक्षाओं द्वारा मूर्तिकला में आपकी रुचि, धातुओं, पत्थरों और मिट्टी की जानकारी आदि के अलावा आपकी कलात्मक क्षमता और उसके विकास की संभावनाओं का पता लगाया जाता है।

## फीस

कॉलेजों में करीब पांच हजार से लेकर 20 हजार तक में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के लिए आठ हजार से लेकर 25-26 हजार तक वार्षिक फीस ली जाती है। कुछ प्राइवेट संस्थान भी प्रशिक्षण देते हैं, जिनमें 10 से लेकर एक लाख रुपए तक फीस वसूली जाती है।

## संभावनाएं

एक नया कलाकार जिसे कला की ठीक-ठाक समझ है वह शुरूआत में कम से कम 15 से 20 हजार रुपए महीने तक आसानी से कमा सकता है। अधिकतम की तो कोई सीमा ही नहीं है। दरअसल पर्यटन के लिहाज से भारत लोगों की पहली पसंद बनता जा रहा है। विदेशी पर्यटकों को लुभाने के लिए होटलों व लॉज में भारतीय कला का प्रयोग बढ़-चढ़कर हो रहा है। ऐसे में बिल्डर्स मूर्तिकारों की मदद लेते हैं। फव्वारे, दीवारों और सीलिंग पर नक्काशी करवाने के लिए ठेके पर इन्हें रखा जाता है। इनके हुनर के मुताबिक इनकी कमाई लाखों में होती है।कई बिल्डर तो स्थाई तौर पर अपने यहां इनकी नियुक्ति भी करते हैं। बुद्ध, गणेश, फीमेल फीगर व सामाजिक समस्याओं को दशार्ते मॉडल लोगों को बेहद पसंद हैं। ऐसे कलाकार जो पारंपरिक कला को नया लिबास या यूं कहें कि ग्लैमर लुक देने में माहिर हैं, उनके लिए यह क्षेत्र कॅरियर का एक बेहतर विकल्प है। भारतीय मूर्तिकारों में देसी और विदेशी ग्राहकों की बढ़ती दिलचस्पी से भी इनके काम को बढ़ावा मिला है। बहुत से निर्यातक मूर्तिकारों की कलाकृतियों को विदेश भेजकर कमाई करते हैं, जिसमें से एक बड़ा हिस्सा मूर्तिकारों को भी दिया जाता है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# अगले दौर के सुधारों का वादा

वित्त वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट में जिस एक मुद्दे पर काफी ध्यान दिया गया है, वह है युवाओं को रोजगार। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2 लाख करोड़ के खर्च से तीन योजनाएं शुरू करने का वादा किया है, जिनसे 4.1 करोड़ युवाओं को फायदा होने का दावा किया गया है। इनमें रोजगार के साथ कौशल विकास भी शामिल है। कौशल विकास के लिए देश की 500 बड़ी कंपनियों में 5 साल में 1 करोड़ युवाओं की इंटर्नशिप का प्रस्ताव रखा गया है। इस योजना को कामयाब बनाने के लिए सरकार अपनी ओर से आर्थिक मदद तो देगी ही, कंपनियों को भी ष्टस्क्रफंड से ट्रेनिंग पर खर्च करने की इजाजत दी गई है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को कुछ राज्यों में रोजगार के मुद्दे पर युवाओं की नाराजगी का सामना करना पड़ा था। ऐसा लगता है, उससे सबक सीखते हुए एनडीए सरकार ने इन योजनाओं का एलान किया है। इसके साथ, एनडीए सहयोगियों जेडीयू और टीडीपी को भी बजट घोषणाओं के जरिये खुश करने की कोशिश दिखी। अंतरिम बजट के बाद मध्य वर्ग को भी रियायतें नहीं मिलने की शिकायत आई थी। वित्त मंत्री ने 2024-25 के पूर्ण बजट में उसे भी दूर किया है। उन्होंने सैलरीड एंप्लॉयीज के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन की रकम 50 हजार से बढ़ाकर 75 हजार रुपये करने के साथ न्यू टैक्स रिजीम के टैक्स स्लैब में बदलाव करके इस वर्ग को राहत दी है। पिछले वित्त वर्ष में दो तिहाई टैक्सपेयर्स न्यू टैक्स रिजीम में थे, इसलिए इसका फायदा काफी लोगों को मिलेगा। आशा है कि इससे कंजम्पशन को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ अगले पांच वर्षों में शहरी क्षेत्रों में 1 करोड़ गरीबों और मध्य वर्ग के लोगों को घर के मद में सरकार 2.2 लाख करोड़ रुपये की मदद देगी, जबकि इस पर कुल खर्च 10 लाख करोड़ रुपये रहने की उम्मीद है। पिछले कई बजट से इस सरकार का इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट पर फोकस बना रहा है। वित्त मंत्री ने इसके लिए 11.11 लाख करोड़ के कैपिटल एक्सपेंडिचर का प्रस्ताव रखा है, जो त्नष्ठक्कका 3.4त्न है। पिछले वर्षों में कैपिटल एक्सपेंडिचर में बढ़ोतरी की वजह से ही देश की आर्थिक विकास दर ऊंची बनी हुई है। इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सरकार का फोकस इस बात से भी जाहिर होता है कि वित्त मंत्री ने आने वाले 5 वर्षों में इस क्षेत्र के लिए मजबूत वित्तीय मदद मुहैया कराने का वादा किया। इस सिलसिले में केंद्र की ओर से राज्यों को भी वित्तीय मदद जारी रहेगी। वित्त मंत्री ने कहा है कि मौजूदा वित्त वर्ष में राज्यों के लिए 1.5 लाख करोड़ के ब्याज मुक्त कर्ज का प्रावधान किया जा रहा है। वहीं, बजट में शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स में बढ़ोतरी के एलान के बाद बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में अच्छी गिरावट आई थी, लेकिन जब बाजार बंद हुआ, तब ये कमोबेश सोमवार के लेवल के करीब रहे। हालांकि, मिड कैप और स्मॉल कैप सूचकांक में कमजोरी कुछ ज्यादा रही। फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस पर भी टैक्स में बढ़ोतरी हुई है, जिसके बारे में पहले से ही अटकलें लगाई जा रही थीं। हालांकि, कुछ फाइनैंशल असेट्स पर कैपिटल गेन्स से छूट को बढ़ाकर 1.25 लाख रुपये सालाना किया गया है। यूं तो निवेशकों को टैक्स बढ़ने से निराशा हुई है, लेकिन फिस्कल कंसॉलिडेशन जारी रहने से खासतौर पर विदेशी निवेशक और रेटिंग एजेंसियां खुश होंगे। वहीं, वित्त मंत्री ने एंजेल टैक्स खत्म करने का एलान किया है, जो स्टार्टअप्स निवेशकों के लिए अच्छी खबर है। इसके साथ वित्त मंत्री ने अगले दौर के रिफॉर्म्स का भी वादा किया है। अगर वह लैंड और लेबर जैसे क्षेत्रों में रिफॉर्म्स के वादे को पूरा कर पाती हैं तो उससे निश्चय ही ग्रोथ की रफ्तार तेज होगी।

# राहत की दरकार से ज्यादा सरकार को टिकाए रखने वाला बजट

(अजय बोकिल)

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा सातवीं बार पेश देश के वर्ष 2024 25 के बजट में लोकसभा चुनाव के दौरान चर्चा में रही मोदी गारंटी की छाया ज्यादा नहीं दिखाई दी। बेशक यह बजट देश की आर्थिकी के विकास को आगे बढ़ाने वाला दूरगामी बजट है, लेकिन आम लोगों को बजट से तत्काल बड़ी राहत की जो उम्मीदें से थीं, वह नदारद हैं। पहली नजर में यह साफ है कि मोदी सरकार की प्राथमिकता अपनी गठबंधन सरकार को बचाए रखने की है। जिस तरह जद यू और टीडीपी की बैसाखियों पर यह एनडीए सरकार चल रही है, उसके चलते बिहार और आंध्र प्रदेश पर मेहरबानी होना स्वाभाविक ही था। हालांकि मोदी सरकार ने नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू द्वारा उनके राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग ठुकरा दी है, लेकिन वो समर्थन के बदले केन्द्र से ज्यादा हिस्सेदारी मांगते और लेते रहेंगे, यह तय है। हैरानी की बात यह है कि इस साल जिन चार राज्यों महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने हैं, उन्हें भी बजट में कुछ खास नहीं दिया गया है। लेकिन दीर्घकालीन विकास की दृष्टि से देखें तो यह बजट विकास की बुनियाद को मजबूत करने तथा उसी दिशा में आगे बढ़ने के संकल्प से प्रेरित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जहां इसे दूरगामी और देश को नई ऊंचाई पर ले जाने वाला बजट बताया है वहीं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इसे 'कुर्सी बचाओ बजट' की संज्ञा दी है। इस बजट से यह राजनीतिक संदेश भी स्पष्ट है कि मोदी सरकार को अपनी मजबूती पर पूरा भरोसा है। साथ ही उसे इस साल होने वाले चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में जीतने के लिए किसी लोकलुभावन टोटके की गरज नहीं है। अब यह मोदी सरकार का आत्मविश्वास है अथवा अति आत्मविश्वास, यह तो विस चुनाव नतीजों से पता चल जाएगा। पूरे बजट को अगर राजनीतिक नजरिए से देखें तो मोदी सरकार 3.0 के बजट में वित्त मंत्री ने लोकसभा चुनाव का नरेटिव बदलने वाले

*आम जनता क्या चाहती है और क्या सोच रही है, इसकी सरकार को ज्यादा चिंता है, ऐसा नहीं लगता। लिहाजा यह बजट तात्कालिक समस्याओं के समाधान के लिए नहीं बल्कि सुनहरे और विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक और कदम तथा किसी महापूजा के पहले किए जाने वाले रस्मी आचमन की तरह है। आशय यह कि स्वर्णिम भारत बनाना है।*

मुख?य मुद्दे जैसे कि बेरोजगारी, महंगाई व किसानों की समस्या आदि को एड्रेस तो किया है, लेकिन आराम के साथ और वो भी कुछ घुमा फिरा कर। बेरोजगारी की बात करें तो वित्त मंत्री एक भी ऐसी घोषणा नहीं की, जिससे यह संदेश जाए कि खुद सरकार बड़े ?नियोक्ता के रूप में सामने आना चाहती है। इस मामले में ज्यादातर भरोसा निजी क्षेत्र और स्वरोजगार पर जताया गया है। सरकार बड़ी 500 कं?पनियों में इंटर्न शिप करने वाले युवाओं को पांच हजार रुपये का मासिक भत्ता देगी। लेकिन कितनी कंपनियां अनिवार्य रूप से इंटर्न रखेंगी और कितने इंटर्न रखेंगी, इसका कोई रोड मैप वित्त मंत्री ने नहीं दिया है। कांग्रेस नेता पी. चिदम्बरम ने इस पर यह कहकर चुटकी ली कि इंटर्नशिप भत्ते का प्रावधान कांग्रेस का घोषणा पत्र पढ़कर किया गया लगता है। दूसरी तरफ सरकार का जोर रोजगार कौशल विकास और अन्य रोजगार के अवसर बढ़ाने पर है। जबकि युवाओं को उम्मीद थी कि सरकार बड़े पैमाने पर सीधी भर्तियों का ऐलान करेगी। लेकिन वैसा कुछ बजट में नहीं है। अलबत्ता बजट में देश के 4.1 करोड़ युवाओं के लिए पांच साल में रोजगार-कौशल और अन?य अवसरों के लिए प्रधानमंत्री की पांच योजनाएं और पहले की गई हैं,? ?जिनमें ~ईपीएफओ में पंजीकृत पहली बार रोजगार पाने वाले कर्मचारियों को 15 हजार रुपये तक के एक महीने का वेतन तीन किस्तों में देना, कर्मचारी और नियोक?ता दोनों को सीधे विनिर्दिष?ट स?केल पर प्रोत?साहन राशि उपलब?ध कराना जो नौकरी के पहले चार साल में दोनों के ईपीएफओ योगदान पर निर्भर है, सरकार नियोक?ता को उसके ईपीएफओ योगदान के लिए दो साल तक हर अतिरिक?त कर्मचारी पर 3000 हजार रुपये प्रत?येक महीना भुगतान का प्रावधान है। साथ ही अगले पांच साल की अवधि में 20 लाख युवाओं का कौशल बढ़ाने की बात कही गई है। सीधे नौकरी देना और नौकरी पाने के हालात पैदा करना दोनो अलग अलग बातें हैं। इसी तरह महंगाई को लेकर भी सरकार खास चिंता में नहीं दिखी। उसने जनता को सीधे मिलने वाली किसी राहत का ऐलान नहीं किया। जहां तक किसानों की बात है तो बजट में कृषि और उससे जुड़े सेक्टरों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये की घोषणा हुई है। लेकिन किसानों की एमएसपी को कानूनी आधार देने की मांग का कोई जिक्र नहीं है। यहां तक कि किसान सम्मान निधि भी नहीं बढ़ाई गई है। मोदी सरकार का एक बड़ा समर्थक देश का मध्यम वर्ग रहा है। लेकिन बजट में आयकर छूट व स्टैंडर्ड डिडक्शन वृद्धि के रूप में ऊंट के मुंह में जीरे जैसी राहत दी गई है। क्योंकि जो टैक्स स्लैब बनाए गए हैं, वो इतने छोटे हैं कि एक वेतन वृद्धि और डीए में ही स्लैब बदल सकता है। न्यू टैक्स रिजीम में स्टैंडर्ड डिडक्शन को 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 75 हजार रुपये कर दिया गया है। साथ ही न्यू टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव किया गया है। वित्त मंत्री का दावा है कि इससे 10 लाख रुपये से ज्यादा वेतन पाने वालों को सालाना 17,500 रुपये तक की बचत होगी। लेकिन पुराने टैक्स रिजीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। देश में अधोसंरचना विकास और सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की बात है। पूर्वोदय नाम से पूर्व व पूर्वोत्तर के राज्यों के विकास के लिए योजना है। समूचे बजट में सबसे ज्यादा मेहरबानी बिहार और आंध्र पर ही दिखती है। यहां तक कि भाजपा शासित यूपी, मप्र, राजस्थान, छग आदि बड़े राज्यों को भी ज्यादा कुछ नहीं मिला है। ऐसे में विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्य जैसे कि पश्चिम बंगाल, पंजाब, तमिलनाडु, केरल आदि को तो उम्मीद भी रखनी नहीं चाहिए थी। विपक्षी दल इसे बजट में राजनीतिक भेदभाव के रूप में देख रहे हैं। इसी तरह देश में बढ़ती रेल दुर्घटनाओं के मद्दे नजर रेल अधोसंरचना विकास के लिए ज्यादा रकम तथा सुरक्षा के बेहतर उपाय की बजट में नजर नहीं आए। किसी नई रेल का ऐलान भी नहीं हुआ। कैपिटल गेन टैक्स में राहत की बजाए उसे बढ़ाने के बजट प्रस्ताव से शेयर बाजार उठने की जगह और गिर गया। कुलमिलाकर मोदी सरकार यह मान कर चल रही है कि दो नेताओं को साधने से पूरी सरकार पांच सालों के लिए सध जाएगी। इसमें यह अतिआत्मविश्वास भी छिपा है कि जनता उसे आजादी की शताब्दी मनने तक भाजपा ही सत्ता में बनाए रखेगी।

# बढ़ते भारत की बेहतर तस्वीर पेश कर रहा आर्थिक सर्वे

(दलीप कुमार, अर्थशास्त्री)

सोमवार को संसद-पटल पर रखा गया साल 2023-24 का आर्थिक सर्वे विकसित होते भारत की तस्वीर दिखा रहा है। इसमें अनुमान लगाया गया है कि 2023-24 में भारत की वास्तविक जीडीपी में 8.2 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि 2022-23 में यह 6.5 प्रतिशत थी। यह स्थिति तब है, जब विश्व की औसत विकास दर 3.2 प्रतिशत ही है। यही नहीं, भारत की जीडीपी की वृद्धि दर 2024-25 में 6.5 से सात प्रतिशत तक रहने का अनुमान लगाया गया है। अर्थव्यवस्था में यह भरोसा इसलिए बना है, क्योंकि सर्वेक्षण मानता है कि देश का भू-राजनीतिक महत्व, आर्थिक झटकों को झेलने की क्षमता और ठोस व स्थिर घरेलू वृद्धि से भारत आर्थिक रूप से लगातार मजबूत बन रहा है। यही कारण है कि अब विशेष तौर पर शोध व अनुसंधान के क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने की बात आर्थिक सर्वेक्षण में कही गई है। बहरहाल, सर्वे में सबकी नजर रोजगार के आंकड़ों पर थी। बेरोजगारी बढ़ने को लेकर लगातार सरकार पर हमला बोला जाता रहा है, मगर आर्थिक सर्वे की मानें, तो देश में बेरोजगारी घटी है। 2017-18 में यह दर जहां 17.8 प्रतिशत थी, वहीं साल 2022-23 में यह घटकर 10 प्रतिशत रह गई। अच्छी बात है कि शहरी बेरोजगारी में भी कमी आई है, भले ही यह बेहद मामूली ही क्यों न हो। दरअसल, आम लोगों की नजर में रोजगार का मतलब सरकारी या स्थायी नौकरी होता है, पर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, यानी ईपीएफओ के आंकड़ों के आधार पर भी सरकार रोजगार की स्थिति नापती है और यह आंकड़ा बताता है कि 2019 में जहां 61.1 लाख कर्मचारियों के पास ईपीएफओ खाता था, वहीं 2024 में यह बढ़कर 131.5 लाख हो गया। यानी, पांच वर्षों में करीब-करीब दोगुनी संख्या में नए कामगार ईपीएफओ से जुड़े हैं। सुखद है कि श्रमबल में महिलाओं की संख्या भी अच्छी-खासी बढ़ी है और उनमें 2017-18 से लेकर 2022-23 में 16.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। महंगाई को लेकर भी आर्थिक सर्वे में कुछ अलग कहानी दिखती है। मुद्रास्फीति दर, जो 2022-23 में 6.7 प्रतिशत थी, वह 2023-24 में घटकर 5.4 हो गई है। इसमें मूलतः थोक महंगाई दर शामिल है। वैसे, खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई है और यह पिछले साल के 6.6 प्रतिशत की तुलना में इस वर्ष बढ़कर 7.5 प्रतिशत हो गई, जिसकी ठोस वजहें भी हैं। वास्तव में, जलवायु परिवर्तन को खाद्य मुद्रास्फीति दर बढ़ने की एक बड़ी वजह माना जाता है। प्रकृति का अनुकूल न रहना, अतिवृष्टि, अनावृष्टि जैसे कई कारक हैं, जो हमारी खेती को प्रभावित कर रहे हैं। इन सबसे खाद्य मुद्रास्फीति ऊपर-नीचे होती रहती है। वैसे, विशेषकर आलू, प्याज और टमाटर की कीमतें बढ़ी हैं। चावल, दाल आदि खाद्यान्नों में बहुत ज्यादा उछाल नहीं है। सामाजिक सुरक्षा की बात करें, तो कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर), यानी कॉरपोरेट जगत की सामाजिक जिम्मेदारी बढ़ी है। यह जिम्मेदारी उन कंपनियों पर लागू होती है, जिनकी सालाना कमाई 1,000 करोड़ या सालाना लाभ पांच करोड़ रुपये है। उनको अपने तीन साल के औसत लाभ का कम से कम दो प्रतिशत समाज की बेहतरी के कार्यों पर खर्च करना होता है। आर्थिक सर्वे के मुताबिक, इस राशि में 53 फीसदी की वृद्धि हुई है और यह 2017-18 की 17,096 करोड़ रुपये की तुलना में बढ़कर 2021-22 में 26,278 करोड़ हो गई है, जो संकेत है कि उद्योगों के लिए देश में माहौल अनुकूल है। यह भी एक वजह है कि चीनी निवेश की अनुमति दे दी गई है। माना गया है कि द्विपक्षीय रिश्तों में आई खटास के कारण सरकार ने चीनी निवेश पर प्रतिबंध लगा दिया था, मगर आम जनता के हित में अब ऐसा नहीं किया जा सकता। इसका फायदा यह भी होगा कि टैक्स की चोरी नहीं होगी और सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी।

# आज का राशिफल

### मेष

आज दिन बेहद भाग्यशाली रहेगा और आपके सभी कार्य बिना किसी बाधा के पूर्ण होंगे। ऑफिस में लोग आपसे आगे निकलने का प्रयास करेंगे और इस कारण उल्टी सीधी तरकीब लगाएंगे। आप धीरे धीरे सफलता की ओर कदम बढ़ाएंगे और कोई बड़ा रुका कार्य पूर्ण हो सकता है। लेकिन कोई नया कार्य शुरू करने के लिए समय अनुकूल नहीं है।

### वृष

आज दिन लाभ से भरा होगा, लेकिन साथ ही काम को लेकर आपको काफी चुनौतियों का भी सामना भी करना पड़ेगा। आपके सामने कई तरह की जिम्मेदारियां रहेंगी किसी प्रकार की सुव्यवस्था करने में आपका दिन बीतेगा। आप सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और इस चक्कर में आप अपने ऊपर ध्यान नहीं दे पाएंगे।

### मिथुन

आज भाग्य साथ दे रहा है और अच्छे कार्य में आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी। काफी समस पहले लिया गया कोई निर्णय आज आपको लाभ देगा। संतान पक्ष के विवाह में आ रही अड़चनें समाप्त होंगी और रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। जन संपर्क के मामले में लाभ होगा।

### तुला

आज लाभ होगा और आपको हर कार्य में भाग्य का साथ मिलेगा। ऑफिस में लोग आपके खिलाफ कोई साजिश कर सकते हैं सावधान रहें, वरना परेशानी बढ़ सकती है। सांसारिक सुख भोग के साधनों पर शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा। आपस में काफी समय से चल रही कटुता आपसी समझौते से समाप्त हो जाएगी। नया परिचय मित्रता में परिवर्तित हो सकता है।

### वृश्चिक

आज करियर के मामले में लाभ होगा और भाग्य आपका साथ देगा। कहीं से रुका पैसा मिलने से दूसरी योजनाएं आरंभ हो सकती हैं। पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। ऑफिस में प्रतिद्वन्दियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी और आपके घर में कोई मेहमान मिलने आ सकता है।

### धनु

आज भाग्य का साथ मिलेगा और काफी समय से रुका कोई कार्य पूर्ण होने से आपको खुशी होगी और यह खुशी आप परिवार के लोगों के साथ साझा करेंगे। आपको संतान की तरफ से सुखद समाचार मिलेगा और कारोबार में भाग्य भी आपका साथ देगा। संतान पक्ष के करियर में हो रही तरक्की को देखकर खुश होंगे और आपको कोई हर्षदायक समाचार से मनोबल बढ़ेगा।

### कर्क

आज करियर के मामले में दिन काफी चुनौतीपूर्ण रहेगा। आप कोई भी फैसला बिना सोचे न करें। कोई महत्वपूर्ण व्यवसायिक अनुबंध आपके पक्ष में हो सकता है। यदि आप आज अपनी बात दूसरों तक पहुंचाने में कामयाब होंगे तो आने वाले समय में आपको लाभ होगा। वरिष्ठ व्यक्ति भी आपकी प्रशंसा करेंगे।

### सिंह

आज करियर में तरक्की के योग हैं और आपके लिए धन प्राप्ति के शुभ योग बन रहे हैं। आज पूरे दिन आय के नये स्रोत सामने आएंगे। विरोधी पक्ष के लोग परेशान होंगे और आपको आज मेहनत करने पर सफलता प्राप्त होगी। धन सम्मान में वृद्धि होने से मन प्रसन्न रहेगा और योजनाएं पूर्ण होंगी। व्यवसाय में अधिक धन लगाना लाभकारक रहेगा।

### कन्या

आज दिन मिलाजुला रहेगा। किसी कारण से आपकी ऑफिस में अधिकारियों से अनबन हो सकती है। क्रोध पर नियंत्रण बनाये रखें तो आपको लाभ होगा। नये संबंध से भाग्य चमकेगा। सामाजिक सम्मान मिलेगा। मित्रों के साथ लम्बी यात्रा पर जाना हो सकता है।

### मकर

आज करियर के मामले में लाभ होगा और दिन आपका खुशी में बीतेगा। ऑफिस में आपको अच्छे लोगों का साथ मिलने से मन में काफी प्रसन्नता रहेगी। उच्चाधिकारियों की कृपा से भूमि-जायदाद संबंधी विवाद का समाधान भी हो जाएगा। शाम के वक्त सेहत कुछ नासाज हो सकती है। ध्यान रखें और किसी से धन का लेनदेन न करें।

### कुंभ

आज दिन कर्मफल की सिद्धि से भरा होगा। आपको रुका धन मिलने के योग हैं। किसी वृद्ध महिला का आशीर्वाद मिलने से उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। बहुत समय से चल रहे विवाद का अंत होगा। आपको कोई ऐसी समस्या हो सकती है कि आपको परिवार के लोगों से मदद लेनी पड़ सकती है। भाग्य का साथ मिलेगा और आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा।

### मीन

आज लाभ होगा और आपका दिन सफलता से भरा होगा। मेहनत से काम करने पर लाभ होगा। आय कम और व्यय कम होने से कुछ वक्त के लिए आपका मूड खराब हो सकता है। किसी काम से आपको व्यर्थ की भागदौड़ करनी पड़ेगी और आपके गुप्त शत्रु आपको परेशान कर सकते हैं। सूर्यास्त होते समय कुछ राहत मिल जाएगी और आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5444

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | 8 | | 6 |
| | | 3 | 8 | | 2 | | | |
| 6 | | | | | 4 | 9 | 5 | |
| 3 | 6 | | | 1 | | | | |
| 4 | | | 3 | | 5 | | | 7 |
| | | | | 2 | | | 3 | 9 |
| | 9 | 1 | 5 | | | | | 4 |
| | | | 2 | | 1 | 7 | | |
| 8 | | 4 | | | | 2 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आडी व खडी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5443

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 6 | 3 | 9 | 5 | 1 | 2 |
| 1 | 3 | 9 | 5 | 8 | 2 | 7 | 6 | 4 |
| 6 | 2 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 3 | 4 | 5 | 1 |
| 5 | 6 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 2 | 3 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 6 |
| 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 8 | 2 | 9 | 7 |
| 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 6 | 3 | 8 |

## वर्ग पहेली 5444

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | 7 | | ■ | 8 | |
| 9 | 10 | ■ | 11 | | | ■ | |
| 12 | | 13 | ■ | | ■ | 14 | |
| | ■ | 15 | 16 | | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | 17 | | ■ | 18 | | 19 |
| 20 | ■ | | ■ | 21 | | | |
| 22 | | | ■ | ■ | 23 | | ■ |

संकेत: बाएं से दाएं
1. 1893 को अमेरिका में यहां विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद ने कट्टरता, सहिष्णुता और सभी धर्मो मे निहित सच्चाई पर ऐतिहासिक भाषण दिया था (3)
3. भारत के दक्षिण-पश्चिम में एक द्वीप समूह जिसकी राजधानी माले है (4)
6. यह वृक्ष सबसे अधिक आक्सीजन देता है (3)
8. वह प्राणी जो पुरूष जाति का हो (2)
9. लगातार चलते रहने का क्रम (2)
11. भेजा गया, प्रस्थित (3)
12. एक प्रसिद्ध वाद्य जो शंकर भगवान को प्रिय था (3)
14. मुझे (मराठी )(2)
15. पालने वाला (3)
17. ग्राम, खेड़ा, छोटी बस्ती (2)
18. गुजरात के एक प्रधान नगरी जो हिंदू धर्म मानने वालों के चार धामों में से एक है (3)
21. काजल, अंजन (4)
22. क्रिकेट में गेंदबाजी की एक तकनीक (3)
23. पराग के कण, गर्द, धूल (2)

संकेत: ऊपर से नीचे
9. शिव का प्रलय नाच (5)
2. ग्वालिन, गोपिका, छिपने वाला (2)
3. माल ढोने वाला, माल ले जाने वाला (5)
4. दयनीय अवस्था, गरीब, दरिद्र (2)
5. वह माला जो वधू द्वारा वर को गले में पहनाई जाए (4)
7. पंख, किंतु, लेकिन, डैना (2)
10. मनोविकार, दोष, परेशान, व्याकुल (2)
13. टीवी धारावाहिक महाभारत में द्रोपदी की भूमिका निभाने वाली लोकप्रिय कलाकार (5)
14. अहिरावण का एक द्वारपाल जो पुराणानुसार हनुमान का पुत्र माना गया है (5)
16. प्रेम, प्यार, इश्क, मुहब्बत (अंग्रेजी) (2)
18. इसे वैश्य युग कहा गया है (3)
19. कार्य, काम, बटन का घर (2)
20. वातग्रस्त से व्यक्ति, लंगड़ा, शक्तिहीन (2)

### वर्ग पहेली 5443 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गो | विं | द | व | ल्ल | भ | पं | त |
| द | ■ | वा | र | ■ | ला | ग | त |
| सू | ना | ■ | द | म | ■ | त | ■ |
| नी | म | ■ | क्षि | ति | ज | ■ | जा |
| र | ■ | गु | णा | ■ | ल | कु | ट |
| ह | ला | ल | ■ | आ | दे | श | ■ |
| जा | ■ | जा | वा | ■ | व | ■ | लौ |
| ना | ह | र | ■ | सु | ता | र | ■ |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

## संक्षिप्त समाचार

### नीति आयोग की बैठक से सीएम हेमंत सोरेन ने बनाई दूरी, मीटिंग में नहीं होंगे शामिल



रांची, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज यानी 27 जुलाई को नीति आयोग की नौवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक है। नीति आयोग की इस महत्वपूर्ण बैठक में कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हो रहे हैं। वहीं, आइएनडीआइए के अधिकांश घटक दलों व विपक्षी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इस बैठक का बहिष्कार किया है और इस बैठक से दूरी बनाई है। इसमें झारखंड सरकार को मुख्यमंत्रि हेमंत सोरेन का नाम भी शामिल है। सीएम हेमंत सोरेन भी इस बैठक में शामिल नहीं होंगे। हालांकि, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंच चुकी हैं। वहीं एनडीए के सहयोगी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अभी तक अपनी बैठक में शामिल होने पुष्टि नहीं हो पाई है।

### गिरिडीह में नाराज पिता ने अपनी 40 वर्षीय बेटी की कर दी हत्या

गिरिडीह, एजेंसी। गिरिडीह के देवरी थाना क्षेत्र में एक नाराज पिता ने अपनी चालीस वर्षीय बेटी की धारदार हथियार से काटकर उसकी हत्या कर दी. शव उसके घर के दरवाजे पर शनिवार सुबह बरामद हुआ है. घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है.जानकारी के मुताबिक गिरिडीह के महेशियादिघी गांव का रहने वाला पिता प्रभु सिंह ने शुक्रवार रात 8 बजे अपनी बेटी मंजू देवी की धारदार हथियार से मारकर उसकी हत्या कर दी. इसके बाद शव को घर के दरवाजे पर फेंक दिया. सुबह में जब आसपास के रहने वाले लोग उठे तो उन्होंने मृत महिला मंजू देवी का शव दरवाजे के बाहर पाया. इसके बाद इसकी जानकारी पुलिस को दी.घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे लेकर पूछताछ शुरू की. पूछताछ के दौरान आरोपी पिता ने अपना जुर्म कबूल कर लिया. पुलिस की मानें तो वह अपनी बेटी के अवैध संबंध से नाराज चल रहा था. गुस्से आकर उन्होंने देर रात अपनी बेटी को मौत के घार उतार दिया. इसके बाद शव को घर के आंगन में फेंक दिया फिर हत्या में प्रयुक्त हथियार को शौचालय के छत पर रख दिया.थाना प्रभारी सोनू कुमार साहू ने बताया कि महिला की हत्या हुई है. मृतका की पिता ने हत्या की बात स्वीकार कर ली है. पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथियार को बरामद कर लिया है. मामले की जांच पड़ताल की जा रही है.

### पुनर्वास स्थल से शहर तक परिवहन सुविधा जल्द शुरू करेगा बीसीसीएल

रांची, एजेंसी। बेलगड़िया में बसे भू-धंसान व अग्नि प्रभावितों के लिए बीसीसीएल जल्द ही कई सुविधाएं शुरू करेगा. इसमें बेलगड़िया से शहर तक दो इलेक्ट्रिक बसे जल्द चलेंगी. इलेक्ट्रिक बस की क्षमता 32 व्यक्तियों की बैठने की होगी. बीसीसीएल दौरे पर पहुंचे कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी को यह जानकारी कंपनी की ओर से दी गयी है. साथ ही प्रभावितों को हुनरमंद बनाने के लिए बड़ा कौशल विकास केंद्र खोला जायेगा. इसमें कई तरह की ट्रेनिंग दी जायेगी, ताकि यहां के लोगों को रोजगार मिलने में सुविधा मिल सके. बता दें कि भू-धंसान व अग्नि प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थान पर पुनर्वासित करने व झरिया मास्टर प्लान के क्रियान्वयन को लेकर बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता गंभीर हैं. प्रभावितों को बेहतर सुविधा मिले, इसके लिए बेलगड़िया पुनर्वासित स्थल पर सामाजिक-आर्थिक उत्थान के कई उपाय किये जा रहे है. रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से विभिन्न माध्यमों से योजना बनाने का प्रस्ताव है. वर्तमान में फैशन डिजाइनिंग में 60 युवाओं का प्रशिक्षण शुरू किया गया है. जबकि लोडर ऑपरेटर, माइन इलेक्ट्रीशियन, मल्टी स्किल तकनीशियन, खाद्य और पेय सेवा सहयोगी, ग्राहक सेवा सहयोगी, सौर और एलइडी तकनीशियन आदि के लिए युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए संबंधित कंपनी से बीसीसीएल ने एमओयू पर हस्ताक्षर भी कर लिया है. जल्द ही 330-330 युवाओं का प्रशिक्षण शुरू होने की उम्मीद है.

## हेमंत सरकार राज्य की 48 लाख महिलाओं को हर महीने देगी 1000 रुपये

# 15 तारीख तक सीधे खाते में होगा भुगतान

रांची, एजेंसी। झारखंड में मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत राज्य की 48 लाख महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये राज्य सरकार देगी। महीने के 15 तारीख तक सीधे बैंक खाते इसका भुगतान होगा। हेमंत सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरूआत की है। योजना के तहत शुरुआती दौर में 48 लाख महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य है। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाइ) हेमंत सरकार का महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया एक कारगर कदम है, जिसमें 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

इस योजना के तहत लाभुकों के लिए पात्रता को सरल रखा गया है। आवेदिका झारखंड की निवासी हों। उनकी आयु 21 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम हो। आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल (एकल) बैंक खाता हो। जिनका बैंक



खाता आधार लिंक्ड नहीं है, वे भी योजना का लाभ दिसंबर - 2024 तक उठा सकतीं हैं। मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड होना चाहिए।

आवेदिका का परिवार झारखंड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना (पीला रंग का राशन कार्ड), पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी रंग का राशन कार्ड) एवं के-आयल राशन कार्ड यानि सफेद रंग का राशन कार्ड या हरा रंग का पृथक राशनकार्ड धारी हो।

हेमंत सरकार ने हाल के दिनों में महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिए कई योजनाओं को लांच किया है। इन योजनाओं में महिलाएं केंद्रबिंदु थी और उनके आर्थिक उन्नयन का का विशेष ख्याल रखा गया था। खासकर गरीब तबके की महिलाओं को केंद्रित कर योजनाएं बनाई गई थी। स्कूल जाने वाली बच्चियों के लिए योजना थी। जो घरेलू महिलाएं छोटे-मोटे कामकाज करना चाहती थी, उन्हें भी कैसे सहायता का विशेष ध्यान रखा गया था। इन योजनाओं से काफी फायदा भी हुआ जो योजना चली उनमें से प्रमुख है।

इसके तहत आठवीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक तथा 18 व 19 वर्ष की बेटियों को आर्थिक सहायता दी जाती है। योजना में कुल 40 हजार रुपये तक की आर्थिक सहायता मिलती है।

राज्य की सखी मंडल की महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन और उनके द्वारा निर्मित उत्पाद को बाजार बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पलाश ब्रांड शुरू किया गया। पलाश ब्रांड से सखी मंडल की करीब दो लाख महिलाएं जुड़ी हैं।

मजबूरी में हाड़िया व शराब बिक्री और निर्माण कार्य से जुड़ी महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका उपलब्ध कराने के उदेश्य से योजना संचालित की गई है। ऐसी महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन के लिए 50 हज़ार तक की सहायता राशि प्रदान की जाती है। योजना से 32 हजार से अधिक महिलाओं को लाभ हुआ है। महिलाएं सम्मानजनक आजीविका से जुड़ीं।

सखी मंडल से जुड़ी महिला समूह को बैंक क्रेडिट लिंकेज से सहायता प्रदान की गई ताकि वे अपने लिए स्वरोजगार का मार्ग प्रशस्त कर सकें। 2021 से पूर्व तक 640 करोड़ रुपए समूहों को बैंक क्रेडिट लिंकेज के जरिए दिया था। विगत साढ़े चार वर्ष में एक लाख 40 हजार समूहों को लगभग 8,250 करोड़ रुपए की राशि बैंक क्रेडिट लिंकेज की गई।

## हवा को शुद्ध करने के लिए नगर निगम को फिर मिले 70 करोड़

रांची, एजेंसी। जिले में हवा को शुद्ध करने के लिए धनबाद नगर निगम को फिर 70 करोड़ रुपये मिले हैं. इसके पहले नगर निगम को 69.09 करोड़ रुपये मिले थे. अब तक नगर निगम 56.52 करोड़ रुपये खर्च कर दिये, लेकिन उम्मीद के अनुसार इसका परिणाम नहीं दिख रहा है. पिछ्ले तीन सालों में नगर निगम ने शहर में जहां-तहां पेवर ब्लॉक बिछाये गये. इसमें 23.70 करोड़ रुपये खर्च किये. वहीं 4.45 करोड़ रुपये से सात रोड स्वीपिंग मशीनें खरीदी गयीं, लेकिन शहर की सड़कों पर ज्यादातर मशीनें नहीं दिखती हैं. वहीं 9.12 करोड़ की लागत से बिटूमिन्स सड़कें बनायी गयीं. 7.37 करोड़ रुपये की लागत से 10 क्वालिटी मॉनिटेरिंग सिस्टम लगाये गये. 2.20 करोड़ रुपये की लागत से छह वाटर स्प्रिंकलर खरीदे गये, पर इनका भी उपयोग नियमित नहीं होता. 3.73 करोड़ की लागत से दो विद्युत शवदाहगृह बनाये जाने हैं. इसमें से एक मोहलबनी में बनाया गया लेकिन बिजली का कनेक्शन नहीं होने के कारण यह नहीं चलता. वहीं दूसरा विद्युत शवदाहगृह मटकुरिया श्मशान में बनना है जो अब तक अधूरा है. 16.65 करोड़ की लागत से ग्रीन पैच बिछाये गये और 14.4 करोड़ की लागत से पांच प्ले ग्राउंड भी बनाये गये है. 3.03 करोड़ की डेसलेगिंग मशीन भी खरीदी गयी, लेकिन इसका भी उपयोग कम ही होता है. इसके अलावा 1.69 करोड़ की लागत से 10 कोल्ड फॉगिंग मशीनें खरीदी गयीं, लेकिन शहर में एक भी कोल्ड मशीन नजर नहीं आती है. जो 70 करोड़ रुपये मिले हैं, इससे मशीनरी के अलावा तालाबों का सौंदर्यीकरण व पार्कों का निर्माण किया जायेगा.

## नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं हुए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, इंडिया गठबंधन ने किया बहिष्कार

रांची, एजेंसी। नीति आयोग की बैठक शनिवार को दिल्ली में हो रही है. जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं. लेकिन इस बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल नहीं हुए. दरअसल इंडिया गठबंधन के मुख्यमंत्रियों ने इस बैठक का बहिष्कार किया है. हालांकि इंडिया गठबंधन के ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बैठक में हिस्सा ले रहीं हैं. वह शुक्रवार शाम ही दिल्ली के लिए रवाना हो गयी थी. झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बैठक में शामिल होने को लेकर संशय बरकरार था. शुक्रवार की रात तक वह दिल्ली नहीं गये थे. वहीं, सीएमओ इस मामले पर कहना था कि अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है कि वह बैठक में हिस्सा लेंगे या नहीं. लेकिन शनिवार सुबह जब वह बैठक में नहीं पहुंचे तो ये स्पष्ट हो चला था कि वह बैठक में शामिल नहीं होंगे. हालांकि सीएम ने पिछले दिनों अपने दिल्ली दौरे के दौरान कहा था कि नीति आयोग की बैठक में वह जाएंगे और झारखंड का बकाया 1.36 लाख करोड़ रुपये की मांग करेंगे. इंडिया गठबंधन के बहिष्कार के बाद फिलहाल संशय की स्थिति बनी हुई है.गौरतलब है कि इंडिया गठबंधन ने नीति आयोग की इस बैठक का बहिष्कार किया है. कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया, हिमाचल प्रदेश के सुखविंदर सिंह सुक्खू और तेलंगाना के रेवंत रेड्डी ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि वे इस बैठक में हिस्सा नहीं लेंगे. तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, केरल के सीएम पिनराई विजयन और दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्रियों ने भी इस बैठक का बहिष्कार करने का फैसला लिया. लेकिन संभावना जतायी जा रही थी कि झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस बैठक में शामिल हो सकते हैं.

## बीआईटी, एनआईएएमटी में हैं 2 करोड़ रु. तक के उपकरण, रिसर्च के लिए दूसरे संस्थानों के स्टूडेंट्स भी ले सकते हैं लाभ

रांची, एजेंसी। क्रांति दीप रांची बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी मेसरा), नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड मेन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी (एनआईएएमटी) रांची में सेंट्रल इंस्ट्रूमेंट फैसिलिटी (सीआईएफ) सेंटर हैं, जो नए-पुराने उपकरणों से लैस हैं। इनमें 10 लाख से लेकर दो करोड़ रुपए तक के देश व विदेश में निर्मित उपकरण स्टूडेंट्स के लिए उपलब्ध हैं। जिसका इस्तेमाल किसी प्रकार के इनोवेशन या रिसर्च के लिए किया जा सकता है।

इन उपकरणों का इस्तेमाल अपने संस्थान के साथ-साथ दूसरे संस्थान के छात्र-छात्राएं व शोधार्थी भी कर सकते हैं। इसके अलावा कोई इंडस्ट्री भी इन उपकरणों का इस्तेमाल कर सकती है। विभिन्न उपकरणों के लिए कुछ न्यूनतम शुल्क निर्धारित किया गया है। चेयरमैन देवदास रॉय ने बताया कि सेंटर में 20 लाख रुपए से डेढ़ करोड़ तक के उपकरण हैं। बाहर के स्टूडेंट्स भी आकर इस सेंटर का लाभ ले सकते हैं।



एनआईएएमटी में एक्सआरडी मशीन एनआईएएमटी में लगी यूटीएम मशीन । एक्सआरडी (एक्स-रे डिफ्रेक्टोमिटर) – लगभग 1.5 करोड़ रुपए की इस मशीन के द्वारा किसी मेटेरियल का कैरेक्टराइजेशन किया जा सकता है। क्या-क्या कंपोनेंट हैं, यह पता लगाया जा सकता है। डीएससी (डिफरेंशियल स्कैनिंग कैलोरीमीटर) – 20 लाख की मशीन से किसी मेटल, नॉन मेटल, पॉलीमर के फेज में कब बदलाव होगा, ये पता लगा सकते हैं।

कौन ले सकते हैं इन सेंटर का लाभ – इन सेंटरों का लाभ किसी भी संस्थान के पीएचडी स्कॉलर, बीटेक, एमटेक स्टूडेंट्स, प्रोफेसर, साइंटिस्ट ले सकते हैं। इसके साथ किसी इंडस्ट्री के लोग किसी प्रकार की टेस्टिंग के लिए भी इन सेंटरों का लाभ ले सकते हैं। आईसीपी-ओईएस (इंडक्टिवली कपल्ड प्लाज्मा-ऑप्टिकल एमिशन स्पेक्ट्रोमिटर) – इसकी लागत लगभग 70 लाख रुपए है। इसके माध्यम से पानी के सैंपल, दवाओं और अयस्क के सैंपल में मेटल एनालिसिस किया जा सकता है। आईसीपी-एमएस (इंडक्टिवली कपल्ड प्लाज्मा मास स्पेक्ट्रोमीटर)– इसकी लागत लगभग 1 करोड़ 10 लाख रुपए है। इसके माध्यम से भी मेटल एनालिसिस किया जा सकता है। एफईएसईएम (फिल्ड एमिशन स्कैनिंग इलेक्ट्रोन माइक्रोस्कोप) – इसकी कीमत लगभग 1.8 करोड़ रुपए है। इसके माध्यम से सरफेस के विभिन्न तत्वों की पहचान की जाती है। इसके अलावा अन्य विश्लेषण कर सकते हैं। एलसीएमएस (लिक्विड क्रोमैटोग्राफी मास स्प्रेक्ट्रोमीटर) – इसकी कीमत लगभग 1.25 करोड़ रुपए है। इसके माध्यम से प्रोटीन, फार्मास्युटिकल ड्रग आदि के मेटाबॉलिक आयन को पहचान कर सकते हैं। बीआईटी में लगी आईपीएमएस और आईसीपीओईएस मशीन।बीआईटी मेसरा स्थित सेंट्रल इंस्ट्रूमेंट फैसिलिटी (सीआईएफ) सेंटर में 50 से ज्यादा छोटे-बड़े उपकरण हैं। जिसकी लागत 10 लाख से दो करोड़ रुपए तक है।

## झारखंड राज्य के 1250 वित्त रहित शैक्षणिक संस्थानों में हड़ताल पर रहे शिक्षक

रांची, एजेंसी। झारखंड राज्य वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा की ओर से राज्य के 1250 वित्त रहित इंटरमीडिएट कॉलेजों, उच्च विद्यालयों, संस्कृत विद्यालयों एवं मदरसों में शुक्रवार को शैक्षणिक हड़ताल रही। इससे राज्य के लगभग तीन से चार लाख बच्चों का पठन-पाठन ठप रहा। 10,000 शिक्षक और कर्मचारी शैक्षणिक हड़ताल पर रहे।




मोर्चा की मुख्य मांगों में राज्य के शिक्षक- कर्मचारियों को राज्यकर्मी का दर्जा देने, महंगाई को देखते हुए अनुदान की राशि कमेटी की अनुशंसा के आलोक में 75त्न बढ़ाने के प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद को भेजने, इंटरमीडिएट कॉलेज में सीटें बढ़ाने, पूर्व से निर्धारित सीटों पर नामांकन की अनुमति देने, सरकारी प्लस टू विद्यालयों में असीमित नामांकन का आदेश सार्वजनिक करने, अनुदान की राशि सीधे शिक्षक- कर्मचारियों के खाते में भेजने आदि की मांग शामिल हैं। वहीं 31 जुलाई को शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम के आवास का घेराव करने का फैसला लिया गया।

जिसमें राज्य भर के 10,000 से ज्यादा शिक्षक-कर्मी भाग लेंगे। मोर्चा के अध्यक्ष मंडल की बैठक रांची में हुई। जिसमें हड़ताल के संदर्भ में विचार-विमर्श किया गया। शैक्षणिक हड़ताल में मोर्चा के नेता कुंदन कुमार सिंह, रघुनाथ सिंह, हरिहर प्रसाद कुशवाहा, फजलुल कादरी अहमद आदि उपस्थित रहे।

## पुराना बाजार में फिर चला बुलडोजर, हटाया गया अतिक्रमण

धनबाद, एजेंसी। पुराना बाजार में नगर निगम ने शुक्रवार को भी बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया. इस दौरान नाला पर अतिक्रमण कर लगायी गयी गये दर्जनों दुकानों को तोड़ दिया गया. पानी टंकी से रेलवे फाटक तक चलाये गये इस अभियान का नेतृत्व फूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार कर रहे थे. उन्होंने बताया कि हाल ही में नगर निगम द्वारा पुराना बाजार में सड़क व नाला का निर्माण कराया गया है. स्थानीय दुकानदारों ने नाला का भी अतिक्रमण कर वहां दुकान लगा ली है. जिन दुकानों का छज्जा निकला गया था, उसे जेसीबी से तोड़ दिया गया. पुराना बाजार की सड़क को अतिक्रमण मुक्त किया गया. पुराना बाजार की जो सड़क अतिक्रमण के कारण 15 फीट की रह गयी थी, वह आज 40 फीट चौड़ी दिखी. अगर नाला का दोबारा अतिक्रमण हुआ तो दुकानदारों पर कार्रवाई होगी. सामान जब्त करने के साथ जुर्माना व कानूनी कार्रवाई की जायेगी. निगम के मुताबिक पुराना बाजार में अतिक्रमण के लिए दुकानदार ही जिम्मेवार हैं. यहां जो स्थायी दुकानदार हैं, वे आठ से दस फीट तक सड़क पर दुकान बढ़ा लेते हैं. उसके अलावा दुकान के सामने ठेला लगवाकर उससे भी रोज शुल्क वसूलते हैं. ऐसे में 40 फीट चौड़ी सड़क सिमट कर 15 फीट की रह गयी थी. लोगों की शिकायत पर लगातार दो दिनों तक कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाया गया.

## कभी भी आक्रामक हो जाते हैं सड़क पर विचरण करते सांड, राहगीरों को कर देते हैं घायल, पलट देते हैं वाहन

रांची, एजेंसी। शहर की सड़कों पर इन दिनों आवारा पशुओं का आतंक बढ़ता जा रहा है. सड़क पर विचरण कर रहे सांड कभी भी आक्रामक हो जाते हैं. रोजाना अपने कामकाज के लिए बाहर निकलने वाले लोगों को इन सांडों की वजह से कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है. सड़क पर सांडों की मौजूदगी न सिर्फ यातायात में रूकावट पैदा करती है, सांड कई बार स्थानीय दुकानदारों को नुकसान भी पहुंचाते हैं. इतना ही नहीं राहगीरों पर हमला कर उन्हें जख्मी भी कर देते हैं. वाहन भी पलट देते हैं. इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाये गये हैं. नगर निगम की ओर से 31 मई को सांडों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने की पहल की गयी थी, लेकिन इसका असर दिख नहीं रहा. फिलहाल यह अभियान लगभग बंद है. यदा-कदा ही टीम सांड को पकड़ने के लिए सड़क पर उतरती है. लोगों का कहना है कि अब तो हालत यह हो गयी है कि सड़क व चौराहों पर



सांड का कब्जा रहता है. ऐसा लगता है कि शासन-प्रशासन को इससे कोई मतलब नहीं है.

स्टीलगेट में सड़क पर सांड कभी भी किसी भी दिशा से आ जाता है. इससे सड़क अवरुद्ध हो जाती है. इसके अलावा सब्जी बाजार में आये लोगों पर अक्सर सांड हमला कर देता है.

रणधीर वर्मा चौक पर हर वक्त तीन-चार सांड रहते हैं. इससे स्थानीय लोग भयभीत रहते हैं. कई बार वाहन चालकों को भी परेशानी होती है. स्थानीय लोगों के अनुसार सांड अक्सर चौक पर इकट्ठा होते हैं और कभी-कभी लोगों को देखकर आक्रामक हो जाते हैं. कभी वाहन पर हमला कर देते है, तो कभी वाहनों को पलट भी देते हैं.बस्ताकोला गोशाला के सचिव मुरली पोद्दार ने बताया कि निगम की ओर से यहां शेड बनाने की बात कही गयी. लेकिन अभी तक शेड नहीं बनाया गया है. सांड को रखने में कोई दिक्कत नहीं है. मगर निगम कोई सुविधा तो दे. कुछ दिनों पहले निगम ने तीन सांड को पकड़ कर रखने को दिया था. बगैर किसी सुविधा के सांड को रखा गया, मगर सांड ने आतंक मचाने लगा. एक रात रस्सी तोड़ कर सांड भाग गये.

## आरोग्य आयुष्मान केंद्र में जले व हार्ट अटैक के मरीजों का होगा प्रारंभिक उपचार

धनबाद, एजेंसी। जिले में संचालित आरोग्य आयुष्मान केंद्र में जले व हार्ट अटैक के मरीजों का इलाज होगा. इन केंद्रों में जले व हार्ट अटैक के मरीजों के पहुंचने पर प्रारंभिक जांच की सुविधा प्रदान की जायेगी. स्वास्थ्य विभाग इसकी तैयारी में जुट गया है. योजना को लेकर स्वास्थ्य चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने पहले ही अनुमति प्रदान कर दी है. इसे लेकर जिला स्तर पर आरोग्य आयुष्मान मंदिर में पदस्थापित कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) को जले व हार्ट अटैक के मरीजों के प्रारंभिक उपचार की ट्रेनिंग दी जायेगी. यहां मरीजों का प्रारंभिक उपचार करने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया जायेगा. बता दें कि आरोग्य आयुष्मान मंदिर ग्रामीण इलाकों में संचालित है. इसका उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना है. आग व करंट की चपेट में आकर झुलसने व हार्ट अटैक से जुड़े कई मामलों में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को प्रारंभिक उपचार मिलने में देर हो जाती है. ऐसे में कई मरीजों की जान चली जाती है. इस समस्या से निबटने के लिए स्वास्थ्य मुख्यालय ने नई योजना बनाई है.सीएचओ को दी जायेगी सीपीआर की ट्रेनिंग, केंद्र में उपलब्ध होगी दवायोजना के तहत हर्ट अटैक के मरीजों के प्रारंभिक उपचार के लिए सभी सीएचओ को सीपीआर की ट्रेनिंग प्रदान की जायेगी. दिल के दौरे के कारण कार्डियक अरेस्ट होता है, तो व्यक्ति को सीपीआर की जरूरत पड़ती है. इससे इएमएस के आने तक उनके रक्त प्रवाह को बनाए रखने में मदद मिलती है.

## झारखंड डीजीपी का पदभार संभालने के बाद अनुराग गुप्ता की क्या है प्राथमिकता, बोले- पुलिस के प्रति विश्वास जगाने पर होगा जोर

रांची, एजेंसी। झारखंड सरकार ने 1989 बैच के आइपीएस अजय कुमार सिंह का तबादला डीजीपी के पद से हटाकर झारखंड पुलिस हाउसिंग निगम के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के पद पर कर दिया है. उनकी जगह 1990 बैच के आइपीएस अनुराग गुप्ता को झारखंड के डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. अनुराग गुप्ता सीआइडी के डीजी और एसीबी के चीफ हैं.

झारखंड पुलिस हाउसिंग निगम के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक प्रशांत सिंह को वायरलेस का नया डीजी बनाया गया है. आदेश



निकलने के बाद अनुराग गुप्ता ने शुक्रवार की दोपहर दो बजे के करीब पुलिस मुख्यालय पहुंचकर डीजीपी अजय कुमार सिंह से प्रभार ग्रहण किया. पदभार संभालने के बाद मीडिया से मुखातिब अनुराग गुप्ता ने कहा कि नारकोटिक्स, महिला सुरक्षा, साइबर व हिंसक अपराध को रोकना उनकी प्राथमिकता है. इन मामलों में पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी.उन्होंने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाना, विधि व्यवस्था संधारण, आमलोगों में पुलिस के प्रति विश्वास जगाना, पुलिस की आंतरिक व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर होगा. साथ ही पुलिस बहाली, समय पर प्रोन्नति और विशेष प्रशिक्षण कराने पर बल दिया जायेगा. इस बात का विशेष ख्याल रखा जायेगा कि पारदर्शिता के साथ ट्रांसफर-पोस्टिंग हो. जहां पुलिस फोर्स की जितनी जरूरत होगी, वहां उतनी प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जायेगी. डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि पुलिस का आमलोगों के साथ अच्छा व्यवहार, उनकी समस्याओं का त्वरित निष्पादन, बुजुर्ग, कमजोर व महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाना उनकी प्राथमिकता में शामिल रहेगा. उनकी पूरी कोशिश होगी कि किसी भी तरह के आपराधिक घटना होने पर पुलिस का क्विक रिस्पॉन्स हो.

अनुराग गुप्ता के प्रभार ग्रहण के समय एडीजी मुख्यालय आरके मल्लिक, एडीजी एमएल मीणा, डॉ संजय आनंदराव लाठकर, सुमन गुप्ता, प्रिया दुबे, आइजी मनोज कौशिक, अमोल वीणुकांत होमकर, प्रभात कुमार, पंकज कंबोज, अनेप्पु विजयालक्ष्मी, डीआइजी अनूप बिरथरे, डीआइजी नौशाद आलम, विशेष शाखा एसपी चंदन झा सहित अन्य मौजूद थे.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



# नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री ने हिमालयी राज्यों के लिए विशिष्ट नीतियां बनाने का किया अनुरोध

विशेष संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की बैठक में प्रतिभाग करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य को पूर्ण करने की दिशा में उत्तराखण्ड भी निरंतर कार्य कर रहा है। उत्तराखण्ड आपदा की दृष्टि से अति संवेदनशील राज्य है, इस बार के केन्द्रीय बजट में इसको दृष्टिगत रखते हुए विशेष वित्तीय प्राविधान किये जाने पर उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हाल ही में जारी सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स इंडेक्स रैंकिंग में उत्तराखण्ड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो राज्य के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य ने 'समान नागरिक संहिता' विधेयक को उत्तराखण्ड में पारित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के कई शहरों में पेयजल का गंभीर संकट दिखाई दिया है, इस समस्या के समाधान के लिए भू जल स्तर बढ़ाने के साथ-साथ जल संरक्षण पर विशेष कार्य करने की आवश्यकता है। उत्तराखण्ड में इसके लिए स्प्रिंग एंड रिवर रिज्यूविनेशन ऑथोरिटी का गठन किया है, जो जल संरक्षण और जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने और हिम आधारित नदियों को वर्षा आधारित नदियों से जोड़े जाने की परियोजना पर कार्य कर रही है। उन्होंने इसके लिए केन्द्र सरकार से विशेष वित्तीय सहायता एवं तकनीकि सहयोग का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता को और अधिक बढ़ावा देने की आवश्यकता है, जिसके लिए कलस्टर आधारित इंक्यूबेशन सेंटर तथा ग्रोथ सेंटर महत्वपूर्ण साबित होंगे। उत्तराखण्ड में पायलट प्रोजक्ट के रूप में दो रूरल इंक्यूबेशन सेंटर तथा 110 ग्रोथ सेंटर स्थापित किये गये हैं। उन्होंने इंक्यूबेशन सेंटर्स स्थापित करने के लिए केन्द्र सरकार से तकनीकि और वित्तीय सहयोग के लिए अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने ऊर्जा की कमी को पूरा करने के लिए राज्यों को 25 मेगावाट से कम क्षमता की जल विद्युत परियोजनाओं के अनुमोदन तथा क्रियान्वयन की अनुमति प्रदान करने तथा लघु जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण के लिए प्रस्तावित 24 प्रतिशत कैपिटल सब्सिडी के प्रस्ताव को पूर्वोत्तर राज्यों के साथ ही हिमालयी राज्यों में भी लागू करने का अनुरोध किया। पी.एम कृषि सिंचाई योजना' की गाईडलाइन्स में लिफ्ट इरिगेशन को शामिल करने के लिए भी मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग तथा क्लाइमेट चेंज जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी हमें विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके दृष्टिगत उत्तराखण्ड सरकार इकोलॉजी और इकोनॉमी के समन्वय से विकास योजनाओं को संचालित करने पर विशेष ध्यान दे रही है। राज्य में जीडीपी की तर्ज पर जीईपी जारी करने की शुरुआत की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी विकसित राष्ट्र में उनके शहरी क्षेत्र ग्रोथ इंजन के रूप में विशेष योगदान देते हैं। रोजगार सृजन बड़े शहरों में अधिक होता है, जिस कारण इन शहरों में अत्यधिक जनसंख्या के कारण मूलभूत सुविधाएं देना कठिन हो जाता है। इस समस्या के समाधान के लिए देश के विभिन्न शहरों के बीच 'काउंटर मैग्नेट एरियाज' विकसित करने होंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना शोध विकास एवं नवाचार के लिए ए.आई रेडीनेस और क्वांटम रेडीनेस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष नीति आयोग की आठवीं बैठक में हिमालयी राज्यों के विकास संबंधित कुछ प्रस्ताव रखे गये थे, उन प्रस्तावों पर हिमालयी राज्यों के परिपेक्ष में विशिष्ट नीतियां बनाने का उन्होंने अनुरोध किया।




## संक्षिप्त समाचार



## बिहार के बांका में नहर में पलटी बच्चों से भरी स्कूल वैन, पानी में तैरने लगी गाड़ी

**बांका , एजेंसी।** बिहार के बांका में शनिवार को बच्चों को लेकर जा रही स्कूल वैन नहर में पलट गई। घटना शंभूगंज-जिलानी मुख्य सड़क पर पौकरी पंचायत के बिहार भलूआ गांव समीप हई। गीता ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल गुलनी कुशहा का वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। स्कूली बच्चों से भरा मैजिक वाहन दस फीट गढ्ढे पानी से भरे नहर में पलटी मार दी। जिसमें कुछ बच्चे जख्मी हो गए। जख्मी बच्चे भलूआ, चकरतनी, सिलौटा सहित अन्य गांवों के विद्यार्थी वाहन पर सवार थे। हांलांकि वाहन के पलटी मारने के पहले चालक की सूझबूझ से अधिकांश बच्चे सुरक्षित बाहर निकल गए। तब तक चंद मिनटों में वाहन पानी से सराबोर नहर में मैजिक तैरने लगी। वहीं अफरा - तफरी का माहौल बना रहा। बच्चों की चित्कार एवं शोरगुल की आवाज सुनकर खेत में काम कर रहे किसान व मजदूर घटनास्थल पर पहुंच गए। सबने एक साथ मिलकर मदद के लिए हाथ बढ़ाया। लोगों की मदद से गाड़ी में फंसे बच्चों को पानी से बाहर निकाल लिया गया। बाद में गाड़ी को भी बाहर कर लिया गया। इस घटना में चालक बाल-बाल बच गया जबकि कुछ बच्चे चोटिल भी हुए। चालक ने बताया कि स्कूल वाहन पर सवार मुस्कान कुमारी, मनीषा कुमारी, जूली कुमारी, अमरजीत कुमार, साकेत कुमार, आलोक कुमार, सुधांशु कुमार, अमूली सहित अन्य बच्चे मैजिक वाहन पर एक दर्जन से बच्चे सवाह होकर स्कूल जा रहे थे। भगवान का शुक्र है कि इस हादसे में स्कूली बच्चे की जान बच गई। दुर्गा स्थान के समीप गुलनी कुशहा का उक्त विद्यालय चार माह पूर्व भी पलटी मारी थी। जिसमें दस बच्चे बाल बाल बच गए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक के मल्लिक ने बताया कि तकनीकी गड़बड़ी से घटना हुई है। ?जिसमें सभी बच्चे सुरक्षित हैं। बच्चों के गार्जियन को सूचना दे दी गई है और सबको स्कूल भेज दिया गया है।

## बिहार में फिर मॉब लिंचिंग; समस्तीपुर में ई रिक्शा चालक की पीट-पीटकर हत्या

**पटना , एजेंसी।** कड़े कानून के बावजूद बिहार में मॉब लिंचिंग की घटनाएं रुक नहीं रही हैं। ताजा माला समस्तीपुर का है जहां एक शख्स इसका शिकार बन गया। घटना रोसड़ा थाना के बाघोपुर की है जहां एक ई रिक्शा चालक की बदमाशों ने पीट पीट कर हत्या कर दी। शुक्रवार देर शाम बांध किनारे स्थित झाड़ी से पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर शव बरामद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस इस मामले में कानूनी कार्रवाई कर रही है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की रोसड़ा थाना क्षेत्र के गायघाट के स्वर्गीय रामविलास चौधरी के 33 वर्षीय पुत्र कुंदन चौधरी उर्फ छोटे के रूप में पहचान की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। एफएसएल की टीम को भी बुलाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ई रिक्शा चालक शुक्रवार सुबह ई रिक्शा लेकर घर से निकला था। बाघोपुर चौक पर उसे दस बजे लोगों ने देखा भी था। उसके बाद वह अचानक लापता हो गया। जिसके बाद परिजन उसकी खोज कर रहे थे। परिजन उसकी मोबाइल पर लगातार कॉल भी कर रहे थे, लेकिन उन्हें जबाव नहीं मिल रहा था। बताया गया है कि देर शाम बाघोपुर के लोगो की बांध किनारे स्थित झाड़ी में पड़ी लाश पर नजर पड़ी। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। जिस पर पुलिस पहुंची। बाद में रोसड़ा डीएसपी सोनल कुमारी भी पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। बताया गया है कि युवक के शरीर पर जगह जगह चोट के निशान थे। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि उसकी पीट पीट कर हत्या की गयी है। हालांकि फिलहाल यह स्पष्ट नही हो पाया है कि किन लोगों ने और किस कारण इस घटना को अंजाम दिया है। परिजन ने भी पुलिस को आवेदन नहीं दिया है। छानबीन कर रही पुलिस घटना के कारण और इसमें शामिल आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## युवती को बहला-फुसलाकर ओयो होटल में ले गया दोस्त, नशीली गोली खिलाकर किया गंदा काम

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद में रहने वाली युवती को उसकी जान पहचान का युवक बहला फुसलाकर ग्रेटर नोएडा के तिलपता गांव स्थित ओयो होटल में ले गया। उसने होटल में धोखे से युवती को नशीली गोली खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने इस संबंध में गाजियाबाद के वेब सिटी थाने में जीरो एफआईआर दर्ज कराई थी, जहां से यह मामला दादरी कोतवाली में ट्रांसफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, गाजियाबाद की रहने युवती ने वेव सिटी थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि बुलंदशहर के गांव गुरावली के रहने वाले आकाश से उसकी जान-पहचान थी। गत 24 जुलाई को आकाश युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ग्रेटर नोएडा के तिलपता गांव स्थित ओयो होटल में ले गया। होटल में आकाश ने युवती को नशीली गोली खिलाकर रेप किया। इतना ही नहीं, होटल में रुकने के दौरान उसके रुपये खत्म हो जाने पर आकाश ने युवती के गहने भी छीन लिए और उन्हें बेच दिया। घटना के बाद युवती किसी तरह वेव सिटी थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। एसीपी दादरी अमित कुमार ने बताया कि मुकदमा वेव सिटी थाने में लिखा गया था। उसे दादरी थाने में ट्रांसफर कर दिया गया है। पुलिस जांच कर रही है और आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

वहीं, नोएडा में किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को सेक्टर-63 थाने की टीम ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। किशोरी को लेकर आरोपी एकसाल से लापता था। किशोरी के परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। किशोरी के बयान के बाद आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं को बढ़ाया गया।

थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने 21 जुलाई 2023 को अपनी 17 वर्षीय बेटी के घर पर बिना बताए कहीं चले जाने तथा वापस घर न आने की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि बिजनौर के नूरपुर का 20 वर्षीय बिलाल नाबालिग किशोरी को ले गया है। सर्विलांस की मदद से शुक्रवार को छिजारसी में शनि मंदिर के पास से आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

## मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्र पर हमला बोला, कहा-पंजाब के किसानों को लाहौर भेज दूं?

**चंडीगढ़, एजेंसी।**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्र पर हमला बोला और कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डेरा डाले प्रदर्शनकारी किसानों को दिल्ली में प्रवेश की अनुमति नहीं देगी तो क्या वह उन्हें (किसानों) लाहौर भेजें। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के नेतृत्व में पंजाब के किसानों ने फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारंटी सहित अन्य मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के लिए 13 फरवरी को 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू किया था।

हरियाणा पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोकने के लिए अंबाला-नयी दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीमेंट के बड़े पत्थर और अवरोधक लगा दिए थे। तब से ये किसान शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं।



मान ने चुनावी राज्य हरियाणा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, खनौरी और शंभू में सीमा पर लोहे की कील और अवरोधक लगाकर बाधा पैदा की गई है, ताकि किसान दिल्ली में प्रवेश न कर सकें। सत्ता का केन्द्र दिल्ली है इसलिए वे वहीं जाएंगे। अगर वे दिल्ली नहीं जाएंगे, तो क्या मैं उन्हें लाहौर भेज दूं।

पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा कि चार साल पहले भी किसानों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोका गया था। उन्होंने कहा, कृषि कानूनों (अब निरस्त हो चुके) के खिलाफ किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान 726 किसानों की मौत हो गई थी। इस बीच, हिसार के बरवाला में आयोजित एक कार्यक्रम में मान ने कहा कि हरियाणा के लोगों ने विभिन्न दलों को मौका दिया लेकिन उन सभी ने राज्य को लूटा। आम आदमी पार्टी (आप) नेता ने कहा, यदि कोई चिकित्सक किसी बीमारी का इलाज नहीं कर पा रहा है तो चिकित्सक बदल देना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली और पंजाब के मतदाताओं की तरह हरियाणा के लोगों को भी इस बार बदलाव के लिए वोट करना चाहिए। अपने संबोधन में मान ने राज्य सरकार की अनेक योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। मान ने केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने 400 पार की बात की थी लेकिन अब वे सहयोगी दलों के सहयोग से अपनी सरकार चला रहे हैं। मान ने कहा, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हरियाणा से हैं और उन्होंने देश की राजनीति की दिशा बदल दी है। उन्होंने कहा था कि अगर भाजपा को भारी बहुमत मिला तो वह संविधान बदल देगी। शुक्र है कि उन्हें बहुमत नहीं मिला, वरना वे संविधान बदल देते।

## भागलपुर से जल्द शुरु होगी हवाई सेवा, मंत्रिमंडल सचिवालय ने डीएम को लिखा पत्र

**भागलपुर , एजेंसी।**
बिहार से भागलपुर से विमान सेवा शुरू होगी। वायुयान संगठन निदेशालय ने गोराडीह में नए हवाई अड्डा निर्माण के लिए भू-अर्जन वास्ते प्राक्कलित राशि का ब्योरा मांगा है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के निदेशक निशीथ वर्मा ने इसे लेकर डीएम को पत्र भेजा है। निदेशालय ने कहा कि नए हवाई अड्डा निर्माण के लिए प्रस्ताव संख्या दो स्वीकृत हुआ है। इसलिए इस प्रस्ताव के अधीन आने वाली जमीन का ब्योरा, प्रस्तावित हवाई अड्डा की मुख्य सड़क से संपर्क पथ के लिए भूमि की विवरणी और भू-अर्जन के लिए प्राक्कलित राशि का उल्लेख करते हुए प्रस्ताव भेजने को कहा गया है। बता दें कि 7 जून 2024 को समाहर्ता ने नए हवाई अड्डा निर्माण के लिए दो प्रस्ताव भेजा था। साथ ही दोनों प्रस्ताव का नक्शा भी दिया गया था।

इसमें जमीन की स्थिति 3500 मीटर लम्बाई और 300 मीटर चौड़ाई बताई गई है। रनवे की लंबाई 3000 मीटर होगी और चौड़ाई 300 मीटर होगी। कुल जमीन का रकबा 660.57 एकड़ है। इसमें 281.57 एकड़ सरकारी जमीन है। यह गोशाला की बतायी गई है। रैयती भूमि 379 एकड़ बताई गई है। पूर्व में भेजे प्रस्ताव में कहा गया है कि एयरस्ट्रिप के अतिरिक्त 184 एकड़ जमीन टर्मिनल और अन्य कार्यों के उपयोग में लाया जा सकता है। वर्तमान में हवाई अड्डा पहुंचने के लिए गोराडीह-भागलपुर मुख्य मार्ग है। नए हवाई टर्मिनल और वर्तमान फोरलेन एनएच को जोड़ने के लिए करीब 8 किमी सड़क का निर्माण भी कराया जा सकता है।

जिला प्रशासन ने गोराडीह में हवाई अड्डा के पास के छह मौजे की जमीन को रोक सूची में शामिल करने के लिए जिला अवर निबंधक (रजिस्ट्रार) को निर्देश दिया है। इसके तहत रजिस्ट्रार ने मोहनपुर (476) मौजा, चौमुख (494), सरकार अमानत (496), खरवा (470), खरवा (497), चकुलिया (498) खाता-खेसरा को रोक सूची में शामिल कर लिया है।

सिविल विमानन निदेशालय ने भागलपुर समेत प्रदेश के 24 जिलों में स्थित हवाई अड्डा मैदान से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। निदेशक संचालन निशीथ वर्मा ने जिलों को भेजे पत्र में कहा, हाईकोर्ट ने सीडब्ल्यूजेसी संख्या 3489/2022 में राज्य सरकार, केंद्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण या वायु सेना के स्वामित्व वाले हवाई अड्डा मैदान से अतिक्रमण हटाया जाय। इसी को लेकर जिलों से रिपोर्ट मांगी गई है। भागलपुर में वर्तमान हवाई अड्डा मैदान की चारदीवारी हो गई है। रनवे निर्माण का टेंडर प्रक्रिया के अधीन है।

## गेमिंग एप से हुआ प्यार, बंगाल से भागकर बिहार पहुंची लड़की, कलकत्ता पुलिस ने मारा छापा तो प्रेमी हुआ फरार

**पटना , एजेंसी।** गेमिंग एप के जरिए हुई दोस्ती। दोस्ती से बड़ी नजदीकियों में बंगाल से लड़की अपने प्रेमी से मिलने बिहार के मुजफ्फरपुर तक आ गई। इधर लड़की के घरवाले परेशान हो गए। आनन-फानन में उन लोगों ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। लड़की को हर जगह ढूढ़ना शुरू हुआ। खोजबीन में मोबाइल फोन ट्रेस किया गया तो पता चला कि लड़की की लोकेशन बिहार के मुजफ्फरपुर में दिख रही है। कोलकाता पुलिस लड़की के चाचा के साथ बिहार पहुंची तो पता चला कि लड़की गेमिंग एप से दोस्ती के बाद भागकर प्रेमी से मिलने मुजफ्फरपुर आ गई थी। लड़के के घर छापा मारा तो प्रेमी फरार हो गया। फिलहाल कोलकाता पुलिस लड़की को अपने साथ ले गई है। किशोरी ने प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को अपने साथ किसी तरह का गलत होने की बात नहीं बताई है।

पीडित परिवार के घरवालों ने बताया कि लड़की बीती 12 जुलाई को कोलकाता के नारकेलडांगा थाना इलाके से गायब हुई थी। गायब होने के बाद से घरवालों के बीच कोहराम मच गया। पुलिस को शिकायत दर्ज कराई गई तो जांच में तेजी आई। पता चला कि लड़की की मोबाइल लोकेशन बिहार के मुजफ्फरपुर में दिखाई दे रही है। पुलिस के साथ लड़की के चाचा दिख रही लोकेशन पर पहुंचे तो लड़की मिल गई। पूछताछ में पता चला कि किशोरी गेमिंग एप से दोस्ती के बाद भागकर प्रेमी से मिलने मुजफ्फरपुर आ गई थी। वहीं प्रेमी तब तक वहां से फरार हो चुका था। फरदो से बरामदगी के बाद कोलकाता पुलिस लड़की को अपने साथ बंगाल में उसके घर वापस ले गई। लड़की से हुई पूछताछ में उसने पुलिस को अपने साथ किसी भी तरह का गलत काम होने की बात नहीं बताई है।

लड़की पश्चिम बंगाल के मालदा जिले की है। वहीं लड़का मुजफ्फरपुर के बालूघाट कर्पूरी नगर मोहल्ला का है। पश्चिम बंगाल में अपने घर से भागकर लड़की मुजफ्फरपुर जंक्शन पहुंच गई। यहां से लड़का उसे रिसीव कर अपने घर ले गया। 17 जुलाई से किशोरी कर्पूरी नगर में कथित प्रेमी के घर पर रह रही थी। नगर थाने के दारोगा कुणाल कुमार के सहयोग से छापेमारी कर किशोरी को बरामद किया। किशोरी के चाचा पुलिस टीम के साथ थे। किशोरी ने पुलिस को बताया कि एक साल से बालूघाट के किशोर कुमार से उसकी दोस्ती और प्रेम चल रहा था। किशोरी के पिता का काफी पहले देहांत हो गया था।

## राजस्थान में मॉनसून ने फिर पकड़ी रफ्तार, जारी रहेगा बारिश का दौर

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में मॉनसून की सक्रियता की वजह से बारिश का दौर जारी है। हफ्ते की शुरुआत में मॉनसून की रफ्तार थोड़ी कमजोर पड़ी लेकिन अब एक फिर इसने स्पीड पकड़ ली है। बीते चौबीस घंटे में बांसवाड़ा, बूंदी, भरतपुर जिले में कहीं-कहीं मूसलाधार बारिश हुई। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम केंद्र, जयपुर के अनुसार आगामी एक हफ्ते तक मॉनसून सक्रिय रहने तथा अधिकांश स्थानों पर वर्षा होने की संभावना है।

मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे समाप्त हुए 24 घंटों में करौली, टोंक, सवाईमाधोपुर, जयपुर, झालावाड़, कोटा, बांसवाड़ा, भीलवाड़ा, भरतपुर व नागौर जिले में कहीं-कहीं भारी वर्षा तथा बांसवाड़ा, बूंदी, भरतपुर जिले में कहीं कहीं अति भारी वर्षा दर्ज की गयी है। इस दौरान सबसे अधिक बारिश बांसवाड़ा के केसरपुरा में 157 मिलीमीटर दर्ज की गई है।वहीं कुशलगढ़ में 150 मिमी, सलोपत में 138 मिमी, कोटा के कनवास में 129 मिमी, भरतपुर के जनूथर में 125 मिमी, बूंदी के नैनवा में 120 मिमी, भरतपुर के वैर में 119 मिमी और अन्य कुछ स्थानों पर 100 मिमी से 65 मिमी तक बारिश दर्ज की गई। केन्द्र के अनुसार शुक्रवार सुबह से शाम साढ़े पांच बजे तक भरतपुर में 35.3 मिमी, वनस्थली में 17 मिमी, चित्तौड़गढ़ में आठ मिमी, डबोक (उदयपुर) में 7.6 मिमी, भीलवाड़ा में पांच मिमी, फतेहपुर में 4.5 मिमी, जयपुर में 3.8 मिमी और बारां के अंता में दो मिमी बारिश दर्ज की गई। राज्य में कई शहरों में बारिश की वजह से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। राजधानी जयपुर में सुबह कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश का दौर चला और दिनभर बादल छाये रहे।



बीकानेर में शुक्रवार को सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जैसलमेर में 39.5 डिग्री, गंगानगर-संगरिया में 39.3 डिग्री, फलोदी में 39 डिग्री, बाड़मेर में 38.7 डिग्री और अन्य प्रमुख शहरों में 37 डिग्री सेल्सियस से लेकर 29.4 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। वहीं राज्य के अधिकांश हिस्सों में बीती रात का तापमान 31 डिग्री सेल्सियस से लेकर 22 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। मौसम केंद्र के मुताबिक शुक्रवार को उत्तरी बंगाल की खाड़ी व बांग्लादेश, पश्चिम बंगाल तट पर एक निम्न दबाव का क्षेत्र बन गया है। मॉनसून ट्रफ लाइन अपने सामान्य अवस्था में है। उपरोक्त तंत्र के प्रभाव से पूर्वी राजस्थान के अनेक स्थानों पर आगामी एक हफ्ते मॉनसून सक्रिय रहने तथा अधिकांश स्थानों पर बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है।

इस दौरान कोटा, उदयपुर संभाग में कहीं-कहीं भारी व एक दो स्थानों पर अति भारी बारिश होने की संभावना है।

## गुरुग्राम में बैठकर विदेशियों को चूना लगाने वाले कॉल सेंटर का भंडाफोड़, अपनाते थे यह तरीका

**गुरुग्राम एजेंसी।** सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) ने गुरुग्राम में एक कॉलसेंटर पर कार्रवाई करते हुए 43 संदिग्ध साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि ये साइबर अपराधी विदेशी नागरिकों के कंप्यूटरों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने का वादा करके उनसे धोखाधड़ी करते थे और पैसा वसूलते थे। एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि सीबीआई ने गुरुग्राम की छस्न्न साइबर सिटी से संचालित 'इनोसेंट टेक्नोलॉजी (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड' नामक एक कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया और उसके कार्यालय पर छापा मारा। सीबीआई ने 'ऑपरेशन चक्र-तीन' के तहत यह कार्रवाई की है, जिसका लक्ष्य 2022 से विभिन्न देशों से संचालित ऑनलाइन वित्तीय अपराध नेटवर्क को तोड़ना है। सीबीआई ने दिल्ली, गुरुग्राम और नोएडा में 7 स्थानों पर कार्रवाई करते हुए तलाशी ली। इस अभियान के दौरान साइबर अपराधों से जुड़े विशेषज्ञों वाला एक विशेष कार्यबल कॉलसेंटर पहुंचा, जहां उसे कई कर्मचारी 'लाइव' साइबर अपराध गतिविधियों में लगे हुए मिले। जिसके चलते टास्कफोर्स को आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने योग्य सामग्री भी हाथ लग गई। एफबीआई एवं कई देशों की कानून लागू करने वाली एजेंसियों के साथ सक्रियता से समन्वय कर रही है।' अधिकारियों ने बताया कि छापे के दौरान सीबीआई ने 130 कंप्यूटर हार्डडिस्क, 65 मोबाइल, पांच लैपटॉप, अभियोजन योग्य सामग्री, वित्तीय लेन-देन विवरण, कॉल रिकार्डिंग्स और पीड़ितों की जानकारियां, लोगों को शिकार बनाने के लिए बातचीत के लिप्यांतरण आदि जब्त किए।

## संक्षिप्त समाचार

### उद्घाटन समारोह में दक्षिण कोरिया को उत्तर कोरिया बोल दिया

#### आईओसी ने माफ़ी मांगी



**पेरिस, एजेंसी।** सीन नदी पर शुक्रवार को हुआ खूबसूरत उद्घाटन समारोह दक्षिण कोरियाई दल के प्रवेश के समय हुई एक गलती के कारण फीका पड़ गया। 143 सदस्यीय टीम को उनके आधिकारिक नाम डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया का उपयोग करते हुए उत्तर कोरिया के रूप में पेश किया गया था, जिसके साथ देश के बहुत खट्टे रिश्ते रहे हैं।

घटना के बाद, आईओसी के एक प्रवक्ता ने इस खेदजनक घटना के लिए पूरे दिल से माफ़ी मांगी। आईओसी के प्रवक्ता मार्क एडम्स ने संवाददाताओं से कहा, हमें गहरा अफसोस है और हम तहे दिल से माफी मांगते हैं। हमने कल रात एक बयान जारी किया है इसलिए हमने आईओसी से यह स्पष्ट कर दिया है कि एक परिचालन संबंधी गलती हुई है, हम केवल माफी मांग सकते हैं। एक शाम में इतनी सारी चीजें हो रही थीं कि गलती हो गई और हम उस गलती के लिए कोरिया गणराज्य के लोगों से माफी मांगते हैं।

एक्स पर आईओसी के बयान में कहा गया है, उद्घाटन समारोह के प्रसारण के दौरान दक्षिण कोरियाई टीम का परिचय देते समय हुई गलती के लिए हम गहराई से माफी मांगते हैं। दक्षिण कोरिया के खेल मंत्रालय ने एक बयान के माध्यम से 2024 पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह के दौरान घोषणा, जहां दक्षिण कोरियाई प्रतिनिधिमंडल को उत्तर कोरियाई टीम के रूप में पेश किया गया था पर अफसोस व्यक्त किया और इस मामले पर चर्चा करने के लिए खेल मंत्री जंग मि-रान, 2008 ओलंपिक भारोत्तोलन चैंपियन और आईओसी प्रमुख थॉमस बाक के बीच एक बैठक आयोजित करने के अपने इरादे की घोषणा की।

### ग्रेटर नोएडा में होगा अफगानिस्तान बनाम न्यूजीलैंड टेस्ट, पक्की हुई तारीख



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा के अपने घरेलू मैदान पर सितंबर में न्यूजीलैंड के साथ अपना एकमात्र टेस्ट मैच खेलेगा। यह अफगानिस्तान का कुल 10वां तथा वर्ष 2024 में तीसरा टेस्ट मैच होगा। इसके अलावा यह ग्रेटर नोएडा में भी पहला टेस्ट मैच होगा। यह टेस्ट मैच 9 से 13 सितंबर के बीच होने की संभावना है।

इसके बाद केवल इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका ही ऐसी टीमें बचेंगी, जिनके साथ अफगानिस्तान ने टेस्ट मैच नहीं खेला है। इसके लगभग एक महीने बाद 16 अक्तूबर से न्यूजीलैंड का भारत दौरा शुरू होगा, जहां मेहमान टीम को तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। इन दोनों सीरीज के बीच में न्यूजीलैंड की टीम टेस्ट सीरीज खेलने श्रीलंका भी जाएगी। जिनकी तारीखों की घोषणा होनी अभी शेष है।

# पेरिस ओलंपिक का हुआ भव्य आगाज सिंधु-शरत ने की भारतीय दल की अगुवाई





**पेरिस, एजेंसी।** ओलंपिक 2024 का आगाज हो गया है। फ्रांस की राजधानी पेरिस में रंगारंग कार्यक्रम, संगीत, नृत्य और साहित्य के साथ फ्रांसीसी जुनून का नजारा पूरी दुनिया ने देखा। करीब चार घंटे चली सेरेमनी में पॉप स्टार लेडी गागा, आया नाकामुरा जैसे सुपर स्टार्स ने परफॉर्म किया। बारिश ने इन परफॉर्मेंस में चार-चांद लगाया। साथ ही ओलिंपिक मशाल लिए एक मिस्टीरियस मैन आकर्षण का केंद्र रहा। शुक्रवार शाम एक शानदार ओपनिंग सेरेमनी के साथ पेरिस ओलंपिक का भव्य आगाज हो चुका है। यह पहला मौका रहा, जब किसी स्टेडियम से बाहर ओपनिंग सेरेमनी हुई। कार्यक्रम की शुरुआत ग्रीस के प्रतिनिधियों द्वारा नदी में नावों पर राष्ट्रों की परेड में लगभग 200 देशों के एथलीटों का नेतृत्व करने के साथ हुई। भारतीय दल 84वें नंबर पर आया। इसमें पीवी सिंधु और शरत कमल तिरंगा थामे नजर आए। सबसे अंत में मेजबान फ्रांस का दल आया। खिलाड़ी सीन नदी में नाव के सहारे परेड करते नजर आए। इसमें 200 से ज्यादा देशों के करीब 7,000 से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। भारत के लिए पीवी सिंधु और शरत कमल ध्वजवाहक रहे। ओपनिंग सेरेमनी के साथ ही पेरिस ओलंपिक 2024 की आधिकारिक रूप से शुरुआत हो गई है। ओपनिंग सेरेमनी के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मौजूद रहे। पॉप स्टार लेडी गागा ने शानदार गाने की प्रस्तुति दी। परेड में भारतीय दल 84वें नंबर पर आया। इस दौरान लगभग 3 लाख दर्शक मौजूद रहे।

पेरिस ओलंपिक्स

## चीन ने जीता पेरिस ओलिंपिक का पहला गोल्ड



**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस 2024 पेरिस ओलिंपिक का पहला गोल्ड मेडल चीन के खाते में गया है। 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट के गोल्ड मेडल मुकाबले में चीन ने साउथ कोरिया को 16-12 से हराया। हुआंग यूटिंग और शेंग लिहाओ ने यह गोल्ड मेडल जीता।

यूटिंग 19 साल के हैं तो शेंग की उम्र सिर्फ 17 साल है। क्वालिफिकेशन राउंड में भी चीन की जोड़ी टॉप पर थी। यह जोड़ी इस इवेंट की वर्ल्ड चैंपियन भी है। साउथ कोरिया के केउम जिहयोन और हाजुन पार्क को सिल्वर से संतोष करना पड़ा।

### यूटिंग का दूसरा ओलिंपिक मेडल

ओलिंपिक में यह हुआंग यूटिंग का दूसरा मेडल है। 16 साल की उम्र में उन्होंने पेरिस ओलिंपिक में 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया था। शेंग लिहाओ ने 17 साल की उम्र में अब लगभग सभी इवेंट में गोल्ड मेडल जीत लिए हैं। उनके नाम वर्ल्ड चैंपियनशिप में तीन गोल्ड हैं। इसके अलावा पिछले साल एशियन गेम्स में भी उन्होंने तीन गोल्ड मेडल जीते थे।

## रियो की चोट, टोक्यो की हार से सीखा, तो पेरिस ओलंपिक में गोल्ड पक्का, महावीर फोगाट को है विनेश पर भरोसा

**चरखी दादरी, एजेंसी।** भारत की रेसलर विनेश फोगाट 50 किग्रा भारवर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए पदक की एक बड़ी उम्मीद हैं। यह विनेश का



तीसरा ओलंपिक है, इससे पहले वह रियो और टोक्यो ओलंपिक में भाग ले चुकी हैं। विनेश फोगाट दंगल गर्ल्स गीता-बबीता फोगाट की चचेरी बहन हैं, और विनेश के ताऊ व द्रोणाचार्य अवार्डी महावीर फोगाट को विनेश से इस बार गोल्ड की आस है। हरियाणा के चरखी दादरी के गांव बलाली निवासी विनेश ने अपने कुश्ती करियर में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। पेरिस ओलंपिक में विनेश 6 अगस्त को मैट पर उतरेंगी। द्रोणाचार्य अवार्डी महावीर फोगाट ने कहा कि रियो ओलंपिक में विनेश फोगाट से गोल्ड मेडल की पूरी उम्मीद थी, लेकिन वह चोटिल हो गई, जिसका दुख पूरे देश को हुआ। टोक्यो ओलंपिक में भी वह देश की ख्वाहिश पूरी नहीं कर सकीं, जहां वह मानसिक तौर पर पिछली चोट के अनुभव से जूझ रही थीं। उन्होंने कहा, मेहनत के बूते विनेश ने वजन कम कर इस बार 50 किलोग्राम भारवर्ग में हिस्सा लिया है और वह गोल्ड मेडल जीतकर देश का दिल जीतेंगी।

पेरिस ओलंपिक्स

## बलराज पंवार हीट में चौथे स्थान पर रहे, रेपेचेज दौर में लेंगे हिस्सा

**पेरिस, एजेंसी।** बलराज ने सात मिनट 7.11 सेकेंड का समय लिया। वह न्यूजीलैंड के थॉमस मैकिनटोश (छह मिनट 55.92 सेकेंड), स्टीफानोस एनतोस्कोस



(सात मिनट 1.79 सेकेंड) और अब्देलखालेक एलबाना (सात मिनट 5.06 सेकेंड) से पीछे रहे। पेरिस ओलंपिक में स्पर्धा की शुरुआत शनिवार से हो गई है और इसमें भारत के एकमात्र रोइंग खिलाड़ी बलराज पुरुष एकल स्पर्धा की पहली हीट रेस में चौथे स्थान पर रहे और अब वह रेपेचेज में हिस्सा लेंगे। प्रत्येक हीट से शीर्ष तीन ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। रेपेचेज के जरिए बलराज को सेमीफाइनल या फाइनल में जगह बनाने का दूसरा मौका मिलेगा। 25 वर्षीय बलराज ने सात मिनट 7.11 सेकेंड का समय लिया।

वह न्यूजीलैंड के थॉमस मैकिनटोश (छह मिनट 55.92 सेकेंड), स्टीफानोस एनतोस्कोस (सात मिनट 1.79 सेकेंड) और अब्देलखालेक एलबाना (सात मिनट 5.06 सेकेंड) से पीछे रहे। बलराज हालांकि सीधे क्वालीफिकेशन से चूक गए, लेकिन उनके पास रेपेचेज के जरिए दूसरा मौका मिलेगा। बलराज चीन में एशियाई खेलों में चौथे स्थान पर रहे थे और उन्होंने कोरिया में एशियाई तथा ओसियाना ओलंपिक क्वालीफिकेशन रेगाटा में कांस्य पदक जीता था।

## कजाकिस्तान ने पेरिस 2024 ओलंपिक का पहला पदक जीता

**पेरिस, एजेंसी।** कजाकिस्तान ने पेरिस 2024 ओलंपिक का पहला पदक अपने नाम कर लिया है। चेटेउरौक्स में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक मैच में जर्मनी को 17-5 से हराया। चीन और कोरिया गणराज्य, शीर्ष दो क्वालीफायर, एक ही स्पर्धा में खेलों के पहले स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

कजाख निशानेबाज एलेक्जेंड्रा ले और इस्लाम सतपायेव ने पहला राउंड 21.4-20.7 से जीतकर 2-0 की बढ़त बना ली। जर्मनी की अन्ना जानसेन और मैक्सिमिलियन उलब्रिच 3-3 और 4-4 से बराबरी करने में सफल रहीं लेकिन कभी बढ़त नहीं ले सकीं। ले और सतपायेव ने अगले तीन राउंड जीतकर स्कोर 10-4 कर दिया। हालाँकि जर्मनों ने निम्नलिखित को बराबर करने में कामयाबी हासिल की, लेकिन इससे अपरिहार्य में देरी हुई क्योंकि कज़ाकों ने एक आरामदायक जीत हासिल की। क्वालिफिकेशन राउंड में भी कजाकिस्तान तीसरे स्थान पर रहा था जबकि जर्मनी चौथे स्थान पर रहा था। भारतीय निशानेबाजों की बात करें तो वह 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम क्वालीफिकेशन चरण में बाहर हो गए। भारत की दो जोड़ियां इस स्पर्धा में भाग ले रही थी। रमिता और अर्जुन बाबूता 628.7 के कुल स्कोर के साथ छठे, जबकि इलावेनिल वलारिवन और संदीप सिंह 626.3 के कुल स्कोर के साथ 12वें स्थान पर रहे। रमिता और अर्जुन की जोड़ी ने एक समय उम्मीद बनाई थी।

पेरिस ओलंपिक्स



यह भारतीय जोड़ी तीन शॉट शेष रहते पांचवें स्थान पर थी, लेकिन आखिर में पदक राउंड के कट ऑफ से 1.0 अंक पीछे रह गई। अर्जुन ने दूसरी सीरीज में शानदार शुरुआत की और 10.5, 10.6, 10.5, 10.9 का स्कोर बनाया। रमिता ने दूसरी सीरीज में 10.2, 10.7, 10.3, 10.1 का स्कोर बनाया। इससे यह जोड़ी शीर्षक आठ में तो पहुंच गई लेकिन पदक राउंड में जगह बनाने के लिए यह स्कोर पर्याप्त नहीं था। पदक राउंड में पहुंचने के लिए शीर्ष 4 में जगह बनाना जरूरी था।

# शूटिंग के 10 मीटर एयर राइफल में भारतीय चुनौती खत्म

## संदीप सिंह-इलावेनिल वालारिवन और अर्जुन बबूता-रमिता जिंदल हुए बाहर



**पेरिस, एजेंसी।** शूटिंग की 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम में बुरी खबर सामने आई है. इलावेनिल वलारिवन और संदीप सिंह फाइनल में जगह नहीं बना पाए और वह 12वें स्थान पर रहे. वहीं रमिता जिंदल और अर्जुन बाबुता भी छठे स्थान पर रहे. टॉप-4 टीमों ने ही मेडल राउंड के लिए क्वालिफाई किया. 2 सीरीज के बाद रमिता और अर्जुन 7वें स्थान पर हैं.

वहीं इलावेनिल और संदीप मिक्स्ड 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में 14वें स्थान पर हैं. याद रखें कि टॉप-4 टीमें ही मेडल राउंड के लिए क्वालिफाई करेगी. शूटिंग में 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट के क्वालिफिकेशन राउंड में भारत के लिए फिलहाल अच्छी खबर नही है. रमिता और अर्जुन 9वें स्थान पर है. वहीं इलावेनिल वलारिवन और संदीप फिलहाल 14वें स्थान पर हैं. बता दें कि टॉप चार टीमें फाइनल में पहुंचेगी. इसमें से टॉप दो टीमें गोल्ड और सिल्वर के लिए लड़ेगी. वहीं बाकी दो के बीच कांस्य के लिए प्रतिस्पर्धा होगी. बलराज पंवार रोइंग के मेन्स सिंगल्स स्कल्स में अपनी हीट में चौथे नंबर पर रहे. पंवार ने 3 मिनट 31 सेकंड और 24 मिली सेकंड का समय लिया. पंवार डायरेक्ट क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंच सके. हालांकि लेकिन उनकी मेडल की उम्मीदें बरकरार है. उन्हें रेपचेज इवेंट के जरिए क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का मौका मिलेगा. शूटिंग में 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट में क्वालिफिकेशन राउंड शुरू हो चुके हैं. इनमें संदीप सिंह/ इलावेनिल वालारिवन और अर्जुन बबूता / रमिता जिंदल भाग ले रहे हैं. वहीं बलराज पंवार रोइंग के मेन्स सिंगल्स स्कल्स में अपनी चुनौती पेश कर रहे हैं.



## एक नजर

### अवैध शराब के तीन धंधेबाज गिरफ्तार

**हसपुरा (औरंगाबाद)( नि.सं.)।** हसपुरा थाना की पुलिस ने मद्य निषेध अधिनियम के पुराने मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हसपुरा थानाध्यक्ष नरोत्तम ने बताया कि शराब बेचने के आरोपी कोईलवा गांव के कमलेश प्रजापति एवं रंजीत कुमार को कोर्ट से जमानत नहीं लेने के कारण गुप्त सूचना पर उसके घर से हीं गिरफ्तार कर शुक्रवार की शाम थाना लाया गया और शनिवार की सुबह दोनों आरोपियों को कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया। वहीं कांड संख्या 209/24 के नामजद आरोपी अमझरशरीफ निवासी विजय चौधरी को 5 लीटर महुआ देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। मद्य निषेध अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे भी शनिवार को जेल भेज दिया गया।

### चार अगस्त को मनेगी प्रेमचंद जयंती

**हसपुरा (औरंगाबाद)( नि.सं.)।** जनवादी लेखक संघ, औरंगाबाद के तत्वावधान में आगामी चार अगस्त को हसपुरा स्थित ऐक्सिस इंस्टीट्यूट के सभागार में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। जनवादी लेखक संघ के जिला सचिव एवं वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. अलखदेव प्रसाद 'अचल'ने बताया कि इस अवसर पर 'हमारी साझी विरासत और प्रेमचंद' विषय पर सेमिनार का भी आयोजन किया गया है। सेमिनार में औरंगाबाद, अरवल, गया और पटना के कई साहित्यकार भाग लेंगे।

### दिलीप जायसवाल को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर पूर्व जिलाध्यक्ष ने दी बधाई

**औरंगाबाद ( का.सं.)।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने प्रेस बयान जारी कर भाजपा के वरिष्ठ नेता बिहार विधान परिषद के सदस्य सह भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई और शुभकामना दी है। बधाई देते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि डॉ. जायसवाल बिहार भाजपा के लगातार कोषाध्यक्ष रहे तथा सिक्किम के प्रभारी के साथ-साथ बिहार विधान परिषद में लगातार तीसरी बार निर्वाचित होकर आए हैं। उनके संगठनात्मक एवं राजनीतिक अनुभव का लाभ पार्टी संगठन को मजबूती करने में मिलेगा। एक कर्तव्यनिष्ठ एवं ऊर्जावान कार्यकर्ता को बिहार बीजेपी का प्रदेश अध्यक्ष बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं गृह मंत्री अमित शाह सहित सभी केंद्रीय नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

### जांच में 85 वाहनों पर 88 हजार का जुर्माना लगाया

**औरंगाबाद( का.सं.)।** औरंगाबाद जिला मुख्यालय में पुलिस के द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट और सीट बेल्ट लगाए वाहनों को चलाने के मामले में 48 लोगों से 48 हजार रुपए जुर्माना की वसूली की गई। नो पार्किंग में 26 वाहनों पर 13 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। ट्रिपल राइडिंग में तीन चालकों से तीन हजार रुपए जुर्माना की वसूली की गई। बिना लाइसेंस के वाहन चलाने पर दो वाहन चालकों से 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। यातायात के अन्य नियमों के उल्लंघन में छह वाहनों पर 14 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

---

बुनकरों के लिए सामर्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आरंभ

# 45 दिनों में मिलेगा बुनाई का विशेष प्रशिक्षण

- महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र औरंगाबाद, परियोजना प्रबंधक, तकनीकी पर्यवेक्षक, टेक्सटाइल डिजाइनर, संस्था के संस्थापक और भारी संख्या में महिला बुनकर उपस्थित थे।
- प्रशिक्षण हेतु बुनकर सेवा केंद्र, भागलपुर से एक मास्टर ट्रेनर और दो सहायक ट्रेनर उपस्थित रहेंगे।
- वस्त्र राज्य मंत्री पबित्र मार्घेरिटा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षुओं से किया संवाद

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** शनिवार को औरंगाबाद जिला में स्थित एनएचडीपी के अंतर्गत कार्यरत दो (02) हैण्डलूम कलस्टर नवीनगर एवं कुटुम्बा के बुनकरों के लिए वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित महात्वाकांक्षी प्रशिक्षण कार्यक्रम सामर्थ का शुभारम्भ किया गया।

सामर्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार का एक महत्वकांक्षी प्रशिक्षण कार्यक्रम है। जिसका कियान्वयन एनएचडीपी के द्वारा किया जाता है। इस प्रशिक्षण का उदेश्य प्रशिक्षुओं को बुनाई के कला में निपुनता प्रदान करनी है। सामर्थ प्रशिक्षण में भारत सरकार के वस्त्र राज्य मंत्री माननीय श्री पबित्र मार्घेरिटा द्वारा विडियो कॉनफेसिंग के माध्यम से सभी प्रशिक्षु बुनकरों से संवाद स्थापित किया गया एवं माननीय मंत्री भारत सरकार द्वारा बुनकरों एवं वस्त्र निर्माण में कार्यरत कर्मियों को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया गया और बताया गया कि इस क्षेत्र में प्रगति का असिम संभावाना है। औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा प्रखण्ड में स्थित तिलहारा में निरंजनपुर, डुमरा,जगदीशपुर प्राथमिक कम्बल बुनकर -सह- समिति लिमिटेड में सामर्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुरूआत बुनकर सेवा केन्द्र, भागलपुर के सहायेग से किया गया। महाप्रबंधक द्वारा बतायागया कि इस योजना का उदेश्य बुनकरों को फेमलूम प्रशिक्षण देकर उसके कौशल को बढ़ाना है। ताकि वो कम समय में अधिक उत्पादन कर अपने को आय बढ़ा सके। विदित हो कि इस प्रशिक्षण कार्यकरम में कुल 45 दिनों की प्रशिक्षण दी जाएगी। इसमें सभी बुनकरों को प्रत्येक दिन 300 रूपये की दर से परिश्रमिक की भुगतान की जाएगी। महाप्रबंधक द्वारा बताया गया कि सभी लोग पूरे मेहनत एवं लगन से इस प्रशिक्षण में भाग लें एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाएं। तकनीकी पर्यवेक्षक द्वारा बताया गया कि उक्त प्रशिक्षण हेतु बुनकर सेवा केन्द्र भागलपुर से एक (01) मास्टर ट्रेनर, दो (02) सहायक ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यकम समाप्ति तक उक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रथम बैच में कुल 29 महिला बुनकर को प्रशिक्षण दी जाएगी। सभी बुनकर इस कार्यक्रम के आयोजन से काफी उत्साहित दिखे एवं सभी ने प्रण लिया कि इस प्रशिक्षण कार्यकरम का लाभ लेकर बुनाई के क्षेत्र में अपने कौशल को बढ़ाएंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मो. अफ्फान महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र औरंगाबाद, भारत भू षणशर्मा परियोजना प्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र औरंगाबाद, प्रभात कुमार तकनीकी पर्यवेक्षक बुनकर सेवा केन्द्र भागलपुर, परशून पराग टेक्सटाईल डिजाईनर, संस्था के संस्थापक रामदयाल पाल तथा भारी संख्या में महिला बुनकर उपस्थिति थे।

---

औरंगाबाद में फल-सब्जी विक्रेता संघ का प्रदर्शन

# कार्यपालक पदाधिकारी और नगर अध्यक्ष का फूंका पुतला, जगह मिलने तक जारी रहेगा प्रदर्शन

- न्यायालय के आदेश पर 21 एवं 22 जुलाई को पुरानी पोस्ट ऑफिस के समीप सब्जी मंडी पर बुलडोजर चलाया गया।

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में फल और सब्जी विक्रेता संघ द्वारा नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता और कार्यपालक पदाधिकारी अजीत कुमार का आर्थी जुलूस निकाला गया। शनिवार को अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के पांचवें दिन सब्जी मंडी के पास फल और सब्जी विक्रेता ने नारेबाजी करते हुए पुतला का दहन किया।

जानकारी दे दे की न्यायालय के आदेश पर औरंगाबाद शहर के पुरानी पोस्ट ऑफिस के समीप सब्जी मंडी के उपर 21 एवं 22 जुलाई को बुलडोजर चलाया गया था। इसके बाद 23 जुलाई से फल एवं सब्जी विक्रेता लगातार अनिश्चितकालीन धरना पर हैं। लोगों ने बताया कि जब तक हम लोगों को नगर परिषद द्वारा सब्जी बेचने के लिए जगह नहीं दी जाएगी। तब तक हम लोग अनिश्चितकालीन धरना पर रहेंगे। नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता ने बताया कि जमीन का चयन कर लिया गया है। जल्द स्थान और सब्जी बेचने की जगह सब्जी विक्रेता एवं फल विक्रेता को बता दिया जाएगा। ऐसे नये सब्जी मंडी की जगह की बात पदाधिकारी से दानी बिगहा बस स्टैंड के पास चल रही है। जहां लगभग 100 सब्जी विक्रेताओं को जगह मिल सकती है। एक दो दिन मे सब क्लीयर हो जायेगा।

**क्या है पूरा मामला?**

ज्ञात हो कि 15 जून 2024 को न्यायालय के कर्मचारियों ने सब्जी मंडी को खाली कराने के लिए डुगडुगी बाजाकर नोटिस चिपकाया था। 20 जून तक भूमि को खाली कर कब्जा मुक्त करने का आदेश न्यायालय से दिया गया था। कहा गया था कि खाता संख्या 185 में 26 डिसमिल और 369 में 39 डिसमिल यानी 65 डिसमिल जमीन को खाली कराया जाना है, वैसे यह मामला करीब 40 वर्षों से न्यायिक प्रक्रिया में चल रहा था. इस मामले में डिग्री और दखल देहानी का आदेश संबंधित लोगों को प्राप्त हुआ है, इसके बाद सब्जी मंडी को खाली कराने की प्रशासनिक प्रक्रिया प्रारंभ हुई और खाली काराया गया।

---

# सच्चिदानन्द सिन्हा कॉलेज में रेड रन का आयोजन

- बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना द्वारा बिहार के जोखिम जिलों में एड्स से बचने के लिए जागरूकता अभियान।
- राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए तीन छात्र और तीन छात्राएं चयनित होंगी।

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** शनिवार को सच्चिदानन्द सिन्हा कॉलेज में रेड रन का आयोजन हुआ। आपको बताते चले कि बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति पटना द्वारा बिहार के जोखिम जिलों में एड्स से बचने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके आलोक में रेड रन 2024 का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत प्रत्येक जिले में तीन स्तर पर कार्यक्रम होगा। महाविद्यालय स्तर पर, जिला स्तर पर और राज्य स्तर पर प्रत्येक महाविद्यालय से पांच छात्र एवं पांच छात्रा चयनित होगी, यानी जिला स्तर की प्रतियोगिता में एक महाविद्यालय से 10 प्रतिभागी होंगे। राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए तीन छात्र एवं तीन छात्रा चयनित होंगे। 29 जुलाई 2024 को 11:00 पूर्वाह्न से स्पोर्ट्स ग्राउंड में जिला स्तरीय रेड रन का आयोजन होगा। विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। रेड रिबन क्लब के जिला नोडल पदाधिकारी श्री बहादुर भीम कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से समाज में स्वास्थ्य के प्रति सुचिता आएगी। इस कार्यक्रम में डॉक्टर योगेंद्र कुमार (पीटीआई), डॉ संतोष सुमन (वित्तेक्षक), एनसीसी अधिकारी मनजीत कुमार, प्रवीण दुबे, शशि कांत कुमार, मनोज कुमार (लेखपाल) उपस्थित थे।

---

# किशोर न्याय परिषद ने दो विधि विवादित किशोरों के मामलों को बाल न्यायालय में किया ट्रांसफर

- आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत जधन्य अपराध का आरोप है।

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के किशोर न्याय पर्षद( ज्यूबेनाइल जस्टिस बोर्ड) ने विधि विवादित किशोरों के दो मामलों में आरोपियों की उम्र 16 वर्ष से अधिक और मानसिक रूप से परिपक्व पाए जाने पर आगे की सुनवाई हेतु बाल अदालत को ट्रांसफर किया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि नबीनगर के बहुचर्चित छात्रा हत्याकांड के मामले में नबीनगर थाना में दर्ज प्राथमिकी संख्या-162/24, जेजेबी-1282/24 के दो नाबालिग आरोपियों का आवेदन 01 जुलाई को जेजे बोर्ड में आया था। दोनों विधि विवादित किशोर व किशोरी का वाद दूसरे कोर्ट से पृथक कर सुनवाई के लिए किशोर न्याय परिषद में भेजा गया था। परिषद ने अपनी टीम से दोनों के मानसिक परिपक्वता की जांच कराई। जांच में पाया गया कि ये दोनों मानसिक रूप से पूरी तरह परिपक्व है। इसके बाद परिषद ने यह माना कि दोनों पर लगाया गया भादंवि की धाराओं के तहत लगा आरोप जधन्य है। इस लिए आगे की सुनवाई के लिए मामले को व्यवहार न्यायालय के एडीजे-1 सह बाल न्यायालय के न्यायाधीश के कोर्ट में भेजा जाता है। वहीं एक अन्य मामले मदनपुर थाना कांड संख्या-141/22, जेजेबी-527/24 को भी परिषद ने आगे की सुनवाई के लिए बाल न्यायालय भेजा है। इस मामले में अभियुक्त पर अपनी ही भाभी की हत्या करने का आरोप है। यह वाद 21 अप्रैल 2022 से किशोर न्याय परिषद में चल रहा था। इस मामले में भी आरोपी को मानसिक रूप से परिपक्व पाया गया। अधिवक्ता ने बताया कि बाल न्यायालय में विधि विवादित किशोरों के जधन्य अपराध के मामलों की सुनवाई होती है। जिन विधि विवादित किशोरों की उम्र 16 वर्ष या उससे अधिक होती हैं, उन मामलों में अपराध सिद्ध होने पर किशोर न्याय परिषद से अधिक सज़ा हो सकती है। अभी एडीजे-1 सह बाल न्यायालय के न्यायाधीश की अदालत में 50 से अधिक मामलों की सुनवाई चल रही है।

---

# जेल अधीक्षक को कोर्ट ने किया शोकॉज

**औरंगाबाद (का.सं.)।** औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-3 सुनील कुमार सिंह की अदालत ने अपने यहां निष्पादित वाद में प्राप्त आवेदन पर सुनवाई करते हुए औरंगाबाद मंडल कारा के अधीक्षक को शोकॉज किया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि अभियुक्त कैलाश राम को इसी अदालत द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अभियुक्त को आपराधिक अपील दायर करना है। पूर्व में अभियुक्त द्वारा हस्ताक्षरित वकालतनामा बारिश के पानी से नष्ट हो गया था। इसलिए दुबारा हस्ताक्षर कराने के लिए जेल भेजा गया तो जेल प्रशासन ने अभियुक्त का हस्ताक्षर कराने से इंकार कर दिया। इससे अभियुक्त के अपील के अधिकार की समयावधि बाधित हो रही है। यह कर्तव्यहीनता है।

---

# औरंगाबाद में 20 बीपीएससी शिक्षकों की नौकरी पर लटकी तलवार

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** बिहार लोक सेवा आयोग से बहाल हुए शिक्षक लगातार सेवा से बर्खास्त हो रहे हैं। उनके द्वारा जमा किए गए कागजात में गड़बड़ी मिल रही है। एक बार फिर 20 शिक्षकों पर बर्खास्तगी की तलवार लटकी है। जांच के दौरान 10 शिक्षकों के शैक्षणिक प्रमाण पत्र में गड़बड़ी मिली है। डीपीओ स्थापना दयाशंकर सिंह ने बताया कि 10 शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

वर्ग 11वीं से 12वीं में देव प्रखंड के कमला देवी उच्च विद्यालय खडीहा में कार्यरत प्रिया कुमारी, गोह के एनकेएसएच बैजलपुर की आकांक्षा, बारुण के उत्क्रमित उच्च विद्यालय टहल अंबा की कविता कुमारी, कुटुंबा के आरके उच्च विद्यालय कुटुंबा के गुड़िया कुमारी, रफीगंज के एमएस विद्यालय बरुणा की पूजा कुमारी, औरंगाबाद के उच्च माध्यमिक विद्यालय नौगढ़ के प्रमोद कुमार रवि, नबीनगर के उत्क्रमित उच्च विद्यालय मंझियावां की खुशबू कुमारी, मदनपुर के उच्च माध्यमिक विद्यालय घोड़ाडीहरी की प्रियंका कुमारी, दाउदनगर के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेलवां के राजीव रंजन कुमार एवं वर्ग छह से आठ में एमएस हुंडरही के पूजा वर्मा से स्पष्टीकरण पूछा गया है। डीपीओ ने पत्र में लिखा है कि आप सभी की विद्यालय अध्यापकों की नियुक्ति बिहार लोक सेवा आयोग के विज्ञापन संख्या 27/2023 के आलोक में हुई है। आपके द्वारा उपस्थापित शैक्षणिक-प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्रों के अवलोकन से स्पष्ट है कि आपकी योग्यता विद्यालय अध्यापक के लिए समुचित नहीं है।

---

# महिला की ससुराल में जमकर पिटाई

निज संवाददाता



**जम्होर (औरंगाबाद)।** जम्होर औरंगाबाद जिले के जम्होर थाना क्षेत्र के जोकहरी गांव में घरेलू और दहेज विवाद में पति एवं सास ने मिलकर एक 23 वर्षीय महिला की जमकर पिटाई कर दी। घायल महिला की पहचान जम्होर थाना क्षेत्र के जोकहरी गांव निवासी मुकेश कुमार सिंह की पत्नी ज्योति देवी के रूप में हुई है। जख्मी को सदर अस्पताल औरंगाबाद में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। जख्मी महिला ज्योति कुमारी ने बताया कि वर्ष 2022 में मुकेश के साथ उसका विवाह हुआ था। उस दौरान उसके पिता ने हिंदू रीति-रिवाज विवाह करावाया। उपहार स्वरूप दहेज भी दिया था। शादी के कुछ दिन बाद ठीक-ठाक चला। इसके बाद ससुरालवाले दहेज स्वरूप कुछ रुपयों को लेकर प्रताड़ित करने लगे। घर का कोई भी सदस्य ज्योति की बातों को नहीं सुनता। उसका पति भी अपने माता-पिता के तरफ ही रहता है। ज्योति की एक मासूम बेटी भी है, जिसे वह रखना नहीं चाहता. बार-बार दोनों को घर से बाहर जाने को कहता है। घरेलू बात को लेकर उसके पति व सास ने ज्योति की जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह जख्मी हो गई। घटना के बाद ज्योति ने मायके वालों को सूचना दी। इसके बाद मायकेवाले उसके ससुराल पहुंचे। इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उपचार किया। वैसे ज्योति इलाज के बाद महिला थाना में आवेदन देकर अपने पति व सास के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही हैं।

---

# मांगों को लेकर भाकपा का प्रखण्ड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना



निज संवाददाता

**हसपुरा( औरंगबाद)।** केंद्र तथा राज्य सरकार के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ तथा स्थानीय समस्याओं को लेकर शनिवार को भाकपा व खेत मजदूर यूनियन के तत्वावधान में हसपुरा प्रखंड कार्यालय के पास एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। अध्यक्षता राजकुमार ने की। इस दौरान अंचल मंत्री चंद्रशेखर सिंह, पूर्व प्रखंड प्रमुख नागेश्वर यादव, विजय यादव ने कहा कि केंद्र तथा राज्य में बैठी निकम्मी सरकार जन विरोधी कार्य कर रही हैं। कहा कि पीएम मोदी तथा सीएम नीतीश की एक ही नीति है सिर्फ अपना कुर्सी बचाना। दोनों की सरकार में देश व राज्य के लोग त्रस्त हैं। महंगाई चरम पर है। बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल रहा है।लेकिन इस बार के लोकसभा के चुनाव में जनता ने सबक सिखाया है। अब इस बात को जनता भी समझ चुकी है। कहा कि इस बार पूरी तरह मोदी सरकार को जनता ने नकार दिया है।

---

भारत सरकार के निदेश पर अनुग्रह मध्य विद्यालय में शिक्षा सप्ताह का हुआ शुभारंभ

# युवा अधिवक्ताओं के पैनल ने बच्चों से विधिक विषयों पर किया संवाद

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चौथी वर्षगांठ पर सरकार के निदेश पर शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस आयोजन के द्वारा विभिन्न स्टेकहोल्डर्स को विद्यालय के साथ संबद्ध करना है। शिक्षा सप्ताह के पहले दिन को सामुदायिक सहभागिता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर लॉ वॉलंटियर्स के रूप में विधिक सहायता प्रदान करने में जिले में ख्याति अर्जित कर चुके अधिवक्ता अभिनंदन कुमार, अधिवक्ता स्नेहलता, अधिवक्ता देवकांत कुमार एवं अधिवक्ता कुणाल रंजन ने भारत सरकार के विद्यांजलि योजना के तहत बच्चों से सार्थक संवाद किए। सभी ने विस्तार से चाइल्ड मैरिज एक्ट, जुवेनाइल एक्ट, पॉक्सो एक्ट, बैड एवं गुड टच, पुलिस हेल्पलाइन नंबर आदि कई विषयों पर अर्थपूर्ण जानकारियों को साझा किए। अधिवक्ता स्नेहलता ने विस्तार से लड़कियों को केंद्रित कर कई उपयोगी जानकारियां दीं। डालसा विस्तृत लाभकारी व्यवस्था के बारे में अधिवक्ता अभिनंदन ने बताया। अधिवक्ता देवकांत ने आरटीई, मालिक कर्तव्य, मौलिक अधिकार आदि विषयों की उपयोगी जानकारी बच्चों को दिए। हेडमास्टर उदय कुमार सिंह ने कहा कि चारों अधिवक्ताओं के नाम को को विद्यालय के बच्चों के साथ सार्थक संवाद के लिए शिक्षा सप्ताह के शुभारंभ के अवसर पर विद्यालय के वॉल ऑफ फेम पर अंकित किया गया। हेडमास्टर ने सभी से अपील भी किया कि विद्यांजलि पोर्टल पर स्वयंसेवी बन विद्यालय के विकास में हितधारक के रूप में पंजीकृत हो अपनी क्षमताओं को सार्थकता प्रदान करें। हेडमास्टर ने सभी आगत अधिवक्ताओं को नियमानुसार आभार पत्र भी जारी किया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि सप्ताह के सातों दिन शैक्षिक परिवेश को मजबूत करने वाले विषयों पर दिवस आयोजित किया जाएगा।

---

# डा. अब्दुल कलाम की 9वीं बरसी पर सम्मान समारोह आयोजित

निज संवाददाता

**गोह( औरंगाबाद)।** नेहरू युवा प्रखंड परिषद गोह के तत्वावधान में शनिवार को पेंशनर भवन मे पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम उर्फ मिसाइल मैन की 9वीं बरसी समाजसेवी सह प्रखंड अध्यक्ष अनिरुद्ध विश्वकर्मा उर्फ़ दिलीप कुमार की अध्यक्षता मे मनाई गई।

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि गोह के विधायक भीम कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी डॉ. आरयू कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रेरणा कुमारी, निक्की कुमारी, पायल, अंशु, काजल, छाया, प्रिया कुमारी नें स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया। वही छात्र अमृत कुमार नें साक्षरता गीत से लोगो को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस मौके पर आयोजको ने अतिथियों को फूलो की माला, अंगवस्त्र, मोमेंटो व पौधा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पर विधायक सिंह ने कहा कि कलाम साहब ने एक कुशल वैज्ञानिक और इंजीनियर के तौर पर डीआरडीओ (डीआरडीओ) और इसरो (इसरो) के कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम किया था। एक कुशल वैज्ञानिक और श्रेष्ठ राष्ट्रपति के तौर पर उनके अभूतपूर्व योगदान को देश हमेशा याद रखेगा।

---

# स्वास्थ्य मंत्री ने पंचायत प्रतिनिधियों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (सीथ्री) ने जनसंख्या स्थिरीकरण माह के अवसर पर युवा जोड़ों के लिए प्रतिवर्ती गर्भ निरोधकों पर केंद्रित एक गोलमेज चर्चा बुलाई, जहां बिहार सरकार के माननीय स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने राज्य की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। परिवार नियोजन के बारे में अंतिम छोर तक पहुंच और जागरूकता सुनिश्चित करना। उन्होंने कई पंचायत मुखियाओं और वार्ड सदस्यों को सम्मानित किया जिन्होंने अपनी ग्राम पंचायत में परिवार नियोजन के अभियान को आगे बढ़ाया है। स्वास्थ्य मंत्री ने सीथ्री के 'जोड़ी नंबर 1' अभियान की भी शुरुआत की, जो एक अनूठा डिजिटल जागरूकता अभियान है, जिसका उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों को आकर्षक और इंटरैक्टिव तरीके से परिवार नियोजन और गर्भनिरोधक पर आवश्यक जानकारी के साथ युवा जोड़ों को सूचित करने के लिए जानकारी प्रदान करना है। इस कार्यक्रम में औरंगाबाद जिला के हसपुरा ओबरा एवं दाउदनगर प्रखंड की मुखिया ने अपनी बात रखी और हसपुरा प्रखंड के जैतपुर पंचायत के मुखिया सत्येंद्र पासवान ओबरा प्रखंड के सोनहुली पंचायत की मुखिया गीता देवी एवं सरसौली पंचायत के वार्ड सदस्य कुसुम देवी तथा दाउदनगर प्रखंड के तरारी पंचायत की मुखिया अंजुम आरा ने फ्रंटलाईन कार्यकर्ताओं के सहयोग से समुदाय की महिलाओं के बीच परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बनाने में पंचायत मुखियाओं की अहम भूमिका चित्रित करते हुए कहा, हम पंचायतों में जब तक पंचायत प्रतिनिधियों और फ्रंटलाइन कर्मी के समन्वय के साथ कार्य नहीं करेंगे तब तक हम परिवार नियोजन सदस्यों की पूर्ति नहीं कर पायेंगे । अपने कामों का जिक्र करते हुए पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि किस तरह पंचायत में परिवार नियोजन परामर्श को सुनिश्चित कर सास बहू सम्मेलन के माध्यम से परिवार नियोजन पर सास बहू को जागरूक करना एवं संसाधनों का वितरण सुनिश्चित करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि आज के समय को देखते हुए महिलाओं से ज्यादा पुरुषों को परिवार नियोजन पर जागरूक होना जरूरी है।

---

# भाकपा ने किया प्रखंड सह अंचल कार्यालय प्रदर्शन

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड सह अंचल परिसर में बिहार राज्य खेत मजदूर यूनियन एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संयुक्त आह्वान पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। अध्यक्षता पार्टी के अंचल मंत्री रामस्वरूप यादव ने की जबकि संचालन खेत मजदूर यूनियन के जिला उपाध्यक्ष सह कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र पासवान ने किया। अंचल मंत्री ने कहा कि हमारा देश दोराहे पर खड़ा है। पिछले 10 वर्षों में आजादी की लड़ाई के दौरान निर्मित व्यापक राष्ट्रीय विरासत को क्षत विक्षत कर हिंदुस्तान में हिटलर और मुसोलिनी के इतिहास के दुहराने की कोशिश जारी है।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगे.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433